शनिवार
21 सितंबर 2024

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



लालू यादव पांच-पांच मामलों में सजायाफ्ता के बाद भी राष्ट्रीय अध्यक्ष

2



## खबरें फटाफट

### कैंसर से जिंदगी की जंग हारे वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश



वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का शुक्रवार को निधन हो गया। वो गंभीर बीमारी कैंसर से लड़ रहे थे। साल 2021 के जनवरी महीने में रवि प्रकाश को लंग कैंसर होने की बात पता चली थी। इसके बाद इस घातक बीमारी से लड़ने की उनकी जंग शुरू हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं ने रवि प्रकाश के निधन पर शोक व्यक्त किया है। रवि प्रकाश को इसी महीने वर्ल्ड लंग कैंसर कांफ्रेंस में पेशेंट एडवोकेट एजुकेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। ये पुरस्कार समारोह अमेरिका के सैन डिएगो में सात सितंबर से शुरू हुआ था। इस साल ये पुरस्कार पाने वाले वह भारत के इकलौते व्यक्ति थे। लंग कैंसर पर काम करने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर हर साल यह पुरस्कार विश्व के उन चुनिंदा लोगों को देती है, जो अपने-अपने देश में मरीजों की आवाज बन चुके हैं।

### बीपीएससी में 1964 पदों पर निकली भर्ती

**पटना।** बीपीएससी 70वीं कंबाइंड परीक्षा का विज्ञापन जारी कर दिया गया है। 1964 पदों पर भर्ती निकली है। वेबसाइट पर इसका नोटिफिकेशन रविवार तक जारी किया जाएगा। आरक्षण को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। फैसला आने के बाद प्रीलिम्स का रिजल्ट जारी किया जाएगा। परीक्षा में तीन प्रश्नों के गलत जवाब देने पर एक सही आंसर का अंक कट जाएगा। पहले चार गलत जवाब देने पर एक सही आंसर का अंक काटा जाता था।

## सीएम नीतीश कुमार ने सहरसा के कहरा प्रखंड स्थित मां विषहरा भगवती मंदिर का किया लोकार्पण

# हर साल होगा विषहरा महोत्सव का आयोजन: नीतीश

- सीएम नीतीश कुमार ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की
- मंदिर के परिसर का भ्रमण कर विकास कार्यों का लिया जायजा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सहरसा के कहरा प्रखंड के ग्राम पंचायत दिवारी स्थित प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग की तरफ से अब हर साल यहां विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के परिसर का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया और मंदिर परिसर स्थित तालाब में मछली का जीरा छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण बेहतर ढंग से किया गया है। अब यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी, यहां आकर उन्हें अच्छा लगेगा।





### यहां ब्राह्मण नहीं, नाई समाज के लोग कराते हैं पूजा

मां विषहरा भगवती अपने आप में अनोखा है। इस मंदिर में ब्राह्मण नहीं, बल्कि नाई समाज के लोग पूजा कराते हैं। दरअसल, सहरसा जंक्शन से पांच किलोमीटर दक्षिण व सोनवर्षा कचहरी स्टेशन से पांच किलोमीटर उत्तर दिवारी गांव में देवी का यह मंदिर अतिप्राचीन है। मान्यता है कि यहां भगवती की पांचों बहन एक साथ विद्यमान हैं। प्राचीन काल में यह मंदिर फूस की झोपड़ी में था। बाद में भक्तों ने ईंट व खपरैल का एक छोटा सा घर बना उसे मंदिर का रूप दे दिया। लोगों की श्रद्धा बढ़ती गई और अब यह अति विशाल और आकर्षक मंदिर का रूप ले चुका है। मंदिर परिसर में एक बड़े और सुसज्जित तालाब का भी निर्माण कराया गया है। स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव के प्रयास से मंदिर परिसर में विवाह भवन, यात्री शेड और बैठकी का निर्माण कराया गया है। यहां प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा यहां नेपाल और भूटान तक के श्रद्धालु आते हैं। मान्यता है कि देवी भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती है।

### मंदिर का जल पिलाने से सांप या बिच्छू का जहर नहीं चढ़ता

बताया जाता है कि यहां का नीर पिलाने से सांप या बिच्छू का जहर नहीं चढ़ता है। इस भगवती मंदिर की एक मान्यता यह भी है कि अगर किसी को कोई सर्प या बिच्छू डस लेता है, तो मैया को चढ़ाया गया नीर (जल) पिलाने से विष नहीं चढ़ता है। पुजारी बताते हैं कि यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पहले से है। इस जगह को आदि शक्ति भी कहा जाता है। आदि शक्ति मां भगवती विशाला विष की मालिक हैं। वे बताते हैं कि यहां विराजमान देवी पांच बहनें हैं, जिनके नाम दूतला देवी, मनसा देवी, मां भगवती, विषहरा और पायल देवी हैं। कहा जाता है कि दुनिया का यह पहला मंदिर है, जहां पांच बहनें एक साथ विराजमान हैं। हर साल इस भगवती स्थान में भव्य मेले का भी आयोजन होता है। इस मंदिर में जो भी व्यक्ति हाजिरी लगा देता है, उसकी मन्नत जरूर पूरी होती है। विषहरा भगवती मंदिर का खास आकर्षण मंदिर का नायाब स्थापत्य है। शिखरबद्ध संरचना वाले इस मंदिर में एक एक से अधिक प्रवेश द्वार है जो इसे विशेष स्वरूप प्रदान करता है। मंदिर की बाहरी दीवारों और संरचनाओं पर कई देवी- देवियों के आकर्षक शिल्प उकेरे गए हैं।

### कोसी नदी पर आरसीसी पुल का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहरा प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत अमरपुर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने 414.74 करोड़ रुपये की लागत से सहरसा जिला के खजुर देवा चौक से डेंग राही घाट के बीच कोसी नदी पर आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही 5.67 करोड़ रुपए की लागत से सहरसा जिला में निर्मित होनेवाले मॉडल थाना भवन का भी शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।

**पोखर किनारे सीढ़ीनुमा घाट बनाने का निर्देश:** जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पंचायत सरकार भवन अमरपुर के पास स्थित सरकारी पोखर के उड़ाही कार्य का भी मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पोखर में मछली का जीरा भी छोड़ा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस सरकारी पोखर के किनारे सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं तथा इसके चारो तरफ सघन वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के माध्यम से सरकारी तालाबों का जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण कराया है।

## बडगाम में सेना की बस खाई में गिरी, तीन जवान शहीद

**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के ब्रेल वाटरहेल इलाके में एक बस के पहाड़ी सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से 32 बीएसएफ कर्मी घायल हो गए। इसमें तीन की जान चली गई। इस हादसे में बस का चालक भी घायल हो गया। सभी की ड्यूटी चुनाव में लगी थी। दुर्घटना में 35 बीएसएफ कर्मियों के अलावा एक नागरिक चालक भी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर में मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के ब्रेल वाटरहेल इलाके में हुई। चुनाव ड्यूटी में लगी एक बस के पहाड़ी सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। गंभीर रूप से घायल होने के कारण सीमा सुरक्षा बल के तीन कर्मियों की जान चली गई। घायलों में छह को गंभीर चोट आई है।



यह दर्दनाक हादसा उस वक्त पर हुआ जब बस 2024 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए पुलवामा से बडगाम सैनिकों को ले जा रही थी। बस खान साहिब वाटरहोल पुलिस चौकी जा रही थी। लगभग शाम 5 बजे बस पुलिस चौकी से मात्र 600 मीटर की दूरी पर एक खाई में गिर गई। आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। घायलों को खान साहिब और बडगाम के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बडगाम में हादसे का शिकार हुए बीएसएफ कर्मी चुनाव ड्यूटी पर ही थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हरियाणा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर फायरिंग

**पंचकूला।** हरियाणा में चल रहे चुनाव प्रचार के बीच पंचकूला जिले की कालका सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के काफिले पर फायरिंग हुई है। फायरिंग की इस घटना को तीन अज्ञात लोगों ने अंजाम दिया है। इस घटना में प्रदीप चौधरी के दो समर्थक घायल हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक यह घटना उस वक्त हुई जब प्रदीप चौधरी रायपुर रानी इलाके के नजदीक चुनाव प्रचार कर रहे थे। हरियाणा में 5 अक्टूबर को एक ही चरण में राज्य की 90 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होना है और नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

## आज से काम पर लौटेंगे जूनियर डॉक्टर, बंद रहेंगी ओपीडी सेवाएं

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में दुष्कर्म-हत्या के बाद शुरू हुई जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म हो गई है। आक्रोशित जूनियर डॉक्टर शनिवार से काम पर लौटेंगे। जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल खत्म करने की घोषणा के बाद से गतिरोध खत्म हो जाएगा। हालांकि, इसके बावजूद ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। डॉक्टरों ने कहा है कि आपातकालीन सेवाएं बहाल होंगी।

सूत्रों के मुताबिक सरकार ने जूनियर डॉक्टरों की 15 में से 10



मांगों को मान लिया है। बता दें कि है कि बुधवार को नबन्ना में मुख्य सचिव से चर्चा के बाद जूनियर डॉक्टरों ने पंद्रह मांगों के संबंध में उन्हें ई-मेल किया था। उस ईमेल का जवाब शनिवार शाम को आया। स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने ईमेल करके राज्य प्रशासन की तरफ से 10 मांगों को पूरा करने पर सहमति दी है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने आईटी एक्ट संशोधन को किया खारिज, फैक्ट चेक यूनिट को बताया असवैधानिक

**एजेंसी/मुंबई**

बंबई उच्च न्यायालय ने सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों का पता लगाने का प्रावधान करने वाले संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों को शुक्रवार को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया। जनवरी में एक खंड पीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित निर्णय दिया था, जिसके बाद एक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर के पास इस मामले को भेजा गया था। न्यायमूर्ति चंदुरकर ने शुक्रवार को कहा कि ये नियम संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं। न्यायाधीश ने कहा, मैंने इस मामले पर गहनता से विचार किया है। विवादित नियम संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 19 (वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और 19(1)(जी) (व्यवसाय की स्वतंत्रता और अधिकार) का हनन करते हैं। उन्होंने कहा कि नियमों में फर्जी, झूठा और भ्रामक अभिव्यक्ति किसी परिभाषा के अभाव में अस्पष्ट और इस तरह गलत है। इस फैसले के साथ, उच्च न्यायालय ने हास्य कलाकार कुणाल कामरा और अन्य द्वारा नये नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को स्वीकार कर लिया।

**ये नियम सेंसरशिप' के समान:** इन नियमों में, सरकार के बारे में फर्जी या झूठी सामग्री की पहचान करने के लिए एक तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) स्थापित करने का प्रावधान भी शामिल है। जनवरी में न्यायमूर्ति गौतम पटेल और एन. गोखले की खंडपीठ द्वारा खंडित फैसला सुनाए जाने के बाद आईटी नियमों के खिलाफ याचिकाएं न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास भेज दी गई थीं। न्यायमूर्ति पटेल ने कहा था कि ये नियम ह्यसेंसरशिप' के समान हैं, लेकिन न्यायमूर्ति गोखले ने कहा था कि इनका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

## लालू यादव के खिलाफ केस चलाने के लिए सीबीआई को मिली मंजूरी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लैंड फॉर जॉब स्कैम में गृह मंत्रालय ने सीबीआई को लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने यह जानकारी राऊज एवेन्यू कोर्ट में दी है। सीबीआई ने इस मामले में लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की अनुमति मांगी थी। इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 सितंबर को नौकरी के बदले जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। उन्हें 7 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है।

जमीन के बदले नौकरी के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 सितंबर को लालू प्रसाद यादव और उनके बेटों तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव समेत कई प्रमुख लोगों को समन जारी किया है। यह पहला मौका है जब तेज प्रताप यादव को इस मामले में बुलाया गया है। कोर्ट ने कहा कि तेज प्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, शुरूआत में उनके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल नहीं किया गया था, लेकिन वे एके इंफोसिस लिमिटेड में निदेशक थे और अब उन्हें तलब किया गया है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना' के एक साल पूरे होने पर महाराष्ट्र के वर्धा में जनसभा को किया संबोधित

# पीएम मोदी बोले... कांग्रेस में नफरत का भूत घुस गया है

**एजेंसी/मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस में नफरत का भूत घुस गया है और उसे सबसे भ्रष्ट पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि उसे टुकड़े-टुकड़े गिरोह या विभाजनकारी तत्व और शहरी नक्सली चला रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि 138 साल पुराना यह संगठन गणपति पूजा से भी नफरत करने लगा है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही मोदी ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के नयी दिल्ली स्थित घर में भगवान गणेश की



पूजा की थी, जिस पर राजनीतिक विरोधियों ने उनकी आलोचना की मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना' के एक साल पूरे होने पर महाराष्ट्र के वर्धा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज आप जिस कांग्रेस को देखते हैं, यह वह पार्टी नहीं है जिसके साथ महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्ति जुड़े थे। मोदी ने कहा, कांग्रेस में नफरत का भूत घुस गया है। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा अंतिम सांस ले चुकी है। मोदी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा विदेश में दिए गए भाषणों में उनके भारत विरोधी एजेंडे पर भी बात की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना यह बात की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के सहयोगी दल, जिनमें शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं, चुप रहे और उन्होंने गणपति बप्पा के अपमान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने इस साल के अंत में महाराष्ट्र में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के स्पष्ट संदर्भ में कहा, महाराष्ट्र में, हमें उनके दोहरे चरित्र को लेकर सचेत रहना होगा।" मोदी ने कहा, झूठ और विश्वासघात कांग्रेस की पहचान हैं और महाराष्ट्र के लोगों को पार्टी से सावधान रहना चाहिए। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने किसानों का इस्तेमाल केवल राजनीति और भ्रष्टाचार के लिए किया है।

उन्होंने कहा, हमें उस कांग्रेस को एक और मौका नहीं देना चाहिए, जिसने किसानों को बर्बाद कर दिया। झूठ और विश्वासघात कांग्रेस की पहचान हैं। कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना में अपने चुनावी वादे पूरे नहीं किए।



# लालू पांच-पांच मामलों में सजायाफ्ता के बाद भी राष्ट्रीय अध्यक्ष

♦ राजद की पूरी राजनीति ही अपराधियों और बाहुबलियों की बुनियाद पर टिकी है

**केटी न्यूज/पटना**

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय राष्ट्रीय जनता दल और लालू प्रसाद यादव पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि अपराधियों और बाहुबलियों से राजद को कभी परहेज नहीं रहा है। राजद की पूरी राजनीति ही अपराधियों और बाहुबलियों की बुनियाद पर टिकी रही है। 05 जुलाई, 1997 को राजद के गठन के बाद से ही चारा घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के पांच-पांच मामलों में सजायाफ्ता लालू यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। जिस दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष ही सजायाफ्ता हो, उसे भला अपराधियों से गुरेज कैसे हो सकता है। मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार के लोग आज भी नहीं भूले हैं कि लालू यादव किस तरह से तेल पिलावन, लाठी घुमावन रैली और लाठी रैला के जरिए अपने दबंगों, बाहुबलियों और अपराधियों का बेशर्म नुमाईश करते और बिहारवासियों में दहशत पैदा करते थे। 30 अप्रैल, 2003 वह काला दिन था जब पटना में तेल पिलावन, लाठी घुमावन रैली राजद ने आयोजित की थी और उसी दिन पटना से सटे खगौल में भाजपा के वरिष्ठ नेता



सत्यनारायण सिन्हा की सरेशाम हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में राजद के बाहुबली नेता रीतलाल यादव आरोपित किए गए थे। मंगल पांडे ने कहा कि सत्ता बचाये रखने के लिए लालू ने हिस्ट्रिसिटर अपराधियों को राजनीति में एंट्री दी है। राजद के कई नेताओं के गिनाये नाम, कहा- सभी थे अपराधी मंगल पांडेय ने कहा कि लालू-राबड़ी राज की यह कोई पहली राजनीतिक हत्या नहीं थी। इसके पहले अजीत सरकार, देवेंद्र दुबे, बृजबिहारी प्रसाद की हत्या की लंबी श्रृंखला है।अपराधियों के राजनीतिक संरक्षण का ही नतीजा था कि एक दर्जन से ज्यादा बाहुबली विधायक बन कर राजद सरकार के पक्ष में खड़े रहे। मोहम्मद शहाबुद्दीन दर्जनों हत्या, अपहरण और लूट के मामलों में सजायाफ्ता व आरोपित होने के बावजूद राजद के मुख्य नीति निर्धारक समिति के सदस्य बने रहे। बिहार की राजनीति में जहां वर्षों तक लालू प्रसाद के संरक्षण में उनके दोनों साले साधु और सुभाष यादव का आतंक बना रहा, वहीं नाबालिग से रेप के आरोपित राजबल्लभ यादव, बाहुबली सुरेंद्र यादव, रामानंद यादव, टाल क्षेत्र के आतंक दुलारचंद यादव, बिंदी यादव, पप्पू यादव, ददन पहलवान, बालू माफिया अरुण यादव आदि भी लालू यादव के करीबी बने रहे। अपराध की दुनिया से राजद की राजनीति में आए ऐसे लोगों की एक लंबी सूची है।

# हत्या के मामले में राजद नेत्री बीमा भारती के घर पर पुलिस ने की कुर्की

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

पूर्णिया के रुपौली विधानसभा से पांच बार विधायक रहीं बीमा भारती की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुलिस ने उनके रूपौली विधानसभा के भिट्ठा स्थित घर पर कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। पूर्णिया के चर्चित गोपाल यादुका हत्याकांड में बीमा भारती के पति अवधेश मंडल और बेटे राजा पर आरोप है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि हत्याकांड में नाम आने के बाद से बीमा भारती का बेटा राजा फरार है, जबकि पति अवधेश मंडल ने बीते 5 अगस्त को ही



सिविल कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर दिया था। इसके बाद से ही कुख्यात अवधेश मंडल जेल में बंद हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से राजद नेतृत्व में भी खलबली मची हुई है। बीमा भारती के समर्थकों में आक्रोश है, और वह पुलिस की कार्रवाई को राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बता रहे हैं।पुलिस का कहना है कि आरोपी राजा की गिरफ्तारी के लिए रूपौली पुलिस पहले गिरफ्तारी वारंट हासिल कर चुकी थी, पर वो फरार था। इसलिए पुलिस ने कोर्ट से कुर्की के इश्तेहार के लिए आदेश मांगा था। कोर्ट से कुर्की का आदेश मिलते ही पुलिस ने 3 जुलाई की शाम बीमा भारती के आवास पर इश्तेहार चिपकाया था। इस मामले में गिरफ्तार चारों आरोपी विकास कुमार, ब्रजेश यादव, संजय भगत और विशाल राय को 48 घंटे के रिमांड पर लिया था।

## जहानाबाद से अरवल के कुर्था जाने के दौरान हुआ हादसा, चालक बंधक

# जहानाबाद में श्रम विभाग की गाड़ी ने तीन लोगों को रौंदा, दो की मौत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

बिहार में सड़क हादसे के मामले में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। राज्य के अंदर आए दिन लोगों की सड़क हादसे में जान जा रही है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला जहानाबाद से निकल कर सामने आ रहा है। जहां श्रम विभाग की गाड़ी ने तीनों को कुचल दिया। जहां चालक के भागने पर ग्रामीणों ने उसे बंधक बना लिया। वहीं, अब मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में श्रम विभाग की गाड़ी ने तीन लोगों को रौंद दिया। जिससे एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। इस घटना में घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, घटना से नाराज ग्रामीणों ने चालक को बंधक बनाते हुए पेड़ में रस्सी से बांध दिया। इसके बाद पुलिस बड़ी मशक्कत के बाद उसे बंधन से मुक्त कराया। अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि श्रम विभाग के अधिकारी प्रवीण कुमार अपनी गाड़ी से जहानाबाद से अरवल के कुर्था जा रहे थे। उसी वक्त आलमपुर गांव के पास उनके ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सवार दो युवक को धक्का मार दी। इससे विक्रम और कर्ण नाम के दो युवक घायल हो गए जिसमें इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना के बाद तेज रफ्तार में गाड़ी भगाने के क्रम में ड्राइवर ने आगे थोड़ी दूर पर चैनपुरा गांव के समीप घर के आगे खड़ी महिला को रौंद दिया। इसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। इधर, घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायल महिला को शकुराबाद अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, इलाज के दौरान महिला धमंती देवी और युवक कर्ण की मौत हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने चालक धर्मेंद्र कुमार को बंधक बनाते हुए पिटाई कर दी और पेड़ में बांध दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और ग्रामीणों के चंगुल से ड्राइवर को मुक्त कराया। पुलिस अपने साथ ड्राइवर को लेकर थाना चली गई। पुलिस ने गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की छानबीन करने में जुटी है।



### वाहन चालक को आक्रोशित भीड़ से छुड़ाने में पुलिस के छूटे पसीने

जहानाबाद में श्रम विभाग के अधिकारी की गाड़ी ने तीन लोगों को रौंद दिया जिससे एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, श्रम विभाग के अधिकारी प्रवीण कुमार अपनी गाड़ी से जहानाबाद से अरवल के कुर्था जा रहे थे । इसी दौरान गाड़ी चलाते हुए उनके ड्राइवर से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सवार दो युवकों को भीषण टक्कर मार दी। जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना के बाद ड्राइवर ने तेज रफ्तार में गाड़ी को भगाया। जिससे आगे जाकर चैनपुरा गांव के घर के पास खड़ी महिला को कुचल दिया। इसके बाद महिला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, इलाज के दौरान महिला की भी मौत हो गई। इधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्राइवर धर्मेंद्र कुमार को पेड़ के साथ बांधकर जमकर पीटा। इधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और ग्रामीणों की गिरफ्त से ड्राइवर को छुड़ाने का अथक प्रयास किया। आक्रोशित भीड़ को समझाने में पुलिस को पसीने छूट गये। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ड्राईवर को थाने ले गई। साथ ही पुलिस ने गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

# मॉब लिंचिंग : चोरी के आरोप में तीन युवकों को पीटा, एक की मौत

♦कोढ़ा थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के वार्ड संख्या चार में साइकिल चोरी के आरोप में हुई जमकर धुनाई



**केटी न्यूज/कटिहार**

बिहार के कटिहार से एक सनसनीखेज मामला निकल कर सामने आ रहा है। जहां चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने तीन युवकों की पिटाई कर दी। जिसमें एक की मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। फिलहाल घटना को लेकर नजदीकी पुलिस थाने को सुचना दे दी गई है। जानकारी के अनुसार, जिला के कोढ़ा थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के वार्ड संख्या चार में साइकिल चोरी के आरोप में आक्रोशित भीड़ ने तीन लोगों को पीट-पीट कर घायल कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही कोढ़ा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर तीनों जख्मियों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गया। वहीं दो अन्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि झिकटिया निवासी नारायण ऋषि टोला का 45 वर्षीय पंचलाल ऋषि अपने दोस्त के साथ फुलवरिया दास टोला गया था। जहां पर ग्रामीणों ने मनोज दास का साइकिल चोरी का आरोप लगाकर भीड़ ने जम कर पिटाई शुरू कर दी। जिससे पंच लाल ऋषि समेत कुल तीन लोगों का हाथ बांधकर रखा था। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस पदाधिकारी ने गंभीर स्थिति में तीनों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां एक व्यक्ति का इलाज के दौरान मौत हो गयी और दो व्यक्ति की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं, डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति को गंभीर देखते हुए दोनों युवक को पूर्णिया रेफर कर दिया गया। घायलों में पोखर टोला के बिट्टू रिषी, बड़ी भैसदीरा विलास रिषी शामिल है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया है। उधर, इस घटना को लेकर मृतक की पत्नी आशा देवी ने बताया कि सुबह घर में ही था। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में धूप होने के कारण ग्रामीण किसी हरे वृक्ष के नीचे गर्मी से बचने के लिए जाते हैं हमें यही पता था 12 बजे के आसपास हमने खाना खाने के लिए खोज बिन शुरू किया तो हमें कुछ पता नहीं चला।

## एक नजर

### निगरानी टीम ने दारोगा और चौकीदार को 18 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ दबोचा



**रक्सौल।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने एक केस में मैनेज करने के लिए अठारह हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी रक्सौल थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक संजीवन पासवान और चौकीदार रोहित पासवान हैं। इनकी गिरफ्तारी नागा रोड, वार्ड नं0-22 स्थित बच्चा गिरी के घर के द्वितीय तल के किराये के एक मकान से रंगे हाथ की गई है। इस मामले में विशेष रूप से जानकारी देते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारी ने बताया कि पश्चिम चम्पारण जिला के गौनाहा थाना क्षेत्र के माधोपुर बैरिया निवासी मनोज सिंह के पुत्र विपुल सिंह परिवादी हैं। उन्होंने 31 जुलाई को शिकायत दर्ज कराया था कि आरोपी दारोगा संजीवन पासवान और चौकीदार रोहित कुमार दोनों रक्सौल थाना में 3 अप्रैल 2024 को दर्ज किये गये कांड सं0-113/24 में से परिवादी के पिताजी का नाम कटवाने और केस डायरी में मदद करने के लिए बीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की गई, जिसमें परिवादी की शिकायत का सत्यापन कराया गया। आरोप सही पाये जाने के बाद उपरोक्त कांड अंकित कर अनुसंधानकर्ता पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

### चरस सप्लाई करने जा रहा तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी।** मोतिहारी में सुगौली के सरगम रोड पर पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा में चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर रसूल आजम के पिट्ठू बैग से 14 किलो 530 ग्राम चरस लेकर स्टेशन की तरफ जा रहा था। एसपी ने बताया कि एएसपी शिखर चौधरी और पुलिस अंचल निरीक्षक अशोक कुमार पाण्डेय और थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी कर तस्कर को पकड़ लिया गया। बरामद चरस की कीमत 43 लाख 59 हजार आंकी गई है। सूचना मिली कि सुगौली के सरगम सिनेमा रोड से मोटरसाइकिल से एक तस्कर जा रहा है, जिसके पास भारी मात्रा में चरस है। थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ छापामारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# सड़क हादसे में महिला समेत दो की दर्दनाक मौत, गुस्साए लोगों ने सड़क को किया जाम

**केटी न्यूज/मुंगेर**

गाड़ियों की तेज रफ्तार की चपेट में आकर हर दिन लोग मौत के शिकार हो रहे हैं। ताजा घटना मुंगेर का है, जहां दो अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। घटना से नाराज लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया और जमकर हंगामा मचाया। पहली घटना में मुंगेर कासिम बाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी 69 वर्षीय बुजुरुग शख्स की सड़क हादसे में जान चली गई। मृतक शख्स पुलिस लाइन के समक्ष चाय की दुकान चलाता था। बीती शाम जब वह कौड़ा मैदान सब्जी लाने जा रहा था, तभी पीछे से आ



रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद डाला। जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। नाराज ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर अम्बे चौक को बांस बल्ला लगाकर जाम कर दिया। मुआवजे और ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। हंगामें की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस और बीडीओ ने आक्रोशित लोगों को समझा बूझाकर शांत कराया। दूसरी घटना में जमुई के सकदाहा निवासी 52 वर्षीय रेणु देवी की जान चली गई। रेणु देवी अपने पति के साथ दवा लाने के लिए मुंगेर के कल्याणपुर आई थी। दवा खरीदने के बाद वह देर शाम लौट रही थी, तभी बरियारपुर-खड़गपुर मुख्य मार्ग के परसंडो के पास ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। इलाज के लिए पटना ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई।

## डॉक्टरों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू

**पटना।** नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ। डॉक्टरों का दो दिवसीय सम्मेलन ऐसे कई वाकये सामने आये हैं, जब कोई मरीज किसी अस्पताल में अपना इलाज कराने जाता है और वहां किसी और इन्फेक्शन का शिकार हो जाता है। मरीजों को इस खतरे से बचाने के लिए डॉक्टरों ने पहल की है। पूरे देश के डॉक्टर पटना के बिहटा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जुटे हैं, समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के वीसी एस. एन. सिन्हा ने कहा कि अस्तपपाल में होने वाला इंफेक्शन चिकित्सा जगत के लिए बेहद चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए नई रणनीति तैयार करनी होगी। चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहे हैं।

## पुलिस का बैच, वर्दी, बाइक और खिलौने के पिस्तौल के साथ एक गिरफ्तार

# महज दो लाख रुपये में बन गया आईपीएस अधिकारी

**केटी न्यूज/ जमुई**

जमुई में पुलिस ने एक फर्जी आइपीएस को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार फर्जी आईपीएस के पास से पुलिस ने एक आरएस 200 पल्सर बाइक और खिलौने के एक पिस्टल तथा कई दस्तावेज भी बरामद किया है। गिरफ्तार फर्जी आईपीएस की पहचान लखीसराय जिले के हलसी थाना अंतर्गत गोवर्धन बीघा निवासी बबलू मांझी के पुत्र मिथिलेश कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस फर्जी आइपीएस से सख्ती से पूछताछ कर रही है। यह गिरफ्तारी सिकंदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरा चौक के पास की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि शुक्रवार को सिकंदरा-जमुई रोड स्थित जिला परिषद अध्यक्ष आवास के आगे से सिकंदरा पुलिस ने संदिग्ध रूप से घूम रहे एक फर्जी आईपीएस को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक से पूछताछ के क्रम में पता चला कि वह लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोवर्धन बीघा गांव निवासी भगलु मांझी का पुत्र मिथलेश मांझी है। इस



दौरान पुलिस ने उसके पास से एक आरएस 200 पल्सर बाइक भी जब्त किया है। साथ ही युवक के पास से 2 लाख का फर्जी चेक, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं एक मोबाइल सहित एक खिलौने वाला पिस्टल को जब्त किया है। फिलहाल सिकंदरा पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। जमुई पुलिस से पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आईपीएस ने बताया कि जमुई जिले के खैरा निवासी मनोज सिंह नाम के व्यक्ति ने दो लाख रुपया लेकर वर्दी और नकली पिस्टल उपलब्ध कराया है। बाइक के संबंध में आईपीएस ने बताया कि कुछ महीने पहले उसकी शादी हुई थी, जिसमें उसे दहेज के रूप में बाइक मिला था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अब मनोज सिंह के बारे में जानकारी ली जा रही है, बहुत जल्द उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। मिथिलेश मांझी के बताये ठिकाने व पहचान के आधार पर जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए विशेष टीम का गठन किया है। वहीं इस घटना के बाद तरह-तरह की चर्चा हो रही है।



# घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में की जा रही कुष्ठ की जांच

♦ दो अक्टूबर तक पूरे जिले में चलेगा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत आगामी दो अक्टूबर तक घर घर जा कर कुष्ठ के नए रोगियों की खोज की जा रही है।

जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सौरभ राय ने बताया, अभियान को लेकर एक हजार की आबादी पर एक टीम बनाई गई है। इसके लिए 1429 टीम को लगाया गया है। साथ ही, अभियान में 71 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जो क्षेत्र में आशा कार्यकताओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे। टीम में एक पुरुष और एक महिला (आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सेविका) को रखा गया है। पुरुष की जांच पुरुष करेंगे, जबकि आशा महिला की जांच करेंगी। महिला सदस्य के रूप में आशा कार्यकर्ता या फिर आंगनबाड़ी सेविका या सहायिका का चयन किया गया है। वहीं, अभियान के दौरान मिले नए कुष्ठ मरीजों के संपर्क या आसपास रहने वाले लोगों को भी रिफाम्पिसिन की गोली खिलाई जाएगी।




### गंभीर कुष्ठ रोगियों को किया जाता है रेफर

डॉ. सौरभ राय ने बताया कि अभियान के दौरान अगर कोई ज्यादा गंभीर मरीज मिलता है, तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा जाएगा। इलाज में मरीज को किसी भी तरह का खर्च नहीं आएगा। साथ ही इलाज के दौरान उन्हें जो आर्थिक नुकसान होगा, उसकी भरपाई के लिए आठ हजार रुपये सहायता राशि भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रेड दो के मरीज जो कि कुष्ठ होने की वजह से कोई भी काम करने में सक्षम नहीं हैं, प्रशासनिक स्तर पर उन्हें 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन भी दिया जाता है। साथ ही, ग्रेड एक और दो के मरीजों को सेल्फ केयर किट और एमसीआर चप्पल उपलब्ध कराया जाता है।

**नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर होगा इलाज :** सदर पीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण किया गया। जिसमें पीएमडब्ल्यू नागेश कुमार दत्त ने आशाओं को अभियान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान टीम के सदस्य यदि किसी के शरीर पर दाग या धब्बा पाए जाने पर उनसे तीन सवाल करेंगे। पहला सवाल यह होगा कि दाग जन्म से तो नहीं है। दूसरा सवाल होगा कि दर्द भी रहता है या नहीं। वहीं, तीसरा सवाल होगा कि खुजलाहट होती है या नहीं। अगर कुष्ठ के लक्षण वाले मरीज मिले तो उसकी जांच की जाएगी। जांच में कुष्ठ होने पर स्थानीय सरकारी अस्पताल में उसका इलाज कराया जाएगा। अगर मामला गंभीर हुआ तो जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय में उस मरीज को रेफर करने किया जाएगा। मौके पर सदर प्रखंड के स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### डीएम ने अक्टूबर तक 100 प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी पूर्ण करने का दिया निर्देश



**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में आपूर्ति चयन समिति एवं आपूर्ति टॉस्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। जिलाधिकारी ने आपूर्ति विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों ई-केवाईसी, ऑनलाईन राशन कार्ड निर्गमन, खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को माह सितम्बर की समाप्ति तक 80 प्रतिशत एवं माह अक्टूबर तक शत प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को नये राशन कार्ड बनाने हेतु ऑनलाईन प्राप्त आवेदन प्रपत्र क एवं नाम सुधार, नाम जोड़ने व नाम हटाने हेतु प्रपत्र ख में प्राप्त आवेदनों का विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम बक्सर को डोर स्टेप डिलेवरी के माध्यम से प्रत्येक माह के 15वीं तारीख तक सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के गोदाम तक खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं आपूर्ति निरीक्षक को डोर-स्टेप डिलेवरी के माध्यम से किस तारीख को एवं किस वाहन से जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है, का दैनिक प्रतिवेदन जिला आपूर्ति कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सहायक गोदाम प्रबंधकों को यह निर्देश दिया गया कि डीएसडी द्वारा एकरारनामा के अनुसार वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है या नहीं उस आशय का प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बक्सर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी ने प्रस्तावित हवाई अड्डे का किया निरीक्षण, सीओ को दिए दिशा-निर्देश

**बक्सर।** वायुयान संगठन निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार से प्राप्त निर्देश के आलोक में शुक्रवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा बक्सर प्रखंड अंतर्गत प्रस्तावित हवाई अड्डा बक्सर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण क्षेत्र परिसर का भ्रमण किया। पूर्व से निर्मित चाहरदीवारी एक कोने में गिरा हुआ है। साथ ही कई जगह के निचले हिस्से क्षतिग्रस्त पाये गये। उक्त के आलोक में बक्सर सीओ को निर्देश दिया कि हवाई अड्डे से संबंधित वांछित प्रतिवेदन अविलंब तैयार कर अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में ज्ञात हुआ कि प्रवेश द्वार प्रायः खुला रहता है एवं अवांछित तत्व भी आते रहते है। उक्त के आलोक में विशेष कार्य पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी के साथ हवाई अडडा की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में हवाई अडडा का पहुंच पथ संकीर्ण पाया गया। इस क्रम में सीओ को निर्देश दिया कि कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर से समन्वय स्थापित करते हुए पथ की मापी कराना सुनिश्चित करेंगे एवं अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पथ का जीर्णोद्धार हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान सदर एसडीओ व सीओ मौजूद रहे।

### ऑनलाईन लॉटरी के तहत जिले के 573 किसानों को निर्गत किया गया स्वीकृति पत्र



**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल की अध्यक्षता में जिले में अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने हेतु द्वितीय ऑनलाईन लॉटरी समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। ओएफएमएएस पोर्टल पर बक्सर जिले के किसानों द्वारा लगभग 3000 ऑनलाईन आवेदन किया गया। ऑनलाईन लॉटरी में 573 किसानों को स्वीकृति पत्र निर्गत किया गया। वितीय वर्ष 2024-25 में कृषि यांत्रिकरण योजना अंतर्गत फसलों के बुआई से लेकर कटाई तक एवं फसल प्रबंधन हेतु 75 प्रकार के यंत्र अनुदान पर उपलब्ध कराये जा रहे है। जिसमें किसानों के बीच जुताई, बुआई, कटनी, थ्रेसिंग, पोस्ट हार्वेस्ट एवं फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। ऑनलाईन लॉटरी प्रक्रिया में जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर, सहायक निदेशक सह उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के माननीय जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

### बनारपुर एवं खोरमपुर के प्रभावित परिवारों के बीच आरजी राशि का हुआ वितरण

**बक्सर।** शुक्रवार को सदर विधायक संजय तिवारी, चौसा प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी व जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने मौजा बनारपुर एवं खोरमपुर के थर्मल पॉवर चौसा परियोजना (मूल प्लांट) से प्रभावित परिवारों को आरजी वितरण किया। जिलाधिकारी ने बताया गया कि वैसे हितबद्ध रैयत जिनके द्वारा पूर्व में मुआवजा भुगतान प्राप्त किया गया है। उनके परिवार के एक सदस्य को पूर्व में भुगतान के उक्त मुआवजा राशि के अतिरिक्त आरजी की राशि के रूप में श्रम संसाधन विभाग बिहार के न्यूनतम पारिश्रमिक दर 390 रूपया प्रतिदिन की दर से 750 दिनों के पारिश्रमिक हेतु प्रति लाभुक 292500 रुपए का चेक वितरित किया जायेगा। द्वितीय चरण में कलेक्ट्रेट सभागार में कैंप आयोजित कर मौजा बनारपुर एवं खोरमपुर के प्रभावित परिवारों को आरजी राशि का वितरण किया गया। बनारपुर एवं खोरमपुर मौजा के उपस्थित कुल 46 लाभुकों को 390 रुपए प्रतिदिन की दर से 750 दिनों का आरजी भुगतान हेतु चेक प्रदान किया गया है।




## खबरें फटाफट

### शराब लदी बाइक छोड़ भागे तस्कर

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर चंदा गांव के समीप से शराब लदी एक काले रंग की अपाची बाइक बरामद की है। बाइक पर 8पीएम ब्रांड 180 एमएल के नौ पेटी में 432 पीस फ्रुटी पैक शराब बरामद हुआ। हालांकि, बाइक सवार और उसका साथी भागने में सफल रहे। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब तस्कर एनएच 922 के रास्ते शराब की खेप लेकर आ रहे है। इस सूचना पर चंदा गांव के पास बाइक चेकिंग अभियान शुरू किया गया। लेकिन, शराब तस्कर पुलिस को देख बाइक छोड़ भाग निकले। उन्होंने कहा कि तस्करों के पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### बच्चों के विवाद में भिड़े दो पक्ष

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुगांव गांव में शुक्रवार को बच्चों के बीच विवाद में उनके अभिभावक भी कूद पड़े। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जख्मी बिजेन्द्र यादव के बयान पर कोरानसराय थाने में तेजनारायण सिंह, अक्षय यादव, मनीष यादव तथा कुसुम देवी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुलिस केस कर मामले की जांच में जुट गई है।

### फरार वारंटी के घर चस्पाया इश्तेहार

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के महरौरा गांव निवासी व कोर्ट की नजर में फरार चल रहे एक वारंटी के घर इस्तेहार चशपा उसे निर्धारित अवधि के अंदर पुलिस या कोर्ट के समक्ष सरेंडर करने की चेतावनी दी है। वारंटी विनोद राय पिता बबन राय पर न्यायायल से किसी मामले में वारंट निर्गत हुआ है। इसके बाद भी वह हाजिर नहीं हुआ। तब कोर्ट ने उसके खिलाफ इस्तेहार जारी किया है। जिसे स्थानीय पुलिस ने उसके दरवाजे पर चस्पा दिया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि निर्धारित अवधि के अंदर सरेंडर नहीं करने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## हादसा: बाढ़ के पानी में डूबने से दो की मौत, शव बरामद; पसरा मातम

# ब्रह्मपुर में पशुचारा लाने गए किसान व सिमरी में किशोर की डूबने से मौत

♦ मृत किशोर जवही दियर का था, परिजनों ने बताया भैंस चराने के लिए गया कृष्ण

**केटी न्यूज/डुमरांव**



पिछले 24 घंटे के दौरान बाढ़ के पानी में डूबने से एक किशोर तथा एक अधेड़ किसान की मौत हो गई है। दोनों शव बरामद कर लिए गए है तथा पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों प्रखंडों में हुए इन घटनाओं से दियारा इलाके में कोहराम मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना सिमरी थाना के सहाय तिलक राय के हाता ओपी के सूचित के डेरा की है। यहा पूर्व मुखिया प्रतिनिधि का ददनी यादव का 12 वर्षीय भांजा कृष्ण कुमार गुरूवार को भी भैंस चराने के दौरान डूब गया था, काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला था। शुक्रवार को सूचित के डेरा के पास ही उसका शव उपलाया मिला।

वह मूल रूप से ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव निवासी राजेश यादव का पुत्र था तथा कुछ दिन पहले ही अपने ननिहाल सूचित के डेरा आया था। उसके मामा संजय यादव ने बताया कि वह गुरूवार की सुबह ही भैंस चराने चला गया था। आशंका जताई जा रही है कि पानी में भैंस के साथ पूछ पकड़ वह भी चला गया होगा तथा गहरे पानी में पूछ छूट जाने से वह डूब गया होगा।

शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। उसकी मां झुनी देवी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही उसके मामा तथा पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ददनी यादव पशुओं से लदी पिकअप लूट के मामले में हथियार के साथ गिरफ्तार हुए थे। उनके जेल जाने के बाद ही संभवतः उसकी बहन झुनी अपने बच्चों के साथ आई मायके आई थी। लेकिन, यहां उसके साथ बड़ा हादसा हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दी। ओपी प्रभारी लालबाबू सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

**24 घंटे के अंदर दो की मौत से भयभीत है दियारावासी :** 24 घंटे के अंदर बाढ़ के पानी में डूबने से किशोर समेत दो की मौत से दियारा वासी भयजदा है। भले ही गंगा का जल स्तर घटना शुरू हो गया है, बावजूद अभी भी कई इलाकों में बाढ़ का पानी जमा है। खासकर खेतों में बाढ़ का पानी जमा होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। दियारा इलाके के लोग पशुचारा तथा खेती के काम निपटाने के अलावे दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लिए भी बाढ़ के पानी को पार करने का खतरा मोल रहे है। वही, 24 घंटे के अंदर दो मौतों के बाद अब उनमें भय व्याप्त है। बता दें कि गंगा में आने वाली बाढ़ से जहां फसल चौपट होती है वही जान माल को भी नुकसान पहुंचता है। इस बार अभी तक जिले में बाढ़ के पानी में डूबने से आधा दर्जन मौत हो चुकी है। जिस कारण लोगों का डरना भी स्वाभाविक है। बहरहाल प्रशासन द्वारा लोगों से संयम बरतने की अपील की जा रही है। लेकिन, जबतक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती तबतक लोगों में डर बना हुआ है।

### उधुरा घाट पर डूबे किसान को तुरंत निकाला गया बाहर, हो गई थी मौत



वहीं शुक्रवार की सुबह ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के उधुरा घाट के पास साथी किसानों के साथ पशुचारा लाने गोकुल जलाशय के उस पार जा रहे घुरहुपुर के 55 वर्षीय किसान दीनबंधु राय की डूबने से मौत हो गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही स्थानीय गोताखोरों ने शव को बाहर निकाल लिया था, लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी। पानी में डूबे रहने के कारण उनकी मौत हो गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया।

मामले में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गंगा का जल स्तर बढ़ने से उधुरा घाट के पास भी पानी आ गया है। जबकि किसानों के अधिकांश खेत गोकुल जलाशय के उस पार है। बाढ़ आने पर उसे पार करके ही किसान पशुचारा लाने या खेती के काम निपटाने जाते है। इसी क्रम में दीनबंधु के साथ यह हादसा हो गया। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही ब्रह्मपुर पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

## महिला गांव से देसी रायफल, कट्टा एवं कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, जेल

**केटी न्यूज/बक्सर**



पुलिस ने गुप्त सूचना पर इटाढ़ी थाना क्षेत्र के महिला गांव में छापेमारी कर एक घर से एक देशी रायफल, एक कट्टा, 16 कारतूस तथा एक खोखा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान महिला निवासी उदय नारायण ओझा के पुत्र रूपेश कुमार ओझा उर्फ रामजी ओझा के रूप में की गई है। उस पर पूर्व से भी अपराधिक मामले दर्ज थे। एसपी शुभम आर्य ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि इटाढ़ी थाना क्षेत्र के महिला गांव में एक युवक अपने घर में अवैध हथियार रखा है। इस सूचना पर सदर डीएसपी धीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर उसके घर की घेराबंदी करवा छापेमारी करवाई गई। इस दौरान उसके घर से एक कंट्री मेड रायफल, कट्टा, 16 कारतूस तथा एक खोखा बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार रूपेश पर पूर्व से भी अपराधिक मामले दर्ज है। एसपी ने कहा कि वह हथियार कहां से लाया था तथा किस उदेश्य से घर में रखा था, इसकी पड़ताल की जा रही है। वहीं, पुलिस उसके अपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

छापेमारी करने वाली टीम में सदर डीएसपी धीरज के साथ इटाढ़ी थानाध्यक्ष सोनू कुमार पासवान, इटाढ़ी थाने के पुअनि दीपक कुमार ओझा, सहायक अवर निरीक्षक बब्लू कुमार, राकेश कुमार रंजन तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

## मलियाबाग में दुर्घटना में चक्की के युवक की मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल के चक्की ओपी के हेनवा गांव निवासी एक युवक की बक्सर व रोहतास की सीमा पर स्थित मलियाबाग में सड़क हादसे में मौत हो गई है। घटना शुक्रवार दोपहर की है। मृतक की पहचान हेनवा निवासी ललन राम के 35 वर्षीय पुत्र मुनी राम के रूप में हुई है। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन दौड़े भागे मलियाबाग पहुंचे। वही, स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी है।

मिली जानकारी के अनुसार मुनी के बहन का ससुराल मलियाबाग के पास ही है। वह गुरूवार को ही भैंस खरीदने के लिए अपने बहन के ससुराल गया था, शुक्रवार को वह अपने बहनोई के साथ बाइक पर बैठ कही भैंस खरीदने जा रहा था। इसी दौरान एनएच 319 पर मलियाबाग के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। इस घटना में मुनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बहनोई भी गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक शादीशुदा था तथा उसे तीन पुत्र व एक पुत्री थी। घटना के बाद पिता ललन राम, पत्नी रिंकू देवी समेत पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो गया। जबकि गांव में भी मायूशी छाई है। ग्रामीणों ने बताया कि वह काफी मिलनसार प्रवृति का था।

## बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी ने अगस्त माह की जारी की रिपोर्ट

# लोक शिकायत के परिवादों के निष्पादन में बक्सर दूसरे स्थान पर

♦ बोले डीएम... यह सतत पर्यविक्षण एवं अनुश्रवण का है परिणाम

**केटी न्यूज/बक्सर**



बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी पटना द्वारा निर्धारित रैंकिंग में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत दायर परिवादों के सफलतापूर्वक निष्पादन में बक्सर जिला को अगस्त माह में संपूर्ण बिहार में द्वितीय स्थान पर एवं जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय को संपूर्ण बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी पटना द्वारा प्रत्येक माह सभी जिला एवं अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालयवार रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है। विदित हो कि बक्सर जिला को माह जुलाई एवं जून में द्वितीय स्थान, माह मई एवं अप्रैल में तृतीय स्थान एवं मार्च में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, बक्सर को माह जुलाई में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। प्राप्त रैंकिंग के अनुसार बक्सर जिला में दिनांक 01 अप्रैल 2022 से अब तक कुल 12880 परिवाद दायर किये गये। जिनमें कुल 12687 परिवादों का निष्पादन कर दिया गया है। साथ ही अगस्त माह में कुल 417 परिवादो का निष्पादन किया गया व निष्पादित सभी परिवाद तय समय सीमा अवधि के अंतर्गत निष्पादित किए गए।

संपूर्ण बिहार में बक्सर जिला की उपलब्धि जिला पदाधिकारी बक्सर के सतत पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण का परिणाम है। जिसके कारण बक्सर जिले को संपूर्ण बिहार में द्वितीय स्थान एवं जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय बक्सर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

### छह जून 2016 को लागू हुआ था अधिनियम

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम को 06 जून 2016 को बिहार में लागू किया गया है। इस अधिनियम के अन्तर्गत आमजनों द्वारा दायर किये गये परिवाद पर सुनवाई कर उनके शिकायतों का निपटारा किया जाता है। इस अधिनियम की खासियत है कि परिवादी और लोक प्राधिकार को आमने-सामने बैठाकर परिवादों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जाता है। यह कानून नागरिकों को उनके शिकायतों की सुनवाई निवारण और लिए गए निर्णय पर संचार का अवसर देने का कानूनी अधिकार देता है। अगर किसी लोक प्राधिकारी द्वारा परिवाद के निवारण में अभिरूची नही ली जाती है अथवा तय सीमा में परिवाद का निवारण नही किया जाता है तो उनके विरूद्ध नियमानुसार शास्ती या अनुशासनिक कार्रवाई की जाती है। जिलें में अबतक कुल 107 लोक प्राधिकार पर 217500 रुपए कि शास्ती की गयी है।

## खबरें फटाफट

### बंध्याकरण व नसबंदी पर दिया जा रहा जोर

**डुमरांव।** परिवार नियोजन जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 17 सितंबर से शुरू हो गया है, जो 30 सितंबर तक चलेगा। पखवाड़े में महिला बंध्याकरण व पुरूष नसबंदी पर जोर दिया जा रहा है। इसका प्रचार-प्रसार जोरों से चल रहा है। आशा कार्यकर्ता गांव-गांव घुमते हुए महिला और पुरूष को इसके लिए उत्प्रेरित कर रही है। इसके लिए उन्हें पुरूष नसबंदी मात्र दस मिनट में बिना चिरा, बिना टांके का ऑपरेशन किया जाता है। पुरूष नसबंदी के बाद एक घंटे के बाद उन्हें छुट्टी दे दी जाती है। अब तक महिला बंध्याकरण 10 एवं पुरूष नसबंदी चार को किया जा चुका है।

### सैनिटरी पैड वितरित

**बक्सर।** स्टेशन रोड स्थित आशीर्वाद हॉस्पिटल रिसर्च एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद महिलाओं एवं किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण कियागया। जिसका उद्घाटन श्रीभगवाने सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान काफी संख्या में महिला व किशोरियां शामिले हुई। जिनके बीच सेनेटरी पैड का वितरण कियो गया। कार्यक्रम में प्रदुम्ने प्रसाद, प्रभु नारायण सिंह, उदय पाठक, वंश नारायण सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह व अन्य मौजूदे रहे।

### मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

**बक्सर।** एमवी कॉलेज में शिक्षकों ने एक दिवसीय धरना दिया। धरना में शिक्षकों ने अपनी कई मांगों को रखीं। मुख्य मांगों में ओपीएसे लागू करना, शिक्षा का बजट जीडीपी का 10 प्रतिशत करना, शिक्षा नीति को व्यावहारिक बनाना, नवनियुक्त शिक्षकों को यूजीसी मापदंड के अनुरूप अग्रिम वेतन वृद्धि, समयानुसार प्रोन्नति, शिशु देखभाल अवकाश नियमावली का सरकार से अनुमोदन, छात्र-शिक्षक अनुपात को व्यावहारिक स्तर पर लाने के लिए शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती, चार वर्षीय डिग्री कोर्स के सफल संचालन हेतु शिक्षकों के अतिरिक्त पदों का सृजन, शोध कार्य के लिए अतिरिक्त अनुदान इसके साथ ही अन्य मांगों में वेतन में विलंब की समस्या का तत्काल समाधान, सेवो सम्पुष्टि और वेतन सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी, प्रमोशन की प्रक्रिया में सुधार आदि मामले शामिले रहे।

## ग्रामीणों ने पीएसएस में घंटों बंद कराई थी आपूर्ति, जेई ने 55 पर दर्ज कराया केस

# गधे की मौत पकड़ने लगी तूल, आमने सामने आए ग्रामीण व बिजली कंपनी

♦ ग्रामीणों ने एफआईआर वापस नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के स्थानीय रामपुर गांव में विगत कुछ दिन पहले करंट की चपेट में आ एक गधे की मौत का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में एक तरफ विरोध प्रदर्शन कर करीब तीन घंटे तक पूरे प्रखंड क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कराने वाले 55 ग्रामीणों पर जहां जेई ने एफआईआर दर्ज कराया है वही, दूसरी तरफ अब ग्रामीण भी बिजली कंपनी के खिलाफ मुखर हो गए है। ग्रामीणों ने बैठक कर चेतावनी दिया है कि यदि जेई अपना एफआईआर वापस नहीं लेते है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जबकि इस मामले में पीड़ित पशु पालक ने भी एससी-एसटी थाने में जेई के खिलाफ आवेदन दिया है।

बता दें कि 11 सितंबर को प्रखंड के रामपुर गांव में बिजली के खंभे के संपर्क में आने से मौके पर ही ददन रजक के एक गधे की मौत हो गई थी। वही दूसरा गधा भी करंट की चपेट में आ गया था। उसको बचाने में दो लोग धनजी रजक और साथ में डिप्टी रजक भी घायल हो गए थे। घटना शाम के करीब 5 बजे हुई थी। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रामपुर पावर सब स्टेशन पर जाकर मुख्य गेट पर बैठ गए और मुआवजे की मांग करने लगे साथ ही प्रदर्शन करने लगे और अधिकारियों को बुलाने की जिद पर अड़ी रहे। रात के करीब 9 बजे तक ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन होता रहा। इस दौरान करीब दो घंटा 56 मिनट तक पावर सप्लाई पूरे प्रखंड की बाधित रही। जानकारी मिलने के बाद डुमरांव बिजली विभाग के एसडीओ राकेश कुमार दुबे पावर ग्रिड पहुंचे। स्थानीय लोगों से उन्होंने बातचीत की जिसके बाद पावर सप्लाई को चालू किया गया। मामले के शांत होने के बाद बिजली जेई अविनाश कुमार ने उक्त प्रदर्शनकारियों पर वासुदेवा थाने में एफआईआर करा दिया।

**इन लोगों पर हुई है एफआईआर :** कनीय अभियंता द्वारा एफआईआर में रामपुर मुखिया प्रतिनिधि विकास चंद्र पांडेय उर्फ बसंत पांडे, सरपंच विष्णु देव पासवान के अलावा बीडीसी मंजू कुमारी और आलमगीर तथा आफताब को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। साथ ही 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**पीड़ित ने जेई के खिलाफ दर्ज कराया एफआईआर :** घटना को ले पीड़ित ददन रजक ने एससी एसटी थाना बक्सर में बिजली जेई अविनाश कुमार पर बदसलूकी और जाति सूचक शब्द बोलने, गाली गलौज करने का आरोप लगा आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि मुआवजा की प्रक्रिया जानने के लिए मैं कनीय अभियंता से मिलने जा रहा था तो रास्ते में ही देख वे भड़क गए और मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। इसकी पुष्टि करते हुए एससी एसटी थानाध्यक्ष मोना कुमारी ने बताया कि आवेदन मिला है जांच की जा रही है।

**बिजली कंपनी की लापरवाही से हुई घटना :** दूरभाष पर बात करने के क्रम में मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय ने कहा कि ये घटना विभाग की लापरवाही से हुई है। बिजली विभाग को क्षेत्र के जर्जर तारों, ट्रांसफार्मर में स्विच आदि लगाने की सूचना आवेदन के माध्यम से पूर्व में दी गई थी, लेकिन कर्मियों द्वारा इस पर कोई पहल अभी तक नहीं की गई। जिसके बाद ये घटना हो गई। उन्होंने बताया कि करीब आधे दर्जन पशुओं की जान अभी तक बिजली से जा चुकी है।

### बिजली कंपनी का दावा एक लाख 46 हजार 429 रुपये का हुआ है नुकसान

इस पूरे मामले में बिजली विभाग ने पांच नामजद और 50 अज्ञात लोगों पर वासुदेवा थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता अवनीश कुमार की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई। आवेदन में उन्होंने लिखा है कि 5 लोगों द्वारा बटन चालक सुजीत कुमार और रवि कुमार को बंधक बना 11 केवीए का पॉवर सप्लाई बंद करा दिया। गांव के लोगों के कारण करीब 2 घंटा 56 मिनट बिजली बंद रही। जिसके कारण साउथ बिहार बिजली कंपनी को एक लाख 46 हजार 429 रुपए का नुकसान हुआ है।

# किराया के मकान से स्थानांतरित होगा जदीद पैक्स संचालित बैंक

♦ पैक्स समिति ने बीसीओ से कहा- प्रति माह 5000 की होगी बचत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर के गजरांवा चौक के पास चल रहे भोजपुर जदीद पैक्स संचालित बैंक बहुत जल्द पैक्स के गोदाम में संचालित होगा। यह फैसला भोजपुर जदीद पैक्स समिति ने लिया है। समिति ने अपने इस फैसले की जानकारी बीसीओ जयवर्धन सिंह को दे दी है। तुर्रा यह कि इस सहारे बैंक का प्रतिमाह किराया के रूप में निर्गत हो रहे पांच हजार रुपए का बचत होगी। बचत की इस राशि का इस्तेमाल बैंक के जमाकताओं का बकाया राशि के भुगतान में इस्तेमाल किया जाएगा।

पैक्स अध्यक्ष मेराज खान का कहना है कि बैंक को किराया के मकान से पैक्स गोदाम में हस्तानांतरित करने की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। गोदाम का मरम्मत का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह से यह बैंक पैक्स गोदाम में संचालित होगा। इस सहारे बैंक बड़ी आराम से प्रत्येक महीना पांच हजार रुपए का बचत कर सकेगा। अध्यक्ष ने कहा कि समिति द्वारा संचालित इस बैंक से तमाम छोटी बड़ी अनावश्यक खर्च को रोकने का प्रयास होगा। जिससे बकायादारों का भुगतान का कार्य आसान हो सके। अभी भोजपुर जदीद पैक्स संचालित यह बचत वृद्धि योजना का यह बैंक नया भोजपुर के गजरांवा स्थित एक निजी मकान में संचालित हो रहा है। जमाकताओं के पैसा भुगतान को लेकर शुरू हुए विवाद के चलते बैंक में पिछले तीन माह से बंद पड़ा है। केशव टाइम्स इस बेहद गंभीर मामले पर अपनी पैनी नजर रखते हुए लगातार रिपोर्टिंग कर रही है। ताकि बैंक के खाताधारकों को न्याय मिल सके। उधर पैक्स समिति द्वारा लिए गए फैसले के आलोक में बीसीओ ने बताया कि समिति के इस फैसले पर सहकारिता विभाग की कोई आपत्ति नहीं है।

# सदर अस्पताल से रेफर होने के आधे घंटे बाद ही प्रसूता का बक्सर के निजी अस्पताल में हुआ प्रसव

♦ जिप अध्यक्ष की शिकायत पर सीएस ने दिए जांच के आदेश
♦ बड़ा सवाल, रेफर होने के बाद एबुलेंस चालक पीएमसीएच, पटना के बदले क्यों ले गया निजी अस्पताल

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक तरफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा सदर अस्पताल में मरीजों के इलाज तथा प्रसव के लिए सारी आधुनिक सुविधाए मौजूद होने का दावा किया जाता है तो दूसरी तरफ गुरूवार की मध्य रात्रि एक प्रसूता के सदर अस्पताल से रेफर होने के आधे घंटे बाद ही निजी अस्पताल में सिजेरियन से हुए प्रसव ने इस दावे की पोल खोल दी है। मामले की जानकारी मिलते ही जिप अध्यक्ष सरोजा देवी ने सीएस अरूण कुमार श्रीवास्तव से इसकी शिकायत की है। इसके बाद सीएस ने जांच के आदेश दे दिए है तथा जांच के लिए कमिटि भी बनाई है।

सीएस से जिप अध्यक्ष ने फोन पर पूछा है कि जब सदर अस्पताल में सभी सुविधाएं मौजूद है तो प्रसूता को रेफर क्यों किया गया। वही, उन्होंने यह भी पूछा कि जब उसे रेफर किया गया तो एंबुलेंस चालक मरीज को पीएमसीएच पटना के बजाए निजी अस्पताल में क्यों ले गया।

गौरतलब हो कि सदर अस्पताल में यह अकेला ऐसा मामला नहीं है, बल्कि सदर अस्पताल द्वारा अक्सर प्रसूता तथा अन्य मरीजों को रेफर किया जाता है। जबकि विभागीय जानकारों की मानें तो एंबुलेंस चालक तथा अन्य दलाल चंद रूपयों के लालच में मरीजों को निजी अस्पताल पहुंचा आर्थिक शोषण कराते है। अब देखना है कि सीएस के जांच में क्या निकल कर आता है। वैसे जिप अध्यक्ष ने कहा है कि वे इस मामल में चुप नहीं बैठेंगी तथा उपर तक शिकायत किया जाएगा।

### रात 12 बजे प्रसूता को किया गया रेफर

मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव निवासी रति देवी नामक एक महिला को उसके परिजन प्रसव पीड़ा में सदर अस्पताल में भर्ती कराए थे। गुरूवार की रात करीब 12 बजे सदर अस्पताल से उक्त महिला को रेफर कर दिया गया। इसके बाद सदर अस्पताल का एंबुलेंस चालक उसे लेकर डीएम आवास के पास संचालित किसी निजी अस्पताल में ले गया। जहां, आधे घंटे बाद सिजेरियन कर महिला का सुरक्षित प्रसव करा दिया गया। लेकिन, निजी अस्पताल प्रबंधन ने इसके एवज में 30 हजार रूपए का बिल थमा दिया। जबकि महिला काफी गरीब परिवार से है। इसके बाद महिला के परिजनों ने इस बात की जानकारी जिप अध्यक्ष सरोजा देवी से की। सरोजा देवी ने तुरंत सीएस से शिकायत की, जिसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा है।

## एक नजर

### नप ने रामरेखा घाट क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों पर की कारवाई, वसूला जुर्माना



**बक्सर।** नगर परिषद ने नगर की सड़कों को अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों परे कार्रवाई शुरू किया गयो है। जिसके तहत पहले दिने रामरेखाघाटे पर अभियान चलायो गया। जहां अतिक्रमण कारियों के विरूद्धे कार्रवाई स्वरूप जुर्माना की वसूली की गई है। इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि दुबारा अतिक्रमण करने पर उनकी सामानों को जब्त कर लियो जाएगा। इसके साथ ही उनके उपरे आवश्यके कारवाई कियो जाएगा। रामरेखाघाटे पर नगर परिषद की कार्रवाई शुरू होने के साथ ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में दहशत का माहौल कायम हो गया। वहीं इस दौरान कुल 12 दुकानदारों परे कार्रवाई करते हुए कुल 500 रुपऐ की दर से 6000 रुपऐ जुर्माना किया गयो है। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि रामरेखाघाटे पर जुटने वाली श्रद्धालुओं की भीड़े को देखते हुऐ अतिक्रमणकारियों परे कार्रवाई की गई। इसके पूर्व सभी अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र जारी कर निर्देश दिया गयो था। लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटायो गया। जिसके बाद नगर परिषद ने शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियाने चलाया। इसके साथ ही गोलंबर के साथ ही अन्य चौक चौराहों पर अतिक्रमण के विरूद्धे अभियान चलायो जाएगा। जुर्माना वसूली के साथ ही आवश्यके कारवाई की जाएगी।

### सुमित्रा कॉलेज में स्टॉर्टअप योजना के तहत आउटरीच प्रोग्राम में छात्राओं को किया गया प्रेरित



**डुमरांव।** बेहतर पढ़ाई के बाद हमें नौकरी करने के बजाए नौकरी देने वाला बनना चाहिए। इससे समाज में बेरोजगारी को कम किया जा सकता है। उक्त बातें जिला उद्योग पदाधिकारी विद्याभूषण पाठक ने शुक्रवार को स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज परिसर में कही। अवसर था उद्योग विभाग व कॉलेज के एनएसएस इकाई के सौजन्य से आयोजित स्टॉर्टअप योजना के तहत आउटरीच प्रोग्राम का। इसके पहले जिला उद्योग पदाधिकारी तथा कॉलेज प्राचार्य ने समेत अन्य प्राध्यापकों ने इस कार्यक्रम का सामूहिक रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शोभा सिंह ने व संचालन प्रो. डॉ. सुभाष चंद्रशेखर ने किया। अपने संबोधन में जिला उद्योग पदाधिकारी ने छात्राओं को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि शिक्षा में पाकर हम नौकरी कर सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर कर सकते है, जबकि स्टॉर्टप योजना से हम समाज के कई बेरोजगारों को रोजगार दे सकते है। उन्होंने छात्राओं को केन्द्र सरकार, राज्य सरकार तथा उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्टॉर्टप योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं से आप उद्यमी बन समाज के लिए नजीर बन सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय के डॉ. चंद्रशेखर प्रभाकर ने कहा कि उद्यमी बनने के लिए उद्योग विभाग द्वारा स्टार्टअप के जरिये ब्याज रहित लोन का भी प्रावधान बनाया गया हैं। आप सबके उन्नति के लिए स्टार्टअप सेल के साथ विभाग भी तत्पर हैं। वही, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शोभा ने भी छात्राओं को स्टॉर्टप योजना का लाभ उठाते हुए खुद के पैर पर खड़ा होने की नसीहत दी। उन्होंने कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य समय देने वाले उद्योग पदाधिकारी, कृषि कॉलेज के कृषि वैज्ञानिक आदि का आभार जताया। कॉलेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कराने के लिए प्रो. शंभूनाथ शिवेंद्र ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर दर्जनों छात्राएं मौजूद रही।

# टीबीटी अवार्ड से सम्मानित हुई नावानगर के नारायणपुर की शिक्षिका स्नेहलता सिंह

**केटी न्यूज/बक्सर**




टीबीटी अवार्ड से जिले के नावानगर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर की शिक्षिका स्नेहलता को सम्मानित किया गयो है। शिक्षिका को सम्मानित पटना में लॉ कॉलेज के शताब्दी भवन के सभागार में आयोजित एक समारोह के बीच कियो गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में गणितज्ञ प्रोफेसर केसी सिंहा, डॉक्टर ज्ञान देव, मणि त्रिपाठी, बीके चौधरी, एससीआईआरटी के पूर्व निदेशक रमेश चंद्र सिंह के साथ ही अन्य उपस्थिते रहे। जिसमें बिहार के 38 जिलों से लगभग 250 सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित कियो गया। जिसमें बक्सर जिला से एकमात्र नवानगर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर की शिक्षिका स्नेह लता सिंह का चयन किया गयो था। सम्मानित होने वाले सभी शिक्षक स्वतः प्रेरित होकर निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण व प्रशिक्षण की गतिविधियों में उत्कृष्ट रूप से कार्य कियो है। जिसके आधार पर इनका चयन किया गयो है।

# पूर्व प्रखंड प्रमुख आशा देवी ने नप के विकास पर जताई गहरी आपत्ति, भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/डुमरांव**



पुराना भोजपुर निवासी स्थानीय प्रखंड के पूर्व प्रखंड प्रमुख आशा देवी ने नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य में भ्रष्टाचार की शिकायत नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार, जिला पदाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल तथा नगर विकास आवास विभाग को आवेदन देकर किया है।

उन्होंने कहा है कि नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या दो एवं तीन के बीच से गुजरने वाली पुराना भोजपुर की सबसे महत्वपूर्ण गली में बीच सड़क पर नाली व शौचालय का गंदा पानी गिर रहा है। नाली का साफ सफाई नहीं होने तथा नाली जगह-जगह टूट जाने से शौचालय का गंदा बीच सड़क पर पसरा है। इसी रास्ते होकर श्रद्धालु भक्त पुराना भोजपुर स्थित शिव मंदिर तथा बाजार में आते जाते हैं। उन्होंने नप से विकास कार्यों के तत्काल प्राथमिकता सूची जारी करने की मांग करते हुए कहा है की नगर परिषद महत्वपूर्ण कार्य को छोड़ जिस कार्य को कराया जा रहा है वह अनुपयोगी है। अनुपयोगी योजना के सहारे नगर परिषद पैसे का बंदरबांट कर रहा है। प्रखंड प्रमुख कहना है कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार कभी कार्यालय से बाहर नहीं निकलते हैं। प्रमुख ने जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल से तत्काल मामले की जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि कार्यपालक पदाधिकारी कभी फील्ड दौरा नहीं करते हैं। उन्होंने तत्काल मामले की जांच करने एवं चापाकलो के आसपास हो रहे सोखता निर्माण को रोक कर नाली निर्माण पर जोर देने की मांग की है। प्रमुख ने कहा है कि पुराना भोजपुर में विकास कार्यों की प्राथमिकता ग्राम पंचायत की तरह तय होनी चाहिए। क्योंकि ग्राम पंचायत से हटने के बाद पुराना भोजपुर लंबे समय से विकास से उपेक्षित है।




## डुमरांव नप कार्यालय में शिकायत के लिए बनेगा कॉल सेंटर, रजिस्टर्ड कर तत्काल होगा निदान

# नगर परिषद क्षेत्र के 100 स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**केटी न्यूज/डुमरांव**

♦ आमदनी बढ़ाने के लिए नगर परिषद के द्वारा शहर में बकाया होल्डिंग टैक्स की वसूली की गई शुरू




गांधी जयंती तक शहर की रूपरेखा बदल जाएगी। नप की आमदनी बढ़ाने के लिए बकाया होल्डिंग टैक्स की वसूली शुरू कर दी गई है। जो नगरवासी बकाया होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करेंगे नप उनकी सारी सुविधाएं बंद कर देगी। सूची बनाकर सभी को नोटिश भेजा जा रहा है। नगरवासियों के सुविधा के लिए कॉल सेंटर बनाया जाएगा। कॉल सेंटर 2 अक्टूबर से काम करना शुरू कर देगा। वहां एक रजिस्टर्ड होगा, जिस पर मिलने शिकायत को नोट किया जाएगा। इसकी जानकारी ईओ मनीष कुमार ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कही।

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया की जो भी सड़क पर जानवर मर जाते हैं, उसकी जानकारी मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मरे जानवर को सड़ने नहीं दिया जाएगा, जिससे की बीमारी फैले। वहीं किसी रोड पर पेड़ गिर गया हो, नाली का पानी रोड पर बह रहा हो, सूचना मिलते ही इसके निदान के लिए कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। कॉल सेंटर नगरवासियों के हित के लिए 24 घंटे काम करेगा। उनसे जब पूछा गया कि बहुत से बड़े-बड़े दुकानदार हैं, बड़ी-बड़ी बहुमंजिलें इमारते हैं, उनका टैक्स का बकाया चल रहा है, या जमा ही नहीं हुआ है। इस पर नप कार्रवाई करने जा रही है। नगर में कई नई कॉलोनियां बस गई है, जहां बहुमंजिले भवनों की भरमान है, सभी की जांच कर मालिक मालिक को नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस पर टैक्स नहीं जमा करने वालों की सूची बनाकर कार्रवाई की जाएगी। मिले कम्पलेन की रिव्यू भी किया जाएगा, की काम हुआ की नहीं। उनसे पूछा गया की बहुत से काम विभागीय कराए जा रहे हैं, उस पर उन्होंने कहा की 90 प्रतिशत काम टेंडर के माध्यम से किया जाएगा। कार्य की मॉनीटरिंग मेरे या स्टाफ के द्वारा किया जाएगा। गड़बड़ी मिलने पर कार्य एजेंसी को नोटिस सुधार के लिए दिया जाएगा। फिर भी सुधार नहीं किया जाएगा तो उसे काली सूची में डाल दिया जाएगा।

शहर में 100 सीसीटीवी लगाया जाएगा, इसके लिए स्थल का चयन किया जाएगा। गांधी जयंती तक शहर में दिखने लगा सीसीटीवी कैमरा। स्कूलों और कॉलेजों पर जो टैक्स की वसूली हो रही है उसका रिवाईज किया जाएगा। स्कूल के भवन और भू-भाग लंबाई, चौड़ाई के अनुसार टैक्स का फिक्शेसन किया जाएगा।

# स्वच्छता संवाद वाहन को हरी झंडी दिखाकर डीएम ने किया रवाना

♦ स्वच्छता ही सेवा गतिविधि से आम जनता को किया जा रहा है जागरूक
♦ घरेलू कचरा को पृथक्करण का संदेश

केटी न्यूज/जहानाबाद

जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता ही सेवा थीम स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम को 17 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक जहानाबाद जिले में चलाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा आईईसी-बीसीसी गतिविधियों के माध्यम से शौचालय आच्छादन एवं व्यवहार परिवर्तन की कमियों को दूर करने, ओडीएफ प्लस के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु घरेलू स्तर पर कचरे का पृथक्करण, कचरा प्रबंधन के कार्यो में संपूर्ण जन भागीदारी सुनिश्चित करना, उपयोगिता शुल्क संग्रह करना, बढ़ाये जाना तथा ओडीएफ प्लस मॉडल गॉव की घोषणा इत्यादि पर बल दिया जाना अपेक्षित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने समाहरणालय परिसर से स्वच्छता संकल्प वाहन को प्रचार-प्रसार हेतु हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। डीएम ने बताया कि भारत में स्वच्छता, एक संस्कार है और यह भारतीयों की पहचान है। स्वच्छता भारत मिशन (ग्रामीण), लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत मुक्त किया जाना है। स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका थीम स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता है, जिसके अंतर्गत तीन प्रमुख स्तम्भ यथा- स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं स्वच्छता लक्षित इकाई तथा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर शामिल है। इसमें अन्य विभाग भी सहभागी है।



### जहानाबाद के हर घर से कचरा उठाव का लक्ष्य

स्वच्छता की भागीदारी के तहत जहानाबाद जिला के सभी ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी गतिविधि में कुल 1631 की प्रविष्टी स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर करते हुए स्वच्छता से संबंधित कार्य यथा प्रत्येक घर से कचरा उठाव, एक पेड़ मां के नाम, विद्यालयों में स्वच्छता चित्रांकण, निबंध एवं खेल प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है। सम्पूर्ण स्वच्छता एवं स्वच्छता लक्षित इकाई के अंतर्गत जहानाबाद जिला के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता लक्षित इकाई हेतु कुल 539 जगहों का चयन कर इसकी प्रविष्टी स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर करते हुए सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस हेतु ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थल, सरकारी संस्थान, विद्यालय, कॉलेज, पर्यटन स्थल, हाट, बाजार सहित तालाब, पोखर एवं अन्य स्थलों पर सम्पूर्ण स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जहानाबाद जिले के सभी प्रखंडों में कुल 07 सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सफाई मित्रों का निम्नांकित सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से आवास, हर घर नल का जल, शौचालय, बिजली कनेक्शन, जन-धन खाता, एलपीजी गैस कनेक्शन, इनश्योरेंस आदि शामिल किया गया है।


## एक नजर

### जनसुराज का युवाओं के साथ जनसंवाद कार्यक्रम



**छपरा।** मांझी प्रखण्ड के झखरा पंचायत में जनसुराज ने युवाओं के साथ जनसंवाद किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सह संयोजक अभिषेक तिवारी ने किया। जिला सचिव आर्यन तिवारी ने कहा कि जनसुराज के सही लोग, सही सोच और सामूहिक प्रयास के उद्देश्य के साथ हम सभी यहां इकट्ठे हुए हैं और इसमें राजनीतिक प्रतिनिधियों, युवाओं, किसानों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही बिहार के सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक जीवन के बेहतर कल को हम सभी लोग देख सकते हैं। जिला सहसंयोजक अभिषेक तिवारी ने कहा कि किसी को बिहार के बच्चे की चिंता नहीं है। यहां के युवा मजदूर बन कर दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इस बात की पीड़ा किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी दल जातिपाति व धर्म में फंसा हुआ है तथा आपको ठगने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा जन सुराज का मतलब है जनता का सुंदर राज है। इसकी परिकल्पना तभी सार्थक होगी जब आप सही लोगों का चयन करेंगे।इस मौके पर क्लब अध्यक्ष मोहित सिंह, संतोष राम, रोहित गोस्वामी, चन्दन गोस्वामी, मंतोष कुमार,राजेश कुमार,शशि गोस्वामी सहित अन्य युवा उपस्थित थे।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर के शिकायत शिविर में उपभोक्ताओं ने सुनाई समस्या



**बिक्रमगंज।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के अंतर्गत सभी प्रशाखा में विद्युत विपत्र सुधार एवं स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर शिविर का हुआ आयोजन। आयोजित शिविर मे मुख्यत गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से संबंधित विद्युत विपत्र सुधार कराने हेतु उपभोक्ता ने शिकायत की। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि कुछ उपभोक्ताओं का बिजली बिल ऑनस्पॉट सुधार कर दिया गया। जिनके विपत्र में ऑनस्पॉट सुधार संभव नहीं थे। उनका आवेदन पत्र ले लिया गया। जिनका सात दिनों के कार्य दिवस में सुधार कर दिया जाएगा।

### नहाने के दौरान करंट लगने से एक की मौत

**छपरा।** डोरीगंज थाना क्षेत्र के दफ्तरपुर गांव निवासी सचितानंद सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पिता स्व जलेश्वर सिंह की मौत करंट लगने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चापाकल से स्नान करने के दौरान चापाकल में बिजली के करंट लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।घटना की सुचना पाकर डोरीगंज थाने के गस्ती में उपस्थित पदाधिकारी अभिनन्दन कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचे और मामले की जांच कर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### बिजली चोरी में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा।** प्रखंड क्षेत्र में सूत्रों के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता दिनारा के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर गांव सराव एवं अरीला रघुनाथपुर मे पांच लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार के द्वारा बताया गया की जांच दल द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर बिपिन बिहारी सिंह पर 11484, प्रभावती देवी पर 16947, शशिकांत सिंह पर 21186 रामजीत राम पर 8164 रुपये जुमार्ना लगाया। है। जो सभी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर पूजा कुमारी पर 11844 रुपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। इस आभियान में क्षेत्रीय मानवबल मिस्त्री जितेन्द्र शर्मा, रवि कुमार, कृष्णा सिंह आदि मौजूद थे।

### जगदेव प्रसाद की शहादत दिवस पर शोषित समाज दल ने किया धरना प्रदर्शन

**काराकाट।** शोषित समाज दल के नेतृत्व में अमर शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस के अवसर पर काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर आठ सूत्री मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता शोषित समाज दल के राज्य समिति सदस्य नंदा पासवान व संचालन बिहार राज्य कोषाध्यक्ष वशिष्ठ सिंह ने किया। अपनी मांगों में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य सारी शिक्षा की शुल्क एवं सारे विद्यालय की शिक्षा माफ एवं सामान्य पाठ्यक्रम उद्योग वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं मानवादी हो, अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मनपसंद उम्मीदवार सुनने का अधिकार मिले, राज्य में सर्वे के नाम पर भ्रष्टाचार बंद हो, धान खरीदारी में एम.एस.पी पर करने की व्यवस्था हो, जनसंख्या के अनुपात में सभी जगह सभी को हिस्सा मिले, ऊपर चालक जमीन को सात वर्ष के अंदर बाढ़ एवं सुखाड़ से मुक्त करें, खेती में काम आने वाली सभी सामान को कर मुक्त किया जाए। मौके पर संजय यादव, विनय पासवान, शिवकुमार पासवान, विशाल कुमार, डॉ अमन कुमार, राहुल कुमार यादव, समाजसेवी वीरेंद्र सिंह, श्रीभगवान सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी स्व.अंबिका सिंह के 55 वर्षीय पुत्र हरेंद्र शर्मा उर्फ भुआ है। वह पेशे से मजदूर थे एवं अखगांव बाजार स्थित मॉल में काम करते थे। इधर मृतक के बड़े भाई गणेश सिंह ने बताया कि वह जिस मॉल में काम करते थे। जहां मकई के खेत के चारों ओर मवेशी से बचाव के कारण बिजली का तार घेरा हुआ था। शौच करने के दौरान वह उसी तार में स्पर्श कर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। लेकिन वह बुधवार को अपने ससुराल करवा चले जाते थे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन नहीं की। शुक्रवार की सुबह जब एक ट्रैक्टर चालक खेत जोतने को लेकर जब उधर गया तो उसने देखा की झाड़ी में उनका शव पड़ा है। इसकी सूचना उनके परिजन को दी।

## सीवान में एक सीएचसी, तीन एपीएचसी और दो एचडब्ल्यूसी का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

# बिहार में स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण व स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ बेहतर सुधार: मंत्री

♦ स्थानीय ग्रामीणों को इलाज कराने के लिए दूर जाने की जरूरत नही बल्कि स्थानीय स्तर पर मिल रही इलाज की सुविधा

केटी न्यूज/सीवान



केंद्र और राज्य सरकार इस बात को लेकर संकल्पित है कि बिहार का कोई भी इलाका विकास की रोशनी से वंचित नहीं रहेगा। इसी उद्देश्यों को लेकर राज्य सरकार ने जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलो मीटर दूर रघुनाथपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित तीन मंजिला व सात करोड़ 69 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया है। उक्त बातें स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने सीएचसी का लोकार्पण करने के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में कई स्तर पर प्रभावशाली कदम उठाया थे। महामारी के अनुभव से हमें स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने की प्रेरणा मिली। जिसका नतीजा बिहार में स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा मुहैया कराने में काफी सुधार हुआ है। हालांकि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने कई नई- नई तकनीकों को अपनाकर इसे और सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि टेलीमेडिसिन और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यह पहल खासकर दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए अत्यंत फायदेमंद साबित हो रहा है। इन सेवाओं से लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से सलाह लेने में मदद मिल रही है, जिससे उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जिले के एक सीएचसी, तीन एपीएचसी और दो एचडब्ल्यूसी का उद्घाटन करने का मतलब स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। क्योंकि यह प्रयास न केवल स्वास्थ्य संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि जिलेवासियों के स्वास्थ्य और कल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा।

### इलाज कराने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिले के दक्षिण छोर पर स्थित प्रखंड स्तरीय अस्पताल को अत्याधुनिक सुख सुविधाओं से लैस कर स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इसी सोच के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया है। क्योंकि विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्था को सहज और सुगम बनाने लिए अधिकारी और कर्मी हर संभव प्रयासरत रहते हैं। ताकि स्थानीय लोगों को हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाए। अस्पताल का नया भवन बन जाने से जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल जैसी सुविधाएं इस अस्पताल में लोगों को मिलने लगेगी। अब यहां के किसी भी मरीज को जिला अस्पताल जाने की जरूरत नहीं होगी। क्योंकि प्रसव, टीकाकरण, परिवार नियोजन, टेली कंसल्टेंसी सहित कई अन्य प्रकार की सुविधाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुनिश्चित कराई गई हैं।

### स्वास्थ्य संरचना में सुधार का प्रयास

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय कासूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने राज्य में जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, एपीएचसी, एचएससी और एचडब्ल्यूसी को विकसित करने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक स्तर पर सुधार के लिए एक नई दिशा दी गई है। केंद्र और राज्य सरकार ने राज्य के सभी जिलों में आधारभूत स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने के लिए कई स्तर पर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। स्वास्थ्य संरचना को बढ़ावा देने के लिए एक योजना बनाई गई है, जिसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाना है। नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एपीएचसी और एचडब्ल्यूसी के उद्घाटन से ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं अधिक सुलभ हो गई हैं। यह कदम विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां चिकित्सा सुविधाओं की कमी है। इस अवसर पर सिवान सांसद विजय लक्ष्मी, हरि शंकर यादव, कर्णजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# बिक्रमगंज में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, वाहन छोड़ चालक फरार

♦ एसबीआई से पैसा निकालकर आ रहे दंपति सामने हुआ हादसे, बेटी की मौत
♦ बर्थ डे पार्टी में जा रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

केटी न्यूज/ बिक्रमगंज



बिक्रमगंज शहर के अलग-अलग जगहों पर एक ही दिन गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में एक किशोरी व एक युवक की हुई मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक फरार हो गया है। वहीं पुलिस ने मौके से ट्रक जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोआंव निवासी गोरख कुमार राम अपनी पत्नी एवं पुत्री के साथ शहर के एसबीआई बैंक में पैसा निकालने के लिए आए हुए थे। पैसा निकाल कर जैसे ही श्रीराम अपनी बाइक पर अपनी पत्नी और पुत्री को लेकर बैंक से तेंदुनी चौक की ओर जा रहे थे । उसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही 18 चक्का ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े । सूत्रों के मुताबिक घटना के क्रम में गोरख कुमार राम एवं उनकी पत्नी को किसी भी तरह की चोटें नही आई। लेकिन उनकी 16 वर्षीय पुत्री कुमकुम कुमारी को सिर में चोटें आई। जख्मी किशोरी को सासाराम ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई । मामले में घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक ट्रक को लेकर भागने लगा लेकिन भीड़ को देखते हुए चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया । जिस मामले में स्थानीय पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर लिया ।तो वहीं दूसरी ओर नटवार- दिनारा मुख्य पथ पर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत धनगाई गांव के मां काली मंदिर समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुआरा निवासी स्वर्गीय भोला सिंह के 30 वर्षीय पुत्र राजन कुमार सिंह बिक्रमगंज शहर से बर्थडे पार्टी मना कर अपनी बाइक से घर जा रहे थे । जिस क्रम में वे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए । जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच दोनों शव को कब्जे में लेते हुए परिजनों के समक्ष कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार कर अंत्यपरीक्षण कराने हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया ।

### किसानों को अब खेतों में दानेदार की जगह डालना होगा टैबलेट

**जहानाबाद।** हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र के भगवानपुर गांव में प्रमोद कुमार एवं दो अन्य किसानों के धान के फसल में एफएमसी कंपनी के द्वारा रीजोनेक्स दवा का प्रत्यक्षण किया गया था जिसका लगभग डेढ़ महीने के बाद किसानों के बीच परीक्षण किया गया। इस अवसर पर आसपास के सैकड़ों किसानों ने प्लॉट पर आकर प्रत्यक्षण वाले धान एवं अन्य धानों के बीच में तुलना किया। तुलना के उपरांत किसानों ने निष्कर्ष निकाला कि जिस स्थान में रिजोनेक्स का टैबलेट डाला गया है उसका ग्रोथ जड़ का बढ़ाव कठ्ठे हरियाली एवं वृद्धि देखने लायक है ।कंपनी के एम आई रोशन कुमार ने बताया कि एफएमसी कंपनी के द्वारा कोई भी प्रोडक्ट जब बाजार में लॉन्च किया जाता है तो उससे पहले इसका विधिवत किसानों के बीच में परीक्षण प्रत्यक्षण किया जाता है। यह कार्यक्रम उसी प्रत्यक्षण परीक्षण का एक भाग है। इसके बाद सभी किसान प्रत्यक्षित धान और अन्य दोनों के उपज का तुलना भी करेंगे। किसानों के संतोषजनक जवाब से खुश हुए एम आई रोशन कुमार ने किसानों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

### प्रखंड स्तरीय राजद की बैठक में संगठन को मजबूती देने पर चर्चा

♦ एनडीए सरकार आरक्षण विरोधी है
♦ पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने पंचायत में जाकर बूथ स्तर को मजबूत करें
♦ एकजुट होकर कार्यकर्ता करें कार्य

केटी न्यूज/काराकाट

काराकाट प्रखंड क्षेत्र के गोडारी में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए राजद के काराकाट प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता व संचालन प्रखंड के राजद अध्यक्ष हजारी सिंह ने किया । बैठक में मुख्य अतिथि रहें जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर प्रधान, महासचिव राजीव रंजन सिंह राज, परिषद सदस्य राज किशोर सिंह ने लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा दिए गए घड़ी का वितरण किया । इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रखंड अध्यक्ष के साथ सभी पंचायत अध्यक्ष पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में सभी ने संकल्प लिया कि मिशन 2025 में होने वाले विधानसभा में राजद की सरकार बनाना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर प्रधान ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हैं। पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने पंचायत में जाकर बूथ स्तर को मजबूत करें और 17 महीना में तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा की गई की उपलब्धियां को बताएं। इस अवसर पर जिला महासचिव राजीव रंजन सिंह राज ने कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर लोगों को इसके फायदे नुकसान के बारे में बताना है। उन्होंने कहा एनडीए सरकार आरक्षण विरोधी है। इस अवसर पर परिषद सदस्य राज किशोर सिंह ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव कार्यकताओं से मिलने को लेकर पूरे बिहार के लिए निकल चुके हैं। इस मौके पर काराकाट प्रखंड में भी उनका आगमन हो सकता हैं। वे कार्यकर्ता संवाद करेंगे व जमीनी स्तर पर कार्यकताओं से फीडबैक लेंगे। मौके पर युवा राजद अध्यक्ष विकास कुमार, राधे श्याम कुशवाह, प्रो. जमुना सिंह, उमाशंकर पासवान, शकील अंसारी, रामअवतार सिंह सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 27 सितंबर को जिला मुख्यालय के मल्टीपर्पस हॉल में होगा भव्य आयोजन

# जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजन को लेकर हुई बैठक

केटी न्यूज/सासाराम



जिलाधिकारी उदिता सिंह के आदेशानुसार डीडीसी विजय कुमार पांडे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 के आयोजन को लेकर बैठक की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, नजारत उप समाहर्ता, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन फजलगंज स्थित मल्टीपर्पस हॉल में 27 सितंबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव का मुख्य उद्देश्य उन युवा प्रतिभागियों की खोज करना है जो कला एवं संस्कृति के क्षेत्र बेहतर मुकाम हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और पूरी पारदर्शिता के साथ कलाकारों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव के दिन होने वाले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तरीय महोत्सव में भेजा जाएगा। जिसमें भाग लेने वाले युवा कलाकारों की उम्र सीमा 15 से 29 साल होगी। आवेदक के लिए आवेदन जिला शिक्षा कार्यालय, जिला खेल कार्यालय तथा सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा। सभी प्रतिभागी 21 से लेकर 25 सितंबर की शाम 5 बजे तक अपना आवेदन संबंधित कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसमें प्रतिभागी जिन 13 उत्सव समूहों समूह गायन, समूह लोक नृत्य, लघु नाटक, शास्त्रीय नृत्य , कत्थक, ओडिसी, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मणिपुरी, शास्त्रीय गायन,हिंदुस्तानी, कर्नाटकी, शास्त्रीय वादन,सितार, बांसुरी, वीणा वादन, मृदंगम, गिटार, हारमोनियम वादन आदि शामिल है।

### भोजपुर सड़क हादसे में युवक की मौत

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर स्थित उत्सव पैलेस के समीप सड़क हादसे में ससुराल जा रहे बाइक सवारी दामाद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी लाल मोहर राम का 25 वर्षीय पुत्र राकेश राम है। वह पेशे से सफाई कर्मी था एवं आरा नगर निगम में सफाई कर्मी का काम करता था। अपने घर से चरपोखरी थाना क्षेत्र के धनौती गांव अपने ससुराल जाने के लिए निकला था। उदवंतनगर उत्सव पैलेस के समीप हादसा हुआ।

# समाज के हर वर्ग को पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अधिकार : नवीन शाह

केटी न्यूज/संझौली



संझौली के स्लेम बस्ती एवं कोचिंग स्कूल में पाठ्य सामग्री का वितरण भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में किया गया। यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा की अंतर्गत किया गया जिसकी अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह ने की। अपने अध्यक्ष भाषण में नवीन शाह ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताया तथा सेवा को अपने जीवन का अंग बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय व्यक्ति बताते हुए उनके विकासात्मक कार्य सबके समक्ष रखा। सेवा परमो धर्म को चरितार्थ करते हुए समाज के गरीब शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अनेकों उल्लेखनीय कार्य माननीय प्रधान मंत्री के नेतृत्व में हो रहे हैं। ऐसे ही पवित्र उद्देश्य को पूर्ति हेतु पाठ्य पुस्तक का वितरण आप सभी बच्चों बच्चियों के बीच किया गया। आप सभी के सहयोग से प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है वो पूरा होकर रहेगा।

# डीएम साहब कंफ्यूजन में... सरयू ने बहाया एनएच–31, बदनाम हो रही गंगा

**तिलक कुमार/बलिया**

आम आदमी ऊहापोह में रह सकते हैं, लेकिन जिले के हाकिम जब कंफ्यूज रहेंगे तो कैसे काम चलेगा। दरअसल चांददीयर पुलिस चौकी से कुछ मीटर की दूरी पर एनएच–31 को सरयू नदी ने बहाया है, लेकिन जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने मीडिया को बयान देते हुए बताया कि गंगा की बाढ़ से नेशनल हाईवे बहा है। माना कि मिस्टेक हो सकता है, लेकिन जिलाधिकारी के कंफ्यूजन खामखा पतित पावनी मां गंगा बदनाम हो रही है।

जैसा कि आप जानते हैं कि बीते गुरूवार की भोर में सरयू नदी में आई बाढ़ के चलते एनएच–31 बह गया। इसके बाद न सिर्फ यूपी और बिहार का संपर्क टूटा, बल्कि अगले लगन में बेटी की शादी के लिए पाई–पाई जुटाकर रखे लोगों की उम्मीदें और आशाएं पानी में बह गई। इस बीच जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने मोर्चा संभालते हुए न सिर्फ तुरंत पूरे आलाकमान को एक्टिव किए, बल्कि स्वयं दिनरात एक कर दिए। लेकिन मीडिया को दिए बयान में जिलाधिकारी ने एक बार नहीं बल्कि तीन–तीन बार कंफ्यूज नजर आए और हर बार उन्होंने गंगा की बाढ़ से एनएच–31 की बात को दोहराई। अब यह बयान मीडिया में चलने के बाद लोगों में चर्चा आम हो गई है कि बताओ जी, जब जिलाधिकारी को ही मालूम नहीं है एनएच–31 किससे बहा तो आम आदमी की तो बात ही छोड़ दीजिए। जिलाधिकारी के इस बयान को लेकर पूरे दिन चचाओं का बाजार गर्म रहा।





**जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य में जुटे :** चांददीयर के पास एनएच 31 सरयू नदी की बाढ़ में बह जाने के बाद जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य में जुट गया है। शुक्रवार को पूरे दिन बोल्डर गिराने के साथ ही आसपास के क्षतिग्रस्त इलाके को भी बोल्डर से जाम किया गया। वहीं नाव से, बोर्ड से दिनभर जिला प्रशासन बाढ़ में फंसे लोगों को भोजन सामग्री पहुंचाते हुए नजर आए।

### सरयू को नजरअंदाज करना बनी वजह

जनपद में गंगा और सरयू दोनों तांडव मचाए हुए हैं। लेकिन जिला प्रशासन ने फ्लड फाइटिंग के नाम पर ज्यादा ध्यान गंगा पर दिया था। नतीजन सरयू नदी की प्रलयकारी लहरों ने एनएच–31 को बहा दिया। यदि जिला प्रशासन मुस्तैद रहता तो न एनएच–31 टूटता और न ही हजारों की आबादी पानी में घिर जाती।

## एक नजर

### प्रगतिशील किसान ज्ञानेंद्र कुमार राय को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया सम्मानित



**गाजीपुर।** जनपद के वतीपुर निवासी प्रमुख प्रगतिशील किसानों में शुमार ज्ञानेंद्र कुमार राय को अयोध्या स्थित आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह में आयोजित कार्यक्रम में जिले में बहुफसलीय खेती को बढ़ावा देने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें अंगवस्त्र, प्रशस्ति–पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।प्रगतिशील किसान ज्ञानेंद्र कुमार राय को राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किए जाने की जानकारी जैसे ही गांव और इलाके के किसानों को हुई तो सभी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लोगों ने कहा गांव के लाल और युवा किसान ने कम समय में ही खेती के क्षेत्र में जो मुकाम हासिंल किया है। वह दूसरों के लिए प्रेरणा का श्रोत है। लोगों ने कहा कि हम लोगों को उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ज्ञानेंद्र राय बहुफसलीय खेती के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी और बड़ी उपलब्धि अर्जित करेगें। कहा कि दूसरे किसानों के लिए यह रोल माडल साबित हो सकते है। यही बात राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत प्रगतिशील किसान ज्ञानेंद्र कुमार राय ने बताया कि उनके लिए यह सम्मान बहुत बडी उपलब्धि है। कहा कि उन्होंने 1994 में समाजशास्त्र और मैथ से एमए की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने एक डिग्री कालेज में दो तीन वर्ष तक अध्यापन कार्य किया।

### पुलिस ने तीन अंतर्जनपदीय चोरों को दबोचा



**मऊ।** शहर कोतवाली पुलिस को उस समय भारी सफलता मिली जब रेलवे स्टेशन के पास से तीन अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया। तीनों के कब्जे से तलाशी के दौरान कुल 28 चोरी के मोबाइल और तमंचा व कारतूस बरामद किए गए। तीनों पर पुलिस ने 50–50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध में नगर कोतवाली में क्षेत्राधिकारी शहर अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद कोतवाली पुलिस गुरुवार की देर शाम 5:25 से लेकर रात 8:55 तक रेलवे स्टेशन के पास सक्रिय रही। इस दौरान पुलिस ने चोर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान तीनों के पास से चोरी के कुल 28 मोबाइल, एक तमंचा और कारतूस भी बरामद किया गया। तीनों की पहचान झारखंड राज्य के साहिबगंज थाना क्षेत्र के महाराजपुर नया टोला तालझारी निवासी शेखर महतो, छोटू कुमार और गोलकिया महतो के रूप में हुई। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में तीनों ने बताया कि लोगों को ट्रेनिंग देकर प्रदेश के कई शहरों में भेजते हैं। जहां से सभी लोग मलिन बस्तियों के साथ दुकानदारों व बाजार में मोबाइल चोरी करते हैं। पुलिस में तीनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह, एसओजी प्रभारी प्रमोद सिंह, अनिल द्विवेदी, मनोज कुमार सिंह, अनिल पांडेय, अमरेश सिंह शामिल रहे।

### वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि से सड़क पार करना हो रहा मुश्किल

**सिपाह इब्राहिमाबाद (मऊ)।** हाल के वर्षों में जन संख्या के सापेक्ष वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि ने बाजारों व कस्बों से गुजरने वाली सामान्य सड़कों को भी राष्ट्रीय राजमार्ग सरीखे व्यस्त मार्गों की श्रेणी में पहुँचा दिया है। जनपद का मधुबन–घोसी मार्ग जिस पर महज डेढ़–दो दशक पहले घंटों के अंतराल पर वाहनों का गुजरना होता था, पर आज वाहनों की भीड़ का कुछ ऐसा आलम नजर आता है कि दिन का शायद ही कोई ऐसा सेकेंड व्यतीत होता हो जिसमें कोई न कोई वाहन न गुजरता न दिखे। कभी–कभी तो एक ही सेकेंड की समयावधि में अनगिनत वाहन गुजरते देखे जाते हैं। वस्तुस्थिति यह है कि बच्चे, बुजुर्ग और बीमार यदि सड़क के इस पार से उस पार जाना चाहें तो कभी–कभार उन्हें दस से पंद्रह मिनटों तक इंतजार करना पड़ता है। क्षेत्र के कतिपय सचेष्ट नागरिकों ने जिले के कस्बाई व बाजारी क्षेत्रों के प्रमुख तिराहों–चौराहों पर यातायात पुलिस का हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने की माँग की है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सत्यदेव डिग्री कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**गाजीपुर।** सत्यदेव डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम शुरू किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सत्यदेव डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. राम चन्द्र दूबे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि ह्व स्वच्छता राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है ह्व गांधी जी का उक्त कथन स्वक्छता के महत्व को रेखांकित करता। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वक्छता अभियान की शुरूआत कालेज परिसर में 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के दिन आईटीआई कैंपस में प्राध्यापकों और कर्मचारियों द्वारा शुरू किया जा चुका है। यह स्वक्छता अभियान का कार्यक्रम दो अक्तूबर तक निरंतर चलाए जाने की योजना है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र, छात्राओं द्वारा सफाई का कार्यक्रम किया गया।

## खबरें फटाफट

### जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य में जुटा

**बलिया।** चांददीयर के पास एनएच 31 सरयू नदी की बाढ़ में बह जाने के बाद जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य में जुट गया है। शुक्रवार को पूरे दिन बोल्डर गिराने के साथ ही आसपास के क्षतिग्रस्त इलाके को भी बोल्डर से जाम किया गया। वहीं नाव से, बोर्ड से दिनभर जिला प्रशासन बाढ़ में फंसे लोगों को भोजन सामग्री पहुंचाते हुए नजर आए।

### रोटरी क्लब ने कराई प्रतीक्षालय की साफ–सफाई

**मऊ।** रोटरी क्लब मऊ नाथ भंजन अपने दो यात्री प्रतिक्षालय आजमगढ़ मोड और गाजीपुर तिराहा की साफ–सफाई और धुलाई का कार्य कराया गया। इसके अलावा बलिया मोड़ पर हमारे अभिभावक स्व. श्री जेपी मिश्रा की स्मृति में बना यात्री प्रतीक्षालय के सामने अतिक्रमण हो गया था, प्रतीक्षालय के सामने खंबे में ताला बंद करके दुकान चल रही थी, ताला खुलवाकर रोटेरियन बंधुओं ने यात्री प्रतीक्षालय बलिया मोड को अतिक्रमण मुक्त कराया। सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त करने वाले लोगों में मुख्य रूप से क्लब के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सचिव पुनित श्रीवास्तव,डॉ एचएन सिंह, अनूप अग्रवाल,अमित रंजन, डॉ एस सी तिवारी, डॉ आशीष वर्मा, डॉ एके सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### आरपीएफ ने काटा 28 लोगों का चालान

**गाजीपुर।** रेलवे लाइन पर शरारती तत्वों द्वारा गिट्टी और लकड़ी रखने के बाबत वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी एस रामाकृष्णन के आदेश पर आरपीएफ गाजीपुर सिटी के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार राय के निर्देशन में गाजीपुर सिटी से गाजीपुर घाट तक रेलवे अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त के अनुपालन में शुक्रवार को रेलवे लाइन पर अनाधिकृत रूप से घूमते ऊ कुल 28 व्यक्तियों के विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत चालान किया गया।

## बलिया के जिलाधिकारी ने गांधी जयंती की तैयारियों के संबंध में की बैठक

# गांधी जयंती पर हर कोई खादी का एक सामान जरूर खरीदे: पूर्व सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने गांधी जयंती की तैयारियों के सम्बन्ध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में उन्होंने 2 अक्टूबर के दिन होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा सम्बन्धित विभागों को उनके दायित्व सौंपे।



जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक है। उनके अहिंसा का जो सिद्धान्त है, उसके बारे में सबको बताने की जरूरत है। खासकर बच्चों को अहिंसा के सिद्धांत के बारे में हम सबको बताने की आवश्यकता है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में जहां भी गांधी जी की प्रतिमा है, वहां साफ-सफाई कराकर माल्यार्पण किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी का भी जन्मदिवस मनाया जाना है। शास्त्री जी का संघर्ष हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जिसके बारे में बच्चों को जानकारी देनी चाहिए।

बैठक में पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सुझाव दिया कि जिलाधिकारी की ओर से समस्त जनपदवासियों के बीच यह संदेश जाए कि गांधी जयंती के अवसर पर हर कोई खादी जरूरी खरीदे, चाहे वह भले ही एक रूमाल ही क्यों न हो। ग्राम स्वराज के विषय पर चर्चा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास व कृषि अर्थव्यवस्था को शक्तिशाली बनाने के लिए यह जरूरी है कि प्राकृतिक खेती व मोटे अनाज के उत्पादन को बढावा दिया जाए। गांधी जयंती के दिन ब्लॉक व ग्राम स्तर पर किसानों को जागरूक किया जाए। स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने की भी अपील की जाए। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्रकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ वीपी द्विवदी, कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष कौशल उपाध्याय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

### जिलाधिकारी ने बैंकर्स संग की बैठक

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बैंक से सम्बन्धित डीएलआरसी एवं डीएलसीसी की पहली तिमाही की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। उन्होंने राष्ट्रीयकृत बैंकों की सीडी रेसियो ठीक नहीं होने पर एक–एक बैंक के जिला कोआर्डिनेटरों से पूछताछ की। निर्देश दिया कि अगली बैठक में यह प्रगति में पांच प्रतिशत तक की वृद्धि नहीं हुई तो सम्बन्धित बैंक के विरूद्ध पत्र भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पब्लिक वहीं जाएगी, जहां सुविधा मिलेगी। इसलिए कार्यप्रणाली में सुधार लाना होगा। खराब सीडी रेसियो को ठीक करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की बात कहते हुए कहा कि जो लक्ष्य मिले, उसके सापेक्ष हर महीने उपलब्धि हासिल करें। यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत बैंको में लम्बित आवेदन की स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है। हर बैंक में एक रजिस्टर बनाया जाए और आवेदन को उस पर दिनांकवार अंकित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदन का निस्तारण 15 दिन के अंदर हो जाए।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री दयालु, बांटी राहत सामग्री



**केटी न्यूज/बलिया**

प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने शुक्रवार को बैरिया तहसील क्षेत्र के यादव नगर व ठेकहा डेरा के बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने प्रत्येक पीड़ित को 10 किग्रा आटा, 10 किग्रा चावल, 5 किग्रा लाई, 2 किग्रा अरहर दाल, दो किग्रा भुना चना, गुड, नमक, मसाला, सरसो तेल, मोमबत्ती, माचिस, विस्कुट, आलू, तिरपाल व साबुन दिया गया। प्रभारी मंत्री ने एसडीएम को निर्देश दिया कि शेष सभी पीड़ितों की सूची बनवाकर उनके बीच राहत सामग्री वितरित कराएं। उन्होंने एनडीआरएफ की नाव से आपदा से प्रभावित बस्ती यादव नगर व ठेकहा डेरा के पीड़ितों का हाल जाना। मंत्री ने घरों की छत पर रुके बाढ़ पीड़ितों से उनकी समस्याए पूछी। साथ ही प्रशासन स्तर से मिल रही सुविधाओ के बारे मे जानकारी ली। पीड़ितों ने बताया कि खाना तो मिल रहा है। पीने का पानी और नाव की कमी की बात बताने पर प्रभारी मंत्री ने एसडीएम बैरिया सुनील कुमार को निर्देश दिया किपीड़ितों की आवश्यकता के अनुसार नाव मुहैया कराएं। साथ ही पर्याप्त पीने के पानी उपलब्ध कराएं। बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि उनको किसी प्रकार की असुविधा नही होने दी जायेगी।

## एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव ने किया बाढ़ क्षेत्र का दौरा

# शमीम खान ने की मांग... बाढ़ विभाग के घोटोले की हो उच्च स्तरीय जांच

♦ प्रदेश महासचिव ने निजी खर्चे से लगाई दो डेंगी

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में आई भीषण बाढ़ के बीच शुक्रवार को एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने बाढ़ क्षेत्र हैबतपुर, निहोरा नगर, रेपुरा, बयासी गांवों में दौरा किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने निजी खर्चे से लोगों के आने जाने के लिए दो डेंगी का भी प्रबंध कराया। बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिया कि उनकी पार्टी उनकी हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है। इस दौरान एनएच–31 के टूट जाने के सवाल पर उन्होंने भाजपा सरकार को जमकर आड़ेहाथ लिया। उन्होंने कहा कि इस सरकार में टूटने का रिकॉर्ड बन रहा है। केवल राष्ट्रीय राजमार्ग 31 नहीं टूटा है ,बाबा जी की सरकार में नौजवानों का सपना टूटा है, बेरोजगारों का आत्मविश्वास टूटा है, पेपर लीक होने का रिकॉर्ड टूटा है, किसानों व्यापारियों की पूंजी टूटी है, जनता का विश्वास टूटा है। बाढ़ विभाग 75 सालों में बाढ़ राहत के नाम पर हजारों करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है। उस पैसे का सिवाय बंदरबांट के अलावा कुछ नहीं हुआ। अगर उसे पैसे का सदुपयोग होता तो यह समस्या आज उत्पन्न नहीं होती और इसका स्थाई समाधान हो चुका होता। इस सरकार में लूट खसोट मची हुई है ,हम मुख्यमंत्री जी से मांग करते हैं कि एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाकर इसकी जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारी पार्टी के सभी कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए तत्पर हैं, उन्हें हर जरूरत की सामग्री जो भी व्यवस्था बन सकती है हम करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिला सचिव दीपक यादव, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला कार्य समिति के सदस्य सनाउल्लाह खान, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम इत्यादि लोग मौजूद रहे।



## अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक आयोजित, पूर्व विधायक ने सरकार पर उठाए सवाल

# किसान विरोधी कार्य कर रही है मौजूदा सरकार: यादव

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश किसान सभा के फैसले के अनुसार बिरनो ब्लॉक की बैठक बोधिसत्व डॉक्टर बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी सभागार के सामने पार्क में पूर्व प्रधान पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने कहा कि देश के अंदर लगभग 400 किसान संगठन संयुक्त किसान मोर्चा बनाकर लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन देश का सबसे पुराना किसान संगठन आजादी के पहले स्वामी सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में 1936 में गठन हुआ था। आज तक लगातार किसान इसकी लड़ाई लड़ता आ रहा है। आज मौजूदा सरकार किसान विरोधी कार्य कर रही है। सरकार अडानी अंबानी एवं कारपोरेट जगत को मजबूत करने और पब्लिक सेक्टर को बेचने का काम कर रही है। निजी क्षेत्र में किसान मजदूर के बच्चों को नौकरी नहीं मिलेगी। नौकरी पब्लिक सेक्टर में ही मिलेगी। इसलिए जात धर्म से अलग उठकर एक जूट होकर किसान संगठन को मजबूत करके अपनी लड़ाई लड़ने का काम करें। ब्लॉक कमेटी की बैठक को किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारती कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड जनार्दन राम ने कहा कि पिछली सरकार द्वारा तीन कृषि बिल लाकर किसान विरोधी कार्य प्रारंभ किया गया है। तीन कृषि बिल के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली की सरहदों पर 380 दिन का किसान आंदोलन दुनिया का अनोखा आंदोलन था, जो लंबे समय के बाद मौजूदा सरकार उसे समय की किसानों के आगे घुटने टेका और तीन कृषि बिल वापस लिया। गाजीपुर किसान सभा द्वारा एक सितंबर के जिला काउंसिल की विस्तारित बैठक में मांग दिवस के अवसर पर प्रत्येक स्त्री पुरुष को 60 वर्ष की उम्र के बाद 10000 पेंशन की गारंटी को लेकर संघर्ष करती आ रही है। गाजीपुर के अंदर सरकारी कर्मचारी चाहे पुलिस प्रशासन या राजस्व कर्मचारी या विकास से संबंधित कोई भी कार्य बगैर पैसे का संभव नहीं है। बिरनो ब्लाक अंतर्गत बलीपुर और गोपालपुर गांव सभा से संबंधित विकास में भ्रष्टाचार के सवाल पर बड़ा आंदोलन के बावजूद भी सरकार के प्रतिनिधियों के दबाव में आज तक कार्रवाई नहीं की गई। इसकी गंभीरता की चर्चा पूरे ब्लॉक में की जा रही है। आगे जखनियां एसडीएम के खिलाफ 24 से 28 सितंबर तक चल रहे आंदोलन में 28 सितंबर को बड़े पैमाने पर जखनियां चलने का आवाह्न किया। 24 सितंबर को पूर्व विधायक जयराम सिंह की पुण्यतिथि उनके गांव खजूर गांव में मनाई जाएगी। जिसमें सभी साथी उपस्थित रहे। एक नवंबर से 25 नवंबर तक किसान जन जागरण गांव -गांव किया जाएगा और समस्याओं को नोट किया जाएगा। 26 नवंबर को जिले पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। वक्ताओं में मुख्य रूप से किसान सभा के जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, रामकिर यादव, भूरा यादव, रामनाथ नेताजी, रूपनारायण यादव, रामवचन, बब्बन यादव, अश्वनी पांडेय, कैलाश यादव, अंगद यादव, चतुरी बिना, विजय यादव, विनोद राम आदि ने अपना विचार व्यक्त किया।





# शिक्षकों ने गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने के सीखे गुर

**केटी न्यूज/सेवराई**

रेवतीपुर ब्लाक संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण सभागार में शुक्रवार को एफएलएन के तहत निपुण भारत मिशन के तहत छात्रों में बुनियादी भाषा एवं गणित के कौशल विकास पर आधारित ब्लॉक स्तरीय शिक्षकों के चौथे और अंतिम बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया।

अंतिम बैच में 81 शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया गया। 50/50 शिक्षकों के चार बैच में कुल 381 शिक्षकों का यह प्रशिक्षण बीते 29 अगस्त को शुरू हुआ था। प्रशिक्षु द्वारा छात्रों में बुनियादी कौशल के विकास के लिए गतिविधियों के माध्यम से भी बताया गया।

उधर गतिविधियों और प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षकों को सरकार द्वारा कक्षा एक से तीन डॉक्टर के भाषा व गणित के बुनियादी कौशल में पारंगत करने के गतिविधि कराया गया। इसमें बुनियादी शिक्षा की वार्षिक, साप्ताहिक और दैनिक शिक्षण योजना बनाकर गतिविधियों के माध्यम से रोचक तरीके से 2025-26 तक बच्चों में बुनियादी दक्षताओं को पूरा करने के मिशन के बारे में भी बताया एवम गतिविधि कराया गया। प्रशिक्षण के समापन पर बोलते हुए बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि इस प्रशिक्षण से शिक्षकों को बुनियादी कौशल विकास में काफी लाभ हो रहा है, उन्होंने कहा कि शिक्षक आधार शिला क्रियान्वयन सन्दर्शिकाओं का प्रयोग करते हुए भाषा गणित की दक्षताओं को निपुण लक्ष्य ऐप से शत प्रतिशत प्राप्ति कर छात्रों को निपुण बनाने का लक्ष्य प्राप्त करें।



## गोरखपुर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

# सीएम योगी आदित्यनाथ बोले... भारतीयता के मूल्यों और आदर्शों के लिए जीवन पर्यंत लड़ते रहे महंत दिग्विजयनाथ

- कहा-महंत दिग्विजयनाथ ने सुसंस्कृत समाज की रखी थी नींव
- धर्म व देश के लिए समर्पित रहे महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ को साधना स्थली बनाकर सनातन धर्म के परिपूर्ण स्वरूप के अनुरूप आचरण करने वाले युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज आजीवन भारतीयता के मूल्यों और आदर्शों के लिए लड़ते रहे। उनके बताए मूल्यों और आदर्शों ने भारतीयता के नवनिर्माण, पूर्वी उत्तर प्रदेश और गोरखपुर में सुसंस्कृत समाज की नींव रखी। उनके विचारों और उनके कृतित्वों से हमें आज भी निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत शुक्रवार (आश्विन कृष्ण तृतीया) को महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर अपनी भावाभिव्यक्ति कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ के उनके पूर्ववर्ती दोनों पीठाधीश्वरों युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और राष्ट्र संत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज का पूरा जीवन देश और धर्म के लिए समर्पित था। उन्होंने धर्म को केवल उपासना विधि नहीं माना बल्कि भारतीय मनीषा में धर्म के जिसे स्वरूप की बात कही गई है, उसके अनुरूप जीवन जिया। धर्म के दो हेतु होते हैं। एक सांसारिक उत्कर्ष और दूसरा निःश्रेयस। दोनों ही संतों ने धर्म के इन दोनों स्वरूपों को लेकर समाज का मार्गदर्शन किया।

गोरक्षपीठ के संतों का हर काम देश, सनातन और समाज के नाम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ के पूज्य संतों के नेतृत्व में जो भी काम हुए, वह व्यक्तिगत नाम के लिए नहीं बल्कि हर काम देश, सनातन धर्म और समाज के नाम रहा। ऐसा इसलिए कि सनातन धर्म के अनुरूप होने वाले सभी कार्य लोक कल्याण की भावना से परिपूर्ण होते हैं।

सनातन की मजबूती किसी के उत्पीड़न के लिए नहीं बल्कि लोक कल्याण के लिए होती है। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज रमदत्तपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, गुरु वंदना तथा श्रद्धांजलि गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति की। वैदिक मंगलाचरण डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, गोरक्ष अष्टक पाठ गौरव तिवारी व आदित्य पांडेय, दिग्विजय स्त्रोत पाठ डॉ. अभिषेक पांडेय ने किया जबकि संचालन डॉ. श्रीभगवान सिंह और आभार ज्ञापन महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष राजेश मोहन सरकार ने किया।

समारोह के दौरान गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के आचार्य डॉ. गोपीकृष्ण एस. की पुस्तक ह्यरोग निदान, एवं विकृति विज्ञानह्नका विमोचन मंचासीन अतिथिगण द्वारा किया गया। सभा का समापन महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज रमदत्तपुर की छात्राओं द्वारा वंदे मातरम गायन से हुआ। इस अवसर पर दिगम्बर अखाड़ा अयोध्या के महंत सुरेश दास, हरिद्वार से पधारे योगी चेताईनाथ, फतेहाबाद हरियाणा से आए योगी राजनाथ, उज्जैन मध्य अयोध्या धाम से पधारे योगी कमलचंद्र, कर्नाटक से आए योगी भयंकरनाथ, बक्सर से आए योगी शीलनाथ, महाराष्ट्र से आए योगी मुकेशनाथ, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।





### आक्रांताओं को सद्भावना से विदा करता है सनातन धर्म

सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म चराचर जगत के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। यही कारण है कि आकस्मिक आपदाओं, सम-विषम परिस्थितियों में आक्रांताओं का समाना करते हुए अहर्निश जीवंत है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की यह विशेषता और महानता है कि यह आक्रांताओं को भी सद्भावना से विदा करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आक्रांताओं के सपने पूरा करने के लिए कोई नक्सलवाद, आतंकवाद और अलगाववाद के नाम पर आता है लेकिन भारत में अंततः नाकाम हो जाता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी सबने कुछ ऐसी ही स्थिति देखी होगी। कोरोना से जब दुनिया उबर नहीं पा रही तब भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### स्वाभिमानपूर्वक धर्म और राष्ट्र की रक्षा सिखाया : काशीपीठाधीश्वर

श्रद्धांजलि सभा में जगद्गुरु अनंतानंद द्वाराचार्य काशीपीठाधीश्वर स्वामी डॉ. राम कमल दास वेदांती ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ ने स्वाभिमानपूर्वक धर्म और राष्ट्र की रक्षा करना सिखाया। उन्होंने कहा कि संत की भूमिका सिर्फ कुटी में चिंतन करने तक सीमित नहीं है और यही काम गोरक्षपीठ के महंतों ने किया। इस अवसर पर गोरखनाथ आश्रम, जूनागढ़, गुजरात के महंत शेरनाथ ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ ने अपना जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। शिक्षा, स्वास्थ्य समेत समाज के विकास में उनका अभूतपूर्व योगदान है।

### सामाजिक समरसता और हिंदुत्व का नाम पर मुखर रही है गोरक्षपीठ : रामविलास वेदांती

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वशिष्ठ आश्रम, अयोध्याधाम से आए, पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती ने कहा कि सामाजिक समरसता और हिंदुत्व के नाम पर पूरे देश में किसी मठ का नाम लिया जाता है तो वह गोरखनाथ मठ है। गोरक्षपीठ हिंदुत्व और सामाजिक समरसता के नाम पर हमेशा ही मुखर रही है। राम मंदिर आंदोलन का सफल होना गोरक्षपीठ की अगुवाई के बिना संभव नहीं था। महंत दिग्विजयनाथ द्वारा किए गए नेतृत्व से रामलला का प्रकटीकरण हुआ तो 1984 में जब कांग्रेस सरकार के भय से कोई संत राम मंदिर आंदोलन का नेतृत्व करने को तैयार नहीं था तब महंत अवेद्यनाथ ने यह कहकर मंदिर आंदोलन की अगुवाई की कि उन्हें गोरखनाथ मंदिर की चिंता नहीं है बल्कि रामलला की चिंता है, राम मंदिर बनना ही चाहिए। महंत अवेद्यनाथ नेतृत्व स्वीकार नहीं करते तो मंदिर आंदोलन चल नहीं पाता। डॉ. वेदांती ने कहा कि 1973 में यदि महंत दिग्विजयनाथ जीवित होते तो बांग्लादेश एक अलग देश नहीं बल्कि भारत का एक राज्य होता। समाज में छुआछूत दूर करने के लिए दिग्विजयनाथ जी और अवेद्यनाथ जी ने जितना काम किया, उतना किसी ने भी नही किया। वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आज किसी भी अन्य प्रांत में साम्प्रदायिक हिंसा होती है तो वहां का हिंदू चिल्लाकर कहता है कि उसे योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व चाहिए। बांग्लादेश देश के हिंदू भी आज अपने संरक्षण के लिए योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व चाहते हैं।



### महंत दिग्विजयनाथ युग प्रवर्तक थे: प्रो उदय प्रताप

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महंत दिग्विजयनाथ जी युग प्रवर्तक थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुरूप समाज निर्माण का व्रत ले रखा था। इसके लिए वह जीवन प्रर्यंत लगे रहे। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने मैकाले की शिक्षा नीति के कुप्रभाव से समाज और राष्ट्र को बचाने के लिए 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। वह शिक्षा को राष्ट्र के विकास के लिए सबसे ताकतवर हथियार मानते थे। उन्होंने लोगों को शिक्षा का अलख जगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को पुष्पित व पल्लवित किया। इसका परिणाम है कि आज इस परिषद के अंतर्गत 52 संस्थाएं संचालित हैं।

### शिक्षा परिषद संस्थाओं के प्रमुखों ने भी दी श्रद्धांजलि

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं की तरफ से श्रद्धांजलि के क्रम में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी, कर्नल डॉ. अरविंद कुशवाहा, डॉ. डीएस अजीथा, प्रो. नवीन के., डॉ. डीपी सिंह, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, हर्षिता सिंह, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, डॉ. अजय कुमार पांडेय, डॉ. अनिल प्रकाश सिंह, डॉ. सुधीर अग्रवाल, शीतल डी. के., पंकज कुमार, डॉ. व्यासमुनि मिश्र, डॉ. शशिप्रभा सिंह, जगदम्बिका सिंह, हरिकेश त्रिपाठी, आशुतोष कुमार त्रिपाठी, डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, पवन सिंह तथा राजेंद्र सिंह ने अपनी-अपनी संस्था की तरफ से महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और महंत अवेद्यनाथ जी महाराज को श्रद्धांजलि दी।

### सभ्य व समर्थ समाज की पहली आवश्यकता शिक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभ्य और समर्थ समाज के लिए पहली आवश्यकता शिक्षा होती है। इसी उद्देश्य को समझते हुए महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। यह काम धनोपार्जन के लिए नहीं बल्कि लोक कल्याण के लिए किया गया। देश आजाद होने के बाद किसी जगह विश्वविद्यालय बनाने के लिए तत्कालीन राज्य सरकार को 50 लाख रुपये नकद या इतने की संपत्ति की जरूरत होती थी। दिग्विजयनाथ ने गोरखपुर में विश्वविद्यालय की स्थापना और इसे पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बनाने के लिए शिक्षा परिषद की संस्था एमपी बालिका डिग्री कॉलेज की संपत्ति दे दी। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपने समय में योगदान करते हुए महंत दिग्विजयनाथ जी ने 1956 में एमपी पॉलिटेक्निक और चिकित्सा शिक्षा के लिए साठ के दशक में आयुर्वेद कॉलेज की स्थापना कर दी थी।

### राष्ट्र केंद्रित राजनीति के योद्धा थे महंत : प्रो. पूनम

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ का व्यक्तित्व करिश्माई और असाधारण था। वह राष्ट्र केंद्रित राजनीति के अग्रणी योद्धा थे। प्रो. टंडन ने कहा कि उनके द्वारा जगाई गई शिक्षा की अलख की प्रतिबिंब महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के बारे में बताया जाता है कि वर्तमान में इसके तहत 52 संस्थाएं हैं। वास्तव में शिक्षा परिषद की 52 नहीं बल्कि सही मायने में 53 संस्थाएं हैं क्योंकि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय भी इसी परिषद का अंग है। गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना का सपना तब साकार हुआ जब महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक महंत दिग्विजयनाथ जी ने इस परिषद की दो संस्थाएं गोरखपुर विश्वविद्यालय के नाम कर दीं। गोरखपुर विश्वविद्यालय उनका हमेशा ऋणी रहेगा।

## सर्व सेवा संघ सत्याग्रह के समर्थन में रैली निकाली गई



**केटी न्यूज/वाराणसी**

लोक समिति, दिहाड़ी महिला कामगार मजदूर संगठन के संयुक्त तत्वावधान में मिजार्मुराद क्षेत्र के खालीसपुर गांव में शुक्रवार को सैकड़ों महिलाओं ने रेलवे विभाग द्वारा राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ साधना केंद्र को गिराकर अवैध कब्जा करने के विरोध में रैली निकाली। सेवापुरी ब्लाक के दर्जनों गांव से करीब 300 महिलाओं ने निकाली रैली। उसके बाद गांव के डीह पर एकत्रित होकर सर्व सेवा संघ कैंपस को प्रशासन और सरकार के आक्रमण से बचाने के लिए सभा किया। लोगों ने रेलवे विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए सर्व सेवा संघ पर अवैध कब्जा बंद करो, गांधी की विरासत पर हमला नही सहेंगे, हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, लड़ेंगे जीतेंगे महात्मा गांधी, जय प्रकाश नारायण, विनोवा भावे अमर रहे के नारे लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया. आक्रोशित महिलाओं ने चेतावनी दिया कि सरकार सर्व सेवा संघ की जमीन को जबरदस्ती हड़पना चाहती है।

## रोजगार मेले में 557 में से 263 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**मऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सहादतपुरा मऊ एवं जिला सेवायोजन के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहादतपुरा मऊ के परिसर में किया गया, जिसमें सुजुकी मोटर्स गुजरात (कार निमार्ता) कम्पनीके द्वारा प्रतिभाग किया गया। नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहादतपुरा मऊ के प्रधानाचार्य अरूण यादव एवं जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद द्वारा बताया गया कि रोजगार मेले में लगभग 557 युवाओं ने प्रतिभाग किया जिसमें से अंतिम रूप से लगभग 263 युवाओं का चयन हुआ। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी अधिक से अधिक रोजगार मेले का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा।

## कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने चंदौली पुलिस की कार्यशैली पर उठाया सवाल

**केटी न्यूज/चंदौली**

कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन अनिल राजभर शुक्रवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने केशवपुर गांव पहुंचकर मृतक महेंद्र प्रजापति के परिजनों से मुलाकात की। घटना को दुखद बताया। कहा कि घटना में गरीब की जान चली गई, जिससे उसके बच्चे बेसहारा हो गए और पत्नी विधवा हो गयी। इससे बड़ा कष्ट और दुख परिवार के लिए कुछ और नहीं हो सकता। इसके साथ ही उन्होंने चंदौली कोतवाली पुलिस की कार्यवाही पर सवाल खड़े गए। कहा कि मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि केशवपुर के महेंद्र प्रजापति के मौत मामले में पीड़ित परिवार व पुलिस दोनों से बातचीत की गई है। इस मामले में



पुलिस ने 18 दिनों बात एफआईआर दर्ज किया है, जिस कारण मृतक के दिव्यांग भाई को 16 दिनों तक चंदौली कोतवाली के चक्कर काटने पड़े। प्रथम दृष्टया पुलिस की लापरवाही प्रतीत होती है। कैबिनेट मंत्री ने परिवार और स्थानीय लोगों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। कहा कि योगी सरकार में गुनाह व अपराध की कोई जगह नहीं है। सरकार अपराधी के खिलाफ उचित कार्यवाही करेगी। कहा कि वह चंदौली पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हूं, क्योंकि मामले में 18 दिनों बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्यवाही ऐसी हो जिससे पीड़ित परिवार को संतुष्टि मिलनी चाहिए। समाज में अच्छा संदेश जाना चाहिए। कहा कि किसी भी व्यक्ति की वजह से सरकार व प्रशासनिक तंत्र पर सवाल खड़े हो। ऐसे व्यक्ति को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। मामले की जांच की जाएगी, लापरवाही मिली तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि एक गरीब का घर उजड़ा है।

## रेडक्रॉस सोसायटी देगी अंधता पीड़ित बालिका को एक लाख रु. की मदद

**केटी न्यूज/मऊ**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मऊ की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल सचिव इंजीनियर वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समिति के लिए भवन की मांग किया गया साथ ही अंधता पीड़ित सोनीधापा इंटर कॉलेज की छात्रा को 1 लाख आर्थिक मदद देकर चेन्नई भेजने की बात बताई। रेड क्रॉस की ओर से कई स्वास्थ्य शिविर लगाने की योजना से भी जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र को अवगत कराया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर उन्हें पत्रक सौंपा। रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी हरिद्वार राय एडवोकेट ने बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय के लिए आज तक भवन उपलब्ध नहीं हो सका है।



ऐसी स्थिति में सामाजिक कार्य करने के लिए काफी कठिनाइयों होती है। सोसाइटी के सचिव इंजीनियर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सोनी थापा बालिका इंटर कॉलेज की एक पीड़ित बालिका की मदद के लिए 100000 देने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है उसे चेन्नई भेजने के लिए 1 लाख का चेक जल्द ही प्रदान किया जाएगा। वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अमर वाणी स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं जाड़े के वस्त्र उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना बना ली गई है अक्टूबर माह में उन्हें मुहैया कराया जाएगा।

### साल 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की मुहिम से जुड़े अधिकारी

# 125 टीबी मरीजों को गोद लेंगे अधिकारी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

सीएम योगी के प्रदेश को साल 2025 तक टीबी मुक्त करने के अभियान से अब सरकारी अधिकारी भी जुड़ने लगे हैं। इसी के तहत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी 125 ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) मरीजों को गोद लेने जा रहे हैं। वह एसजीपीजीआई में शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम में टीबी मरीजों को गोद लेने के साथ सभी मरीजों को निःक्षय पोटली वितरित करेंगे।

**टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को बनाएं जनआन्दोलन :** प्रमुख सचिव ने आमजन से अपील की कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को जनआन्दोलन

- एसजीपीजीआई में टीबी मरीजों को गोद लेने के साथ मरीजों को वितरित करेंगे नि:क्षय पोटली



बनाते हुए सभी को अपने-अपने सम्बद्ध कार्यालयों / संस्थानों के माध्यम से टीबी जैसे गंभीर रोग के बारे में हर स्तर पर जागरूकता फैलाने के संभव प्रयास करने होंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इस रोग को हराने के लिए टीबी मरीजों की हर संभव सहायता की जाए। यदि हम सब एक साथ मिलकर सामूहिक प्रयास करें तो टीबी मुक्त प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

### निक्षय मित्रों के जरिये 3,30,985 टीबी मरीजों की मदद की जा रही है

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि सामुदायिक सहभागिता, जागरूकता में वृद्धि और टीबी कार्यक्रम को जनांदोलन बनाने की प्राथमिकता के साथ प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए सूबे की सरकार के प्रयास जारी हैं। सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों और प्रयासों के फलस्वरूप, टीबी मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे नि:क्षय मित्र के साथ-साथ नि:क्षय पोषण योजना सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। नि:क्षय पोषण योजना के अंतर्गत, टीबी मरीजों को हर माह पोषण सहायता राशि के रूप में 500 रुपए सीधे उनके खाते में भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश में 39,151 निक्षय मित्रों के माध्यम से लगभग 3,30,985 टीबी रोगियों की मदद की जा रही है।

## अज्ञात युवती का पेड़ से लटका मिला शव शिनाख्त नहीं

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के आदमपुर के पास सड़क किनारे एक बगीचे में एक युवती का शव शुक्रवार को सुबह मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह दौड़ लगा रहे युवकों ने युवती का शव देखा और पुलिस को इसके बारे में जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलती है मौके पर पुलिस पहुंचकर शव कब्जे में लेते हुए जांच पड़ताल में जुड़ गई है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के आदमपुर सड़क किनारे एक बगीचे के पास एक अज्ञात युवती की हत्या के बाद शव को पेड़ से लटका दिया गया है। युवती के मुंह पर खून के निशान थे। सुबह करीब 7 बजे दौड़ लगा रहे युवकों ने शव देखकर पुलिस को जानकारी दी।


## डीएम की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक संपन्न

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के जनपद स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान अभिहित अधिकारी सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष के माह अगस्त में कुल 107 छापे के दौरान 109 नमूने संग्रहित किए गए। वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से अब तक कुल 122 जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिनमें 43 अधोमानक, 19 असुरक्षित, 12 मिथ्या छाप पाए गए। इस प्रकार कुल 74 नमूने मानक के अनुरूप नहीं मिले। इसी प्रकार ए ओ कोर्ट में 103 एवं न्यायिक न्यायालय में 22



मुकदमे दर्ज हुए जिनमे ए ओ कोर्ट से 26 वादों का निर्णय हुआ। वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से अब तक 18 लाख 92 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत सरकारी संस्थानों से संबंधित लाइसेंस एवं पंजीकरण में आबकारी विभाग हेतु निर्धारित लक्ष्य 287 के सापेक्ष अब तक 149, खाद्य रसद विभाग के निर्धारित लक्ष्य 1030 के सापेक्ष 593 तथा बाल विकास पुष्टाहार में निर्धारित लक्ष्य 9 के सापेक्ष कोई भी लाइसेंस अथवा पंजीकरण की कार्रवाई नहीं की गई। इस प्रकार आबकारी विभाग में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 138, खाद्य रसद विभाग के 437 तथा बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अभी भी 9 लक्ष्य अवशेष हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लाइसेंस एवं पंजीकरण की कार्रवाई शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।



# जागरूकता से ग्लूकोमा को हराया जा सकता है

**परिवार के किसी सदस्य को ग्लूकोमा यानी काला मोतिया बीमारी हो तो सावधानी जरूरी है। इस स्थिति में परिवार के सभी सदस्यों को नियमित रूप से आंखों की जांच कराना चाहिए। 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से आंखों की जांच कराते हुए आई प्रेशर का पता लगाना चाहिए। जागरूकता से ग्लूकोमा को हराया जा सकता है।**


### अंधत्व के खतरे को टाला जा सकता है

यदि समय रहते बीमारी का पता चल जाए तो अंधत्व के खतरे को टाला जा सकता है। उदाहरण के लिए यदि पिता को काला मोतिया है तो बच्चों की आंखों की जांच जरूर नियमित रूप से कराते रहें। आई प्रेशर से ग्लूकोमा के खतरे का पता चल जाता है। काला मोतिया ऐसी स्थिति है जो आंख के पिछले हिस्से में आप्टिव नर्व को प्रभावित करती है। इससे आंखों को गंभीर नुकसान हो सकता है। आप्टिक नर्व आंख से मस्तिष्क को जानकारी भेजने का काम करती है।

### आंखों की बनावट गुब्बारे की तरह होती है

आंखों की बनावट गुब्बारे की तरह होती है। जिसके भीतर तरल पदार्थ भरा होता है। आंखों के भीतर यह तरल पदार्थ बनता रहता है, जो आंखों को नमी प्रदान करती है। परंतु जब आंखों में तरल पदार्थ बनने व बाहर निकलने की प्रक्रिया बाधित होने लगती है तो आंखों पर दबाव बढ़ता है और आप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचता है। इस दशा में आंखों की रोशनी कम होने लगती है तथा ग्लूकोमा की स्थिति बनती है। ग्लूकोमा में मरीज को ज्यादा तकलीफ नहीं होती है इसलिए इस बीमारी को नजरअंदाज किया जाता है।

# शरीर में इस विटामिन की कमी के कारण होता है पीलिया



जॉन्डिस एक मेडिकल कंडीशन है जिसे हम पीलिया के नाम से जानते हैं। इसमें व्यक्ति की आंखें और त्वचा का रंग पीला पड़ने लगता है। ये एक गंभीर समस्या है जो नवजात से लेकर किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। पीलिया के कारण आपकी आंखों का सफेद भाग, झिल्ली,चेहरे और शरीर की त्वचा धीरे-धीरे पीली पड़ने लगती है।

एक्सपर्ट की माने तो पीलिया तब होता है जब शरीर में बिलीरुबिन नाम का पदार्थ बहुत अधिक हो जाता है जिससे लिवर पर प्रभाव पड़ता है इससे लिवर के काम करने की क्षमता कमजोर हो जाती है। बिलीरुबिन शरीर में फैल जाता है जिससे व्यक्ति पीलिया रोग का शिकार हो जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट की माने तो बिलीरुबिन बढ़ने और पीलिया की समस्या के लिए कुछ विटामिन जिम्मेदार होते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक शरीर में विटामिन के की कमी के कारण भी यह समस्या हो सकती है। विटामिन के की कमी से बाइल डक्ट ब्लॉक हो जाता है जिससे बिलीरुबिन को लिवर से बाहर निकलने में रुकावट होती है। वहीं विटामिन के की कमी से रक्तस्राव भी अधिक होता है जिससे खून की कमी होती है। विटामिन बी 12 की कमी के कारण भी पीलिया हो सकता है। दरअसल जब विटामिन बी 12 की कमी होती है तब लाल रक्त कोशिकाओं की कमी भी हो जाती है। और बिलीरुबिन तब बनता है जब लाल रक्त कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं।



# रखें अपनी ओरल हेल्थ का ख्याल

अगर डेंटिस्ट के पास नहीं जा पा रहे हैं तो खुद ही अपनी ओरल हेल्थ का ध्यान रखना बहुत ही जरूरी होता है और अगर हमारी ओरल हेल्थ सही न रहे तो ये आगे चलकर कई बीमारियों का कारण बन सकती है। यहां सिर्फ दांतों की सफाई नहीं बल्कि मसूढ़ों की सेहत, जीभ की सफाई और हमारे मुंह में मौजूद ग्लैंड्स की सफाई और उनके स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना जरूरी है। ओरल हेल्थ का ख्याल रखना हर उम्र के इंसान के लिए जरूरी है। स्टडी कहती है कि दुनिया भर में 3.5 बिलियन लोग ओरल समस्याओं से जूझ रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से ओरल हेल्थ को मैनेज करने के लिए कुछ खास टिप्स भी दी गई हैं। आज हम ऐसी ही कुछ टिप्स के बारे में बात करेंगे जो हमारी ओरल हेल्थ को सुधारने के लिए जरूरी है।

### कम शक्कर वाले फूड्स, जूस आदि खाएं

गाइडलाइन्स कहती हैं कि आपको अपनी डाइट में जितना हो सके उतना कम शक्कर युक्त खाना खाएं। ये दवाओं के लिए भी लागू होता है। अगर हो सके तो ऐसे कफ सिरप आदि का चुनाव करें जिनमें शक्कर का इस्तेमाल कम हो रहा हो। शक्कर चाहें किसी भी फॉर्म में अंदर जाए वो हमारे मुंह की हेल्थ को खराब कर सकती है। इससे कैविटीज आदि भी हो सकती हैं। इसलिए ये जरूरी है कि हम कम शक्कर वाला खाना खाएं और जितना हो सके नेचुरल फ्रूट्स और ड्रिंक्स का सेवन करें।

### दिन में 2-3 बार गरारा करें

ये जरूरी है कि आप अपने मुंह को साफ रखें इसके लिए आप दिन में 2-3 बार गरारा कर सकते हैं। आप अपने पास एक अच्छा माउथवॉश रखें और अगर माउथवॉश नहीं है तो आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर उससे गरारा कर सकती हैं। आप चाहें तो ष्द्धङ्ग माउथवॉश भी बना लें जिसमें काली मिर्च, अदरक, हल्दी और तुलसी की पत्तियां शामिल हों। ये आपकी ओरल कैविटी को दूर करने में मदद करेगा।

### पानी की कमी न होने दें

ओरल हेल्थ ही नहीं बल्कि शरीर की कई समस्याओं को दूर करने के लिए ये जरूरी है कि आप अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखें। ये अच्छा होगा कि आप पानी पीते रहें ताकि मुंह सूखे नहीं और मुंह के अंदर सलाइवा, मसूढ़े आदि साफ होते रहें। पानी पीने से दांतों के अंदर फंसे खाने के कण भी निकल जाते हैं और साथ ही साथ ये कैविटीज को खत्म करने और मुंह की दुर्गंध से लड़ने में भी सहायक होगा। आप नींबू पानी या सब्जियों और फलों का जूस भी पी सकते हैं।

### एल्कोहॉल और स्मोकिंग से रहें दूर

अगर आप इसका सेवन नहीं करते तो ठीक, लेकिन अगर आप करते हैं तो इसे थोड़ा कम कर दीजिए। ये ओरल हेल्थ को खराब करने के सबसे अहम कारणों में से एक होते हैं। अकेले इस एक स्टेप को लेने से ही आपकी ओरल हेल्थ में कमाल का सुधार दिख सकता है।

### डाइट का रखें ध्यान

हमारी ओरल हेल्थ को निर्धारित करने में हमारी डाइट का बहुत बड़ा योगदान होता है। ये बहुत जरूरी है कि हम सही विटामिन और मिनरल अपनी डाइट में शामिल करें ताकि शरीर को पोषण मिले। अगर हम बहुत ज्यादा चिपचिपा और स्टार्च वाला खाना खाएंगे तो ये हमारी ओरल हेल्थ पर असर डालेगा।

# बढ़ती उम्र के साथ जरूरी है दांतों की सही देखभाल

हेल्दी रहने के लिए शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों की देखभाल भी बहुत जरूरी है। लेकिन अक्सर हम ओरल हाइजीन पर ध्यान नहीं देते हैं। जिसकी वजह से बढ़ती उम्र के साथ दांतों की दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। कई बार कम उम्र में ही आपको दांतों की परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए, दांतों की सही तरह से देखभाल करना बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट के मुताबिक, उम्र बढ़ने के साथ कई कारणों से ओरल हेल्थ से जुड़ी कई दिक्कतें आपको परेशान कर सकती हैं। कई लोग इस बात को नहीं जानते हैं कि अगर आपकी ओरल हेल्थ ठीक नहीं है, तो इसका असर आपके पूरे स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों पर भी अधिक ध्यान देना जरूरी हो जाता है। बढ़ती उम्र में एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स को फॉलो कर आप दांतों को हेल्दी और मजबूत बनाए रख सकते हैं।

- उम्र बढ़ने के साथ-साथ हमारे मुंह में कुछ नेचुरल बदलाव आते हैं। जैसे कि सलाइवा का प्रोडक्शन कम हो जाता है। उम्र के साथ दांतों की मजबूती पर भी असर होता है।
- कई अन्य बीमारियों और दवाईयों के कारण भी डेंटल हेल्थ पर असर होता है। बढ़ती उम्र में मसूड़ों से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं।
- डायबिटीज, दिल की बीमारियों और अर्थराइटिस से भी ओरल हेल्थ प्रभावित हो सकती है।

इसलिए, उम्र बढ़ने के साथ दांतों का अधिक ख्याल रखना जरूरी हो जाता है।

- घर पर दांतों की सही तरह की सफाई का ध्यान रखें।
- इसके अलावा, समय-समय पर डेंटिस्ट के पास जाकर रूटीन चेकअप करवाएं।
- दिन में दो बार फ्लोरॉइड टूथपेस्ट से दांतों का साफ करें और डेंटल फ्लॉस से दांतों के बीच का हिस्सा भी साफ करें। इससे कैविटीज और मसूड़ों की सड़न के बचाव हो सकता है।
- मुंह के बैक्टीरिया को दूर करने के लिए एंटीसेप्टिक माउथवॉश से कुल्ला करें।
- अगर आप डेंचर यूज करते हैं, तो इसकी भी सही देखभाल जरूरी है।
- डेंचल को सोते समय निकाल दें। इसे सही से साफ करें और इसे बैक्टीरियल ग्रोथ से बचाने के लिए डेंटल सल्यूशन पर डुबोकर रखें।
- बड़े-बुजुर्गों की ओरल हेल्थ को दुरुस्त रखने के लिए सही हाइड्रेशन भी जरूरी है। क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लार बनना कम हो जाती है। ऐसे में सही मात्रा में पानी पीना जरूरी है।
- लार एसिड को न्यूट्रिलाइज करने और फूड पार्टिकल्स को धोने के लिए जरूरी है।
- पानी पीने से ड्राई माउथ की प्रॉब्लम नहीं होती है। ड्राई माउथ की वजह से दांत का घिसना और ओरल हेल्थ से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं।
- इसके अलावा विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर बैलेंस डाइट जरूर लें।
- दांतों की मजबूती के लिए कैल्शियम, विटामिन डी और फॉस्फोरस बहुत जरूरी हैं।



**उम्र बढ़ने के साथ शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों पर भी अधिक ध्यान देना जरूरी हो जाता है। बढ़ती उम्र में एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स को फॉलो कर आप दांतों को हेल्दी और मजबूत बनाए रख सकते हैं।**



# काली गाजर के सेवन से दूर होती है ये बीमारियां

**काली गाजर में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। काली गाजर में बीटा कैरोटीन और ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों के काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। ये एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से आंखों को सुरक्षित रखते हैं। काली गाजर का सेवन मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसी समस्या नहीं होती है। काली गाजर में फाइबर अधिक होने के कारण यह वजन घटाने में मददगार हो सकती हैं।**

गाजर खाने के कई फायदे होते हैं। गाजर विटामिन-ए से भरपूर होती है। लेकिन बहुत कम लोगों ने काली गाजर के बारे में सुना होगा। डायटिशियन मीना कोरी यहां हमें काली गाजर के फायदों के बारे में बता रही है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

काली गाजर में बीटा कैरोटीन और ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों के काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। ये एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से आंखों को सुरक्षित रखते हैं। काली गाजर का सेवन मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसी समस्या नहीं होती है।

कैंसर से बचाव करती है काली गाजर

काली गाजर में एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कैंसर से भी शरीर को सुरक्षित रखती है। मीना कोरी का कहना है कि एंथोसायनिन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन स्तन कैंसर, फेफड़ों के कैंसर, और कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां नहीं होती है।

### डायबिटीज में फायदेमंद

जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उन्हें काली गाजर का सेवन जरूर करना चाहिए। काली गाजर में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। यह टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करती है।

### वजन घटाती है काली गाजर

काली गाजर में फाइबर अधिक होने के कारण यह वजन घटाने में मददगार हो सकती हैं। फाइबर लंबे समय तक पेट को भरा हुआ रखता है। ज्यादा भूख नहीं लगती है। आप कम कैलोरी खाते हैं तो इससे शरीर का मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है। इससे शरीर मोटापा नहीं बढ़ता है। शरीर का वजन भी नहीं बढ़ता है। काली गाजर के सेवन से कोलेस्ट्रॉल का लेवल नहीं बढ़ता रहता है और इससे हार्ट अटैक का खतरा नहीं होता है।





# थायराइड को कंट्रोल कर सकते हैं ये मसाले

**थायराइड जीवनशैली से जुड़ी परेशानी है जिससे आजकल हर व्यक्ति ग्रस्त है। इस कारण शरीर में काफी बदलाव आने लगता है। कुछ लोगों का वजन काफी ज्यादा बढ़ जाता है। कुछ लोगों को हेयर फॉल की शिकायत हो जाती है। अगर आप भी थायराइड की समस्या से परेशान हैं तो मम्मी के किचन में रखे कुछ मसाले थायराइड कंट्रोल करने में उपयोगी साबित हो सकते हैं। आइए जानते हैं वो कौन से मसाले हैं जो थायराइड लेवल को फिक्स करने में आपके काम आ सकते हैं।**

### हल्दी

थायराइड में हल्दी का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। हल्दी एक औषधि के रूप में जानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इसमें करक्यूमिन नाम का यौगिक पाया जाता है जो थायराइड ग्लैंड की सूजन कम करने में मदद करता है। आपको बता दें कि हल्दी में बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर में होने वाले ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया को न्यूट्रल कर देते हैं।

### जीरा

जीरा हमेशा से ही खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए जाना जाता है। वहीं इसमें मौजूद फाइटोकेमिकल्स थायराइड फंक्शन को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। जीरा आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है जिससे थायराइड लेवल को फिक्स करने में मदद मिलती है।

### दालचीनी

दालचीनी का नियमित इस्तेमाल भी थायराइड को कंट्रोल करने में मददगार है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो सूजन को कंट्रोल करते हैं। दालचीनी में सिनामाल्डिहाइट नाम का केमिकल मौजूद होता है,जो शरीर में प्रोजेस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाने में मदद करता है। यह महिलाओं में टेस्टोस्टेरोन के उत्पादन को कम करने में मदद करती है।जिससे शरीर में हार्मोन्स के संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है।

### धनिया

थायराइड में धनिया के बीज का सेवन भी आपको फायदे पहुंचा सकता है। धनिया के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट होता है थायराइड फंक्शन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इससे शरीर का सूजन कम होता है।आप धनिया के बीजों को एक गिलास पानी में भिगोकर रखे और इसे सुबह खाली पेट पी लें।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदेश, कदाचारमुक्त संपन्न कराएं जेएसएससी परीक्षा

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की आगामी 21-22 सितंबर को होने वाली सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने का निर्देश दिया है। गुरुवार को उन्होंने इसे लेकर उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय से राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता एवं जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े थे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि परीक्षा के लिए जेएसएससी द्वारा बनाए गए एसओपी का उल्लंघन किसी भी हाल में नही होना चाहिए। ऐसा करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को यह भी निर्देश दिया कि आगामी दो दिनों तक सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास के होटल, लाज, होस्टल, गेस्ट हाउस सहित ठहरने के सभी जगहों पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किए गए एसओपी की प्रतियां अवश्य चिपकाई जाएं।

इन सभी संस्थानों के मालिक को नियमों की सूचना दी जाए। यह भी बताएं कि किसी भी परीक्षा से संबंधित कोई गलत सूचना या अफवाह उनके संस्थान में रुकने वाले लोगों के स्तर से फैलाई जाती है तो अफवाह फैलाने वालों के साथ-साथ संस्थान के मालिक पर भी कार्रवाई की जाएगी। वे भी कानून के दायरे में आएंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल नहीं हो। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा पूर्णतः कार्यरत रहे। परीक्षा केंद्र परिसर के मुख्य गेट पर भी सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं, जिससे गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इंटरनेट मीडिया साइट्स पर भी नजदीकी से मानिटरिंग किए जाने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से परीक्षा से संबंधित तैयारी की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेपर लीक से संबंधित कोई भी अफवाह या झूठी खबरें इंटरनेट मीडिया के माध्यम से नही फैले। ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखें। परीक्षा को बदनाम करने वालों पर भी त्वरित कड़ी कार्रवाई करें। परीक्षा के नियमों तथा जारी एसओपी का नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई तथा सजा के प्रविधानों का प्रचार-प्रसार अवश्य करें। परीक्षा को बदनाम करने वालों पर पैनी नजर रहे। परीक्षा से संबंधित कोई भी गलत गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस परीक्षा में गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहे। जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों की इस परीक्षा के संचालन में भूमिका महत्वपूर्ण है। सफल संचालन की जिम्मेदारी अधिकारियों पर है। मुख्यमंत्री ने सभी परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के भी निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा व छठ को लेकर ट्रेनों में सीट फुल

**धनबाद., एजेंसी।** दुर्गा पूजा और छठ को लेकर ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है. दुर्गा पूजा में धनबाद से भारी संख्या में लोग वैष्णो देवी, मैहर, विंध्याचल व कामख्या जाते हैं. वहीं छठ में लोग गांव जाते हैं. यही कारण है कि इस रूट की ट्रेनों में सीटों की बुकिंग फुल हो गयी है. दिल्ली, मुंबई समेत अन्य जगहों से आने वाली ट्रेनों में सीट खाली नहीं है. वहीं बिहार के पटना जाने वाली ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है. ट्रेनों में कुछ सीटें ही खाली बची हैं. मुजफ्फरपुर जाने वाली ट्रेन में वेटिंग चल रही है. छठ में बहुत लोग देव जाते हैं. इसके लिए अनुग्रह नारायण रोड या डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर उतरना पड़ता है. इन दोनों स्टेशनों पर जाने के लिए ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है.

दुर्गा पूजा तीन अक्तूबर से शुरू हो रहा है, लेकिन पूजा के पहले और पूजा के बाद तक ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है. वैष्णो देवी के लिए धनबाद होकर जम्मूतवी तक जाने वाली एक नियमित व एक साप्ताहिक ट्रेन है. इसमें अक्तूबर तक सीट मिलनी मुश्किल है. वहीं, मैहर के लिए दो ट्रेन चल रही है. इसमें एक नियमित व एक सप्ताह में तीन दिन चलती है. दोनों ही ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है.

विंध्याचल जाने के लिए धनबाद से पांच ट्रेनें उपलब्ध हैं. 12321 मुंबई मेल नियमित ट्रेन है. 20975 हावड़ा-आगरा कैंट एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती है. 12175 चंबल एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलती है. 22912 शिप्रा एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन और 12177 चंबल एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती है. हावड़ा-आगरा कैंट, चंबल एक्सप्रेस, शिप्रा एक्सप्रेस और मुंबई मेल में सीट फुल है. इन ट्रेनों में वेटिंग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है.

कामाख्या जाने के लिए सिर्फ एक ट्रेन है. वह भी सप्ताह में एक दिन चलती है. इसमें सीट मिलनी मुश्किल होगी. तीन अक्तूबर को ट्रेन में स्लीपर, थर्ड एसी व सेकेंड एसी में वेटिंग है.

सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है. इसके बाद भी अब तक रेलवे की ओर से कोई भी पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा नहीं की गयी है. स्थिति यह कि दीपावली व छठ को लेकर ट्रेनों की सीटें फुल होनी शुरू हो गयी हैं. खास कर लंबी दूरी वाली ट्रेनों में सीट मिलनी मुश्किल है.

### महिला समेत डेंगू के दो नए मरीज मिले

**धनबाद, एजेंसी।** जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. बुधवार को सात डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले थे. वहीं गुरुवार को डेंगू के दो नये मरीज मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है. डेंगू पॉजिटिव मिले मरीजों के एक गोविंदपुर की मीना देवी (30 वर्ष) व बादल सिंह (16 वर्ष) शामिल हैं. बुखार से पीड़ित होने के बाद गोविंदपुर निवासी मीना देवी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. वहीं बादल सिंह ने ओपीडी में इलाज कराया था. चिकित्सकों की सलाह पर एलाइजा जांच के लिए उनका सैंपल माइक्रो बायोलॉजी विभाग भेजा गया था. गुरुवार को दोनों मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है. इसके बाद स्वास्थ्य विभाग मरीजों के घर व आसपास कंटेनर सर्वे कराने की तैयारी में है.

### पुरुष ने दिया विधवा पेंशन के लिए आवेदन, मुखिया, पंचायत सचिव ने किया फॉरवर्ड

**धनबाद, एजेंसी।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत लगे शिविर में टुंडी में एक पुरुष ने विधवा पेंशन के लिए आवेदन कर दिया. हैरत की बात यह है कि उस आवेदन को संबंधित पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव ने फॉरवर्ड भी कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को टुंडी प्रखंड मुख्यालय में लगे शिविर में हरिपद दत्ता नामक पुरुष ने विधवा पेंशन देने के लिए आवेदन दिया. प्रखंड के अधिकारियों की उपस्थिति में स्थानीय मुखिया रेखा देवी व पंचायत सचिव श्रीपति मरांडी ने हरिपद दत्ता के आवेदन को सही ठहराते हुए विधवा पेंशन के लिए अग्रसारित कर दिया. सूत्रों के अनुसार ऑन द स्पॉट निष्पादन के चक्कर में यह सब हुआ. मामला सार्वजनिक होने के बाद अधिकारियों के होश उड़ गए. आवेदन को फाइल से हटाने में लग गये.

इस मामले में टुंडी के बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया ने कहा कि आवेदक द्वारा फॉर्मेट भरने में गलती हो गई है. आवेदन भर देने से ही पेंशन स्वीकृत नहीं हो जाती है. इसे तत्काल रोक दिया जायेगा. पुरुष को विधवा पेंशन नहीं दिया जायेगा।

## स्लीपर कोच में अक्टूबर से दूर होगी वेटिंग की समस्या

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन से चलने और गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में वेंटिंग की समस्या अक्तूबर से दूर होने की उम्मीद है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने आधा दर्जन ट्रेनों में स्लीपर कोच बढ़ाने का आदेश दिया है। वहीं, बिहार मार्ग (आरा, कटिहार व छपरा) की ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने की योजना है। वहीं, अन्य ट्रेनों में भी क्षमता के अनुरूप कोच बढ़ेंगे। इससे ट्रेनों में सीट की दिक्कत नहीं होगी। दरअसल, रेलवे ने डेढ़-दो वर्ष से लंबी दूरी की ट्रेनों से जनरल व स्लीपर कोच हटाकर थर्ड एसी व इकोनॉमी कोच बढ़ाया है। इससे यात्रियों को स्लीपर कोच में कंफर्म सीट नहीं मिलती है। रेलवे बोर्ड तक लोगों की परेशानी पहुंचने के बाद स्लीपर व जनरल कोच बढ़ाने का आदेश हुआ है। हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस एक अक्तूबर, पटना-बिलासपुर साप्ताहिक 8 नवंबर, हावड़ा-मुंबई मेल 15 नवंबर, हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस 22 नवंबर, टाटा-बेंगलुरु एक्सप्रेस 20 दिसंबर, टाटा-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 25 दिसंबर, टाटा-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में 28 दिसंबर, टाटा-यशवंतपुर 26 दिसंबर, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 15 दिसंबर, हावड़ा-हटिया क्रिया योगा एक्सप्रेस 28 दिसंबर, शालीमार-भुज एक्सप्रेस 21 दिसंबर, हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस 15 दिसंबर और हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस में 22 दिसंबर से स्लीपर व जनरल कोच बढ़ाए जाएंगे। रेलवे प्रावधान के अनुसार, किसी भी श्रेणी का वेटिंग टिकट आरक्षित कोच में मान्य नहीं है। सीट नहीं मिलने से परेशान लोग वेटिंग टिकट लेकर स्लीपर कोच में चढ़ते हैं। इससे दूसरे यात्रियों को दिक्कत होती है।

## चिरकुंडा नप में कचरा उठाव में लगे सभी वाहनों के इंश्योरेंस, टैक्स व फिटनेस फेल



**धनबाद, एजेंसी।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा उठाव तथा कचरा प्रबंधन के लिए अधिकृत एजेंसी पायोनियर प्राइवेट लिमिटेड में चलने वाले वाहनों का कागजात अप टू डेट नहीं है. पायोनियर एजेंसी द्वारा वर्तमान चिरकुंडा नप क्षेत्र से कचरा उठाव के लिए सात छोटे वाहनों तथा एक ट्रैक्टर का उपयोग किया जा रहा है. वर्ष 2018 में पायोनियर कंपनी व नप के बीच हुए एकरारनामा के आधार पर नप द्वारा पायोनियर कंपनी 11 उपलब्ध कराये गये हैं. इसमें वर्तमान में सात वाहन चल रहे हैं, जबकि शेष चार खराब पड़े हैं. इसके अलावा एक ट्रैक्टर भी दिया गया है. उक्त सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व इंश्योरेंस जमशेदपुर से कराया गया था. वर्तमान में सभी वाहनों का इंश्योरेंस, रजिस्ट्रेशन तथा फिटनेस आदि फेल हो गया है. रजिस्ट्रेशन 29 जनवरी 2019, फिटनेस 22 जनवरी 2021, कॉमर्शियल टैक्स चार मार्च 2019 तथा इंश्योरेंस आठ नवंबर 2019 को समाप्त हो गया है. ये सभी वाहन बिना इंश्योरेंस, बिना टैक्स तथा फिटनेस के नप में चल रहे हैं. ऐसे में यदि इन वाहनों से सड़क पर कोई दुर्घटना घटती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी. इस संबंध में पूछे जाने पर पायोनियर कंपनी के प्रतिनिधि सुरेश कौशिक व पंकज सिंह ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है.

## संतान की लंबी उम्र के लिए 25 सितंबर को माताएं रखेंगी जीवित्पुत्रिका व्रत

**रांची , एजेंसी।** जितिया यानी जीवित्पुत्रिका व्रत मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है। यह व्रत विशेष रूप से माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। क्षेत्रीय परंपराओं के अनुसार इस व्रत में महिलाएं 24 घंटे या कई बार उससे भी ज्यादा समय के लिए महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं। जितिया व्रत की पूजा का शुभ मुहूर्त 25 सितंबर की सुबह 10:41 बजे से लेकर दोपहर 12:12 मिनट तक है। 24 सितंबर को जितिया व्रत का नहाय खाय रखा जाएगा। वहीं 25 सितंबर को माताएं निर्जला व्रत रखेंगी। इसके बाद 26 को व्रत का पारण किया जाएगा।

देवघर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल ने बताया कि मां अपने बच्चों की लंबी उम्र की कामना लिए 24 घंटे से भी ज्यादा निर्जला रखती हैं, जो माता इस व्रत का पालन करती हैं, इस व्रत का फल उनके बच्चे को बुरे स्थिति में बचाता है. साथ ही इस व्रत के प्रभाव से संतान को सुखों की प्राप्ति होती है। नहाए-खाए के



## गिरिडीह में गजराज ने मचाया उत्पात, स्कूल पर बोला हमला, ग्रामीणों को दौड़ाया

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के बगोदर में गुरुवार की देर रात बगोदर इलाके में झुंड से बिछड़े हाथी के द्वारा लगातार उत्पात मचाया जा रहा है. हाथी के द्वारा चौधरीबांध पंचायत के दो गाँव घोसको और भागलपुर में किसानों के फसलों को रौंद दिया हैं. वही किसानो के बारी का चाहरदिवारी तोड़ दिया है. बता दे कि हाथी गुरुवार की देर रात दोंदलो पंचायत में प्रवेश कर गयी. जहां स्थानीय लोगों ने हाथी को ढोल बजा कर और मशाल जला कर भगाने का प्रयास किया गया. लेकिन हाथी ग्रामीणों को दौड़ाने लगे. जिससे ग्रामीण भाग कर जान बचाने का प्रयास किया. इधर हाथी को ग्रामीणों के द्वारा खदेड़े जाने के बाद चौधरीबांध पंचायत के घोसको और भागलपुर जा पहुंचा. जहां हाथी ने कई किसानों के फसलों को रौंद दिया है. साथ ही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोसको के तीन गेट को तोड़ दिया है. हाथी गाँव के जब्बार अंसारी का बारी चाहरदिवारी तोड़ कर लगे मक्का, भिंडी मडुवा के फसलों को रौंद दिया है. वहीं गांव के साकिर अंसारी का भी बारी का चाहरदिवारी को तोड़ कर तैयार मकई को नस्ट कर दिया है. इसके अलावे खजमुद्दीन अंसारी, जमाल अंसारी के खेतों में लगे मकई को नस्ट कर नुकसान पहुँचाया हैं. इधर पंचायत समिति सदस्य बसारत अंसारी ने बताया कि हाथी के गांव घुसने की सूचना वन विभाग को दी गयी. लेकिन इसके बाद भी वन विभाग गांव पहुँचना मुनासिब नहीं समझा. हाथी को ग्रामीण अपने स्तर से भगाये हैं. लेकिन अभी गांव के जंगल में हाथी डेरा डाले हुए हैं. बता दे कि यह हाथी बीते एक साल बगोदर- सरिया, विष्णुगढ़ इलाके में हैं. जो कि रात में भोजन की तलाश में कई घरों को और किसानों के फसलों को बर्बाद कर देता है।

## आदिवासी युवती की मिली लाश, प्रेमी समेत पांच गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो ग्राम के आदिवासी टोला में 19 वर्षीय आदिवासी युवती पार्वती मुर्मू की लाश बुधवार की रात उसके घर में मिली. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर युवती के प्रेमी समेत पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है. गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो पंचायत अंतर्गत बरियो ग्राम के आदिवासी टोला में 19 वर्षीय आदिवासी युवती पार्वती मुर्मू की लाश बुधवार की रात उसके घर में मिली. मृतका के भाई देवचंद मुर्मू के बयान पर तीन लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है. मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती के प्रेमी सगेन मरांडी, तीन नामजद आरोपी अजय मुर्मू, मुकेश किस्कू व प्रकाश मुर्मू के अलावा एक अन्य को गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि मृतका के गले में रस्सी व खरोंच के निशान थे. उसके बाल बिखरे हुए थे. पुलिस के अनुसार मृतका के हाथ की नस कटी हुई थी. इससे कई संदेह उत्पन्न हो रहे हैं. पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है. पुलिस हत्या के कारणों का पता लगा रही है. शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एक-शंकर कामती व पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे. इसके बाद पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. गोविंदपुर थाना की पूरी टीम ने रात भर छापेमारी कर युवकों को हिरासत में लिया. उनसे पूछताछ जारी है. बताया जाता है कि घटना के समय युवती घर पर अकेली थी. उसके माता बहामुनी मुर्मू व पिता बाबूजन मुर्मू मजदूरी करने गये थे. इकलौता भाई फुटबॉल मैच देखने गया था. वह घर लौटा, तो उसने बहन को मृत पाया. मृतका की और दो बहनें हैं, उनकी शादी हो चुकी है. डीएसपी ने बताया कि मृतका के निरसा निवासी प्रेमी को भी हिरासत में लिया गया है. मृतका ने उससे कई बार बात की थी. दोनों में शादी की भी बात चल रही थी. बुधवार को मृतका ने उसे कई बार फोन किया, परंतु प्रेमी ने फोन को ब्लॉक कर रखा था. प्रेमी से पूछताछ के बाद इस मामले में नया मोड़ आने की संभावना है. पुलिस के अनुसार मृतका के हाथ की नस कटी हुई थी. बताया जाता है कि उसके घर तीन युवक आये थे. उसके भाई ने संदेह के आधार पर तीनों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

## गृह मंत्री अमित शाह भोगनाडीह में सिदो-कान्हू के वंशजों से करेंगे मुलाकात, देखें मिनट-मिनट का कार्यक्रम

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह वीर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली बरहेट विधानसभा क्षेत्र भोगनाडीह शुक्रवार को पहुंचेंगे. वे यहां बीएसएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से पूर्वाह्न 11:50 बजे पहुंचेंगे. उसके बाद सिदो-कान्हू पार्क में स्थित सिदो, कान्हू, फूलो, झानो, चांद, भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे. उसके बाद सिदो-कान्हू के वंशज परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात कर उन्हें वस्त्र देकर सम्मानित करेंगे तथा उनकी शुभकामनाएं प्राप्त करने के बाद झारखंड के लिए परिवर्तन रथ को रवाना करेंगे.

उसके बाद वे 12:30 बजे बीएसएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से साहिबगंज पुलिस लाइन कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो जायेंगे. हेलीपेड पर उनका स्वागत स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जायेगा. पूरे कार्यक्रम को लेकर बरहेट विधानसभा प्रभारी कुशमाकर तिवारी ने बताया कि 40 मिनट तक गृह मंत्री भोगनाडीह की धरती पर रहेंगे. इसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है. बरहेट के कार्यक्रम को लेकर भाजपा की ओर से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रेणुका मुर्मू भाजपा के पूर्व महामंत्री कुशमाकर तिवारी, साइमन माल्टो तथा गामलिया हेंब्रम को लगाया गया है. भाजपा जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में दो हेलीकॉप्टर से सभी नेता बरहेट प्रखंड के शहीद ग्राम भोगनाडीह पहुंचेंगे. वहां के कार्यक्रम के समापन के बाद दोनों हेलीकॉप्टर से सभी नेता साहिबगंज के कार्यक्रम के लिए रवाना हो जाएंगे. साहिबगंज में 12:55 बजे गृह मंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन के मैदान में लैंड करेगा. आज आयोजित होने वाले भारत के गृह मंत्री अमित शाह की परिवर्तन रैली कार्यक्रम को लेकर बीएसएफ का हेलीकॉप्टर के द्वारा मॉक ड्रिल कार्यक्रम कराया गया. मॉक ड्रिल के तहत बीएसएफ का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन मैदान उतरा और केवल 10 मिनट रुक कर तुरंत उड़ान भर लिया.



गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को 11:10 पर देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे. इसके बाद 11:50 में देवघर से भोगनाडी के लिए रवाना होंगे. 12:00 दोपहर भोगनाडी पहुंचने के बाद 15 मिनट तक कार्यक्रम के बाद 12:30 में भोगनाडीह से साहिबगंज हेलीकॉप्टर रवाना होगी जो 12:45 में साहिबगंज पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंच जाएगी. 1:00 बजे से लेकर 1:45 तक अमित शाह संथाल परगना परिवर्तन यात्रा के संबंध में लोगों को संबोधित करेंगे और परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे. सभा होने के बाद 1:55 में पुनः पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचेंगे जहां से 2:00 बजे उनका हेलीकॉप्टर गिरिडीह के लिए रवाना हो जाएगा।

## आपसी रंजिश को लेकर मारपीट

**केंदुआ, एजेंसी।** बीते बुधवार की रात केंदुआ खटाल में आपसी रंजिश को लेकर मारपीट हुई. इस दौरान दहशत फैलाने के लिए दो राउंड फायरिंग की भी बात बताई जा रही है. मामले में केंदुआ खटाल निवासी अजय यादव ने केंदुआडीह थाना में लिखित शिकायत की है. उन्होंने बताया कि शाम लगभग साढ़े सात बजे उनके पुत्र कौशल से खटाल में ही रहनेवाले मनीष यादव नामक लड़के का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. इसके बाद रात करीब नौ बजे खटाल के नीतीश यादव, मनीष यादव व साहिल यादव (तीनों भाई है) डबला यादव, बीरेंद्र यादव, विकास यादव, गोहना यादव के अलावा आठ-दस अन्य व्यक्ति लाठी, हाकी स्टिक, तलवार लेकर उनके घर में घुस गए और उनके पुत्र कौशल व उन्हें ढूंढने लगे. जब हम पिता-पुत्र घर में नही मिले तो मेरे पिता जीवालाल यादव के साथ मारपीट की. बीच-बचाव करने आयी घर की महिलाओं के साथ भी हाथापाई और अभद्रता की गयी. इसकी सूचना मिलने पर केंदुआडीह पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही नीतीश यादव ने दो-तीन राउंड फायरिंग की और सभी भाग गये. इस दौरान नीतीश यादव ने हत्या की धमकी देते हुए कहा की पहले से मेरे ऊपर आठ-दस केस हैं, एक-दो और होगा, लेकिन तुमलोगो को जान से जरूर मारेंगे. भागने के क्रम में आरोपियों का हथियार यहीं छूट गये, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया. पुलिस बुधवार की रात से आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।

## झारखंड में बदला मौसम, गर्मी ने बढ़ाई परेशानी: 24-25 सितंबर को हो सकती है बारिश

**रांची, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में में आए साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से बीते तीन दिन पूरे राज्य में बारिश हुई। लेकिन 24 घंटे में ही मौसम फिर से गर्म हो गया है। झारखंड के अधिकांश जिलों में सुबह से तेज धूप निकल रही है। इस तेज धूप ने राजधानी रांची सहित पूरे स्टेट में अधिकतम तापमान को बढ़ा दिया है। मौसम विभाग का मानना है कि राज्य में मानसून फिलहाल कमजोर पड़ चुका है। हालांकि, आज राज्य के कई हिस्से में हल्की बारिश की बात कही गई है। बीते 24 घंटे में मानसून की गतिविधियां कमजोर रही हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। आंकड़े में देखें तो सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में 16.8 एमएम बारिश हुई है।

जबकि सबसे अधिक तापमान की बात करें तो गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा। यहां का तापमान 37.3 डिग्री पहुंच गया है। वहीं सबसे कम तापमान रांची जिले का रहा है। आंकड़ों में यहां का न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री है। वहीं मौसम विभाग की माने तो 24 और 25 को बादल छाने और बारिश के आसार हैं।



**बारिश नहीं, मेघ गर्जन और वज्रपात का अलर्ट:** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में अभी मानसून की बारिश की उम्मीद फिलहाल नहीं दिख रही है। लोकल डिस्टरबेंस से कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। हालांकि मौसम विभाग ने बारिश की बात तो नहीं कही है पर मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट जरूर जारी किया है। 21 से लेकर 23 सितंबर तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं नजर आ रहा है। 24 और 25 को बादल छाने और बारिश के आसार हैं।

**रांची में 16 फीसदी अधिक बारिश:** इस बार रांची में मानसून काफी बढ़िया रहा है। यहां पर कुल मिलाकर 1158.1 (संभावित 971.2) मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक है। जिस वजह से रांची के नदी व तालाब लबालब भरे हुए नजर आ रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राजधानी में काफी अच्छी बारिश हुई है।

# जापान के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जापान के केंद्रीय बैंक (बैंक ऑफ जापान) ने शुक्रवार को अपनी दो दिवसीय बैठक के बाद अपनी प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा, जो 2008 के बाद से सबसे ऊंची दर है। कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वर्ष के अंत तक ब्याज दरों में एक और बढ़ोतरी हो सकती है। केंद्रीय बैंक ने लंबे समय से अपनाई गई बेहद आसान मौद्रिक नीति को सामान्य करने के प्रयास में यह कदम उठाया है ताकि देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान न पहुंचे। बैंक ऑफ जापान ने कहा कि जापान की अर्थव्यवस्था ने मध्यम रूप से सुधार किया है लेकिन कुछ कमजोरियां भी नजर आ रही हैं। बैंक का अनुमान है कि अर्थव्यवस्था अपनी संभावित विकास दर से तेज गति से बढ़ती रहेगी, क्योंकि आय से खर्च तक का गुणक चक्र धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। बैंक ऑफ जापान ने बताया कि देश की मुख्य मुद्रास्फीति दर (ताजे खाद्य पदार्थों को छोड़कर) वित्तीय वर्ष 2025 तक बढ़ती रहेगी। जापान का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलता है यानी 2025 का वित्तीय वर्ष मार्च 2026 में समाप्त होगा। 10-वर्षीय जापानी सरकारी बांड पर प्रतिफल 0.4 आधार अंक गिरा, जबकि डॉलर के मुकाबले येन 142.52 पर लगभग स्थिर रहा। निक्केई 225 सूचकांक, जो 2 प्रतिशत की वृद्धि पर था, निर्णय के बाद भी अपने स्तर पर बना रहा। बैंक ऑफ जापान के गवर्नर काजूओ उएदा ने पिछले महीने कहा था कि यदि अर्थव्यवस्था और मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के अनुमानों के अनुरूप रहती है, तो ब्याज दरों में वृद्धि जारी रह सकती है। यह रुख उस समय लिया गया है जब दुनिया भर के अधिकांश केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति में ढील दे रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, गुरुवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती की, जिससे दरें 4.75 प्रतिशत से 5.0 प्रतिशत की सीमा में आ गईं।

# हलवा बेचकर लाखों की कमाई, बचपन के चार दोस्तों ने कर दिया कमाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केरल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए काफी फेमस है। लेकिन केरल का जिला कोझिकोड अपने खास हलवे के लिए भी काफी जाना जाता है। बचपन के चार दोस्तों ने एक स्टार्टअप शुरू कर इस हलवे को दुनियाभर के कोने-कोने में पहुंचा दिया। आज इन दोस्तों का यह कारोबार तेजी से फैल रहा है। इन्होंने कोझिकोड का यह हलवा दुनियाभर में बेचकर लाखों रुपये की कमाई की है। इनके स्टार्टअप का नाम फुलवा है। जिन चार दोस्तों ने यह स्टार्टअप शुरू किया, उनके नाम शाबास अहमद एनसी, सानू मोहम्मद सी, इरफान सफर एस और थेसरीफ अली पीके है। इन्होंने बताया कि इन्हें यह हलवा काफी पसंद है। इस हलवे के प्रति अपने प्रेम से प्रेरित होकर ही इन्होंने इस स्टार्टअप की नींव रखी। आज इनका स्टार्टअप 24 तरह का यह हलवा तैयार करता है और उन्हें डिब्बे में पैक कर दुनिया के कई देशों में सप्लाई करता है।

# सुप्रीम कोर्ट से दूरसंचार कंपनियों को झटका, एजीआर गणना में गड़बड़ी से जुड़ी क्यूरेटिव पिटीशन खारिज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार कंपनियों को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल सहित कई कंपनियों की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिनमें समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) में कथित त्रुटियों को सुधारने का अनुरोध किया गया था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने दूरसंचार कंपनियों की उस याचिका को भी खारिज कर दिया। पिटीशन में सुधारात्मक याचिकाओं (क्यूरेटिव पिटीशन) को खुली अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की मांग की गई थी।

सुधारात्मक याचिका सर्वोच्च न्यायालय में अंतिम पड़ाव होती है, उसके बाद इस अदालत में गुहार लगाने का कोई कानूनी रास्ता नहीं होता। इस पर आम तौर पर बंद कमरे में विचार किया जाता है, जब तक कि प्रथम दृष्ट्या फैसले पर पुनर्विचार के लिए मामला नहीं बन जाता। पीठ ने 30 अगस्त को आदेश सुनाया था जो बृहस्पतिवार को सार्वजनिक किया गया। न्यायालय ने कहा, '' सुधारात्मक याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने का आवेदन खारिज किया जाता है। हमने सुधारात्मक याचिकाओं और संबंधित दस्तावेजों पर गौर किया है। हमारा मानना है कि रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा में इस अदालत के फैसले में बताए गए मापदंडों के भीतर कोई मामला नहीं बनता है। सुधारात्मक याचिकाएं खारिज की जाती हैं।''

शीर्ष अदालत ने पिछले साल नौ अक्टूबर को कुछ दूरसंचार कंपनियों की दलीलों गौर किया था। इनमें समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया मुद्दे पर उनकी याचिकाओं को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने इससे पहले जुलाई 2021 में एजीआर बकाया की मांग में त्रुटियों को सुधारने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

दूरसंचार कंपनियों ने शीर्ष अदालत का रुख कर दावा किया था कि एजीआर बकाया राशि तय करने में कई त्रुटियां थीं, जो कुल एक लाख करोड़ रुपये से अधिक थीं।

# सस्ता होगा ऑनलाइन सामान मंगाना! नितिन गडकरी ने कर दिया ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की मौज आ सकती है। सरकार का प्लान अगले 5 सालों में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है। अगर ऐसा होता है तो ऑनलाइन मंगाए जाने वाले सामान के साथ खाने-पीने और दूसरी चीजों की कीमत में कमी आ सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लॉजिस्टिक्स लागत कम करने की बात कही। उन्होंने डेलॉयट गवर्नमेंट समिट में कहा कि मिनिस्ट्री कई हाईवे और एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है। इससे भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अगले पांच वर्षों में हमारी लॉजिस्टिक्स लागत सिंगल डिजिट में आ जाएगी। हालांकि इकनॉमिक रिसर्च संस्थान टैंक नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमान के अनुसार भारत में लॉजिस्टिक्स लागत 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 7.8 फीसदी से 8.9 फीसदी के बीच थी।

# महंगाई की एक और मार! फेस्टिव सीजन से पहले ड्राई फ्रूट्स के चढ़े दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मॉनसून में सब्जियों की महंगाई के बाद अब काजू, बादाम और अखरोट के दाम भी बढ़ गए हैं, जिससे आने वाले फेस्टीवल सीजन में मिठाइयों की कीमतों में इजाफा होने की संभावना है। व्यापारियों के अनुसार उत्पादन कम और वैश्विक मांग अधिक होने के कारण काजू, अखरोट समेत कई ड्राई फरूट्स के दाम में तेजी आई है। खारी बावली में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, दक्षिण अफ्रीका और अन्य देशों से ड्राई फरूट्स की सप्लाई होती है। एक व्यापारी के मुताबिक त्योहारों के चलते बादाम, पिस्ता, काजू और अखरोट की मांग बढ़ गई है। बड़ी कंपनियां जो मिठाई बनाती हैं, उन्होंने खरीदारी शुरू कर दी है। इंटरनेशनल फूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के निदेशक रविंद्र मेहता ने बताया कि काजू, बादाम, अखरोट और पिस्ता की कीमतों में तेजी आई है। मई में थोक बाजार में चार टुकड़ा काजू की कीमत लगभग 400 रुपए प्रति किलो थी, जो अब लगभग 850 रुपए प्रति किलो हो गई है। इसका मुख्य कारण यह है कि अफ्रीका में काजू की पैदावार कम हुई है, जिससे देश में 35 प्रतिशत काजू की सप्लाई घट गई है। अखरोट के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है, जो कि लगभग 150 रुपए प्रति किलो बढ़कर 600 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। व्यापारियों का कहना है कि अभी देश में अखरोट की फसल नहीं है और अमेरिका में भी उत्पादन कम हुआ है। इसके अलावा बादाम की कीमत में 50 से 60 रुपए प्रति किलो की वृद्धि हुई है।



# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में बैंकों की भूमिका अहम, वित्त मंत्री ने तकनीक के प्रयोग पर यह कहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैंकिंग क्षेत्र को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यह बात कही। सीतारमण ने पुणे में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, बैंकों को प्रधानमंत्री की ओर से निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी और आपकी भूमिका से हम इस सपने को साकार करने में और अधिक गति प्रदान करेंगे।




सीतारमण ने कहा कि बैंकों को बुनियादी ढांचा क्षेत्र को मजबूत गति प्रदान करनी होगी, एमएसएमई को जरूरत आधारित वित्तपोषण की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी, बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को औपचारिक बैंकिंग चैनलों के दायरे में लाना होगा और बीमा पहुंच बढ़ाने में मदद करनी होगी।

उन्होंने कहा कि तकनीक बैंकिंग परिदृश्य को बदल रही है क्योंकि यह सभी ग्राहकों को सुरक्षित और आसान डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि आप (बैंक) ऐसा डिजिटल सिस्टम नहीं रख सकते जो कहीं हैक हो जाए और पूरा सिस्टम व उस पर भरोसा खतरे में पड़ जाए। इसलिए आपके पास एक मजबूत और लचीला सिस्टम होना चाहिए जिसके लिए आपको समय-समय पर यह सुनिश्चित करना होगा कि फायरवॉल पर्याप्त हों। कोई भी आपातकालीन अभ्यास जो आपको करने की आवश्यकता है, करनी चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि आपातकालीन स्थिति होने पर कैसे निपटा जाए, इसकी जानकारी आपके पास होनी चाहिए। मंत्री ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि वैश्विक स्तर पर सभी वास्तविक समय डिजिटल भुगतानों का 45 प्रतिशत भारत में होता है। उन्होंने कहा कि यूपीआई सात देशों में कार्यरत है।

# अमेरिकी ब्याज दर में कटौती से भारत में विदेशी निवेश पर नहीं होगा असर, आर्थिक सचिव बोले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती का भारत में विदेशी निवेश पर कोई महत्वपूर्ण असर नहीं पड़ेगा।?आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने बृहस्पतिवार को कहा, फेडरल रिजर्व ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा फैसला किया है। लेकिन, आरबीआई भारतीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर कटौती का फैसला करेगा। सेठ ने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक का फैसला भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। हमें देखना होगा कि अमेरिकी ब्याज दरों का स्तर कहां है? अन्य बाजार कैसा व्यवहार करते हैं। फेडरल रिजर्व ने बुधवार देर रात चार साल बाद ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती की थी।

सेठ ने कहा, भारत में ब्याज दर में कटौती पर फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) उचित समय पर लेगी। एमपीसी का फैसला इस पर आधारित है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक अगले महीने होनी है। फरवरी, 2023 से रेपो दर में बदलाव नहीं हुआ है और यह 6.5 फीसदी पर स्थिर है।

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा, फेडरल रिजर्व के कदम का असर भारत पर कम होगा, क्योंकि नीतिगत दर पहले से ही बहुत ज्यादा थी। भारतीय शेयर बाजार पहले से ही निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। कुल मिलाकर, दर में कटौती उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है।



बाजार में कम हो सकता है रिटर्नः पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल के अनुसार, फेडरल रिजर्व के फैसले से इक्विटी पर रिटर्न कम हो सकता है। सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं व रुपये में मजबूती आ सकती है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि उभरते बाजारों में भी दरें घट सकती हैं। अमेरिका में दरों में कटौती के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.1 फीसदी गिरकर 74.46 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। विश्लेषकों के मुताबिक, चीन की कमजोर मांग से दाम घट रहे हैं।?पिछले हफ्ते यह 70 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे आ गया था। सिटी ने एक रिपोर्ट में कहा, 2025 में ब्रेंट क्रूड 60 डॉलर तक आ सकता है।?यानी यहां से कीमतें और घट सकती हैं। एसबीआई ने कहा, अमेरिका में इस साल ब्याज दरें 0.50 फीसदी और घट सकती हैं। 2025 में भी एक फीसदी तक कटौती संभव है।

# अडानी ग्रुप खरीद सकती है आईटीडी सीमेंटेशन में हिस्सेदारी! शेयरों में जोरदार उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंजीनियरिंग व कंस्ट्रक्शन फर्म आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया के शेयरों में शुक्रवार (20 सितंबर) को 17 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। यह तेजी इस खबर के बाद आई कि गौतम अडानी की अगुवाई वाला अडानी ग्रुप जल्द ही कंपनी के प्रमोटर का 46.64 प्रतिशत स्टेक खरीदने की योजना बना रहा है। इस खबर के बाद आईटीडी सीमेंटेशन का शेयर हस्थ्र पर 555 रुपए तक पहुंच गया। इसी बीचअडानी एंटरप्राइजेज के शेयर भी 1.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,982.60 रुपए पर पहुंच गए। एक रिपोर्ट के अनुसार,





आईटीडी सीमेंटेशन को खरीदने की दौड़ में अडानी ग्रुप सबसे आगे है। रिपोर्ट के अनुसार, यह डील 5,888.57 करोड़ रुपए (लगभग 700 मिलियन डॉलर) की हो सकती है। यह डील एक फुली सब्सक्राइब्ड ओपन ऑफर के जरिए पूरी की जा सकती है, जिसमें प्रमोटर से हिस्सेदारी खरीदी जाएगी। इस अधिग्रहण का उद्देश्य अडानी ग्रुप की सिविल इंजीनियरिंग क्षमताओं को और मजबूत करना है, जिससे समूह की निर्माण क्षेत्र में पकड़ और बेहतर हो सकेगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस हफ्ते की शुरुआत में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है और जल्द ही इसका आधिकारिक ऐलान हो सकता है।

आईटीडी सीमेंटेशन का मार्केट कैपिटल 8,097 करोड़ रुपए है, जबकि अडानी एंटरप्राइजेज की मार्केट वैल्यू 3.3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया का मुख्य कारोबार समुद्री ढांचे और इंजीनियरिंग परियोजनाओं से जुड़ा हुआ है, जिसमें दिल्ली और कोलकाता मेट्रो सिस्टम जैसी प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं।

# फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती के बाद सोना 100 रुपये चढ़ा, चांदी 500 रुपये मजबूत हुई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मांग बढ़ने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती के बाद मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 100 रुपये बढ़कर 75,650 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 75,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में लगातार छठे सत्र में तेजी आई। गुरुवार को चांदी 500 रुपये बढ़कर 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। छह कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमतों में 7,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है।

इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 100 रुपए मजबूत होकर 75,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। व्यापारियों के अनुसार घरेलू बाजारों में स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग में तेजी के कारण पीली धातु की कीमतों में तेजी आई है।




इस बीच, वायदा कारोबार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया। एमसीएक्स पर अक्तूबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 498 रुपये या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 73,553 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एक्सचेंज में दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 2,105 रुपये अथवा 2.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 90,404 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। यह उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से अपनी प्रमुख ब्याज दर में 50 आधार अंकों की कटौती करने के निर्णय से आया। यह 4.75 प्रतिशत से 5 प्रतिशत के दायरे में आ गई। 2020 के बाद यह पहली बार है जब फेड ने ब्याज दरों में कटौती की है। यह निर्णय अमेरिकी अर्थव्यवस्था में धीमी आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति में कमी जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए लिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना 0.45 प्रतिशत उछलकर 2,610.20 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के कारण गुरुवार को सोने की कीमतों में शुरुआती गिरावट के बाद सुधार हुआ और इसमें तेजी आई। जूलियस बेयर इंडिया के प्रबंध निदेशक- वरिष्ठ सलाहकार, अन्मेश कुलकर्णी के अनुसार, सोने के बाजार का ध्यान पूरी तरह से चीनी निवेश मांग और केंद्रीय बैंक की खरीद से हटकर पश्चिम में ब्याज दरों में कटौती की संभावना पर केंद्रित हो गया है। निकट भविष्य में, हम सोने पर सकारात्मक बने हुए हैं। कुलकर्णी ने कहा कि ब्याज दरों में कमी की उम्मीदों से वायदा बाजार में धारणा मजबूत हो रही है और सुरक्षित निवेश चाहने वाले लोग वापस भौतिक बाजार की ओर आकर्षित हो रहे हैं। एशियाई कारोबारी घंटों में चांदी भी 2.58 प्रतिशत बढ़कर 31.48 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# एफएटीएफ ने भारत की धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण रोधी प्रणाली की प्रशंसा की, पर दी ये नसीहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक धन शोधन व आतंकवाद के वित्तपोषण रोधी निकाय एफएटीएफ ने गुरुवार को भारत पर अपनी बहुप्रतीक्षित पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि देश की प्रणालियां प्रभावी हैं लेकिन इन मामलों में अभियोजन को मजबूत करने के लिए बड़े सुधार की जरूरत है।

368 पृष्ठों की यह रिपोर्ट पेरिस मुख्यालय वाली संस्था एफएटीएफ की ओर से जून माह की पूर्ण बैठक में उक्त मूल्यांकन को अपनाए जाने के बाद जारी की गई। भारत की धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने की व्यवस्था की पिछली समीक्षा 2010 में प्रकाशित हुई थी। यह रिपोर्ट, जो पिछले वर्ष नवम्बर में स्न्रञ्जस्न विशेषज्ञों के भारत दौरे के बाद आई है, ने देश को रेग्युलर फॉलोअप श्रेणी में रखा है, यह वह स्थान है जो केवल चार अन्य त्न20 देशों को प्राप्त है। भारत का अगला मूल्यांकन 2031 में होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने धन शोधन निरोधक (एएमएल) और आतंकवाद के वित्तपोषण निरोधक (सीएफटी) प्रणाली लागू की है जो कई मायनों में प्रभावी है।



हालांकि, उसने कहा कि धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में अभियोजन को मजबूत करने के लिए बड़े सुधार की आवश्यकता है। इससमें कहा गया है कि गैर-लाभकारी क्षेत्र को आतंकवादी दुरुपयोग से बचाने के लिए भी प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में धन शोधन का मुख्य स्रोत देश के भीतर की अवैध गतिविधियों से उत्पन्न होता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि देश को विभिन्न प्रकार के आतंकवादी खतरों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें सबसे प्रमुख खतरा आइएसआइएल (इस्लामिक स्टेट या ढ्ढस्ढ्ढस्) या अलकायदा से जुड़े समूह हैं, जो जम्मू-कश्मीर और उसके आसपास सक्रिय हैं। रिपोर्ट में एफएटीएफ की 40 अनुशंसाओं के अनुपालन के स्तर और भारत की एएमएल/सीएफटी प्रणाली की प्रभावशीलता के स्तर का विश्लेषण किया गया है।

# राजस्थान रॉयल्स ने विक्रम राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है। मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।



राठौर ने 2019 से 2024 तक टीम के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे मैच खेले। उनके कार्यकाल में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने राष्ट्रीय टीम में सभी प्रारूपों में प्रमुखता हासिल की।

आरआर के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, कई वर्षों तक विक्रम के साथ मिलकर काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उनकी तकनीकी विशेषज्ञता, शांत व्यवहार और भारतीय परिस्थितियों की गहरी समझ उन्हें रॉयल्स के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है।

द्रविड़ ने कहा, साथ मिलकर, हमने एक मजबूत तालमेल बनाया है, भारत को महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं, और मैं उनके साथ फिर से जुड़कर रोमांचित हूं। युवा प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाने की उनकी क्षमता अमूल्य होगी क्योंकि हमारा लक्ष्य अपनी टीम को और मजबूत करना और राजस्थान रॉयल्स को एक विश्व स्तरीय टीम बनाना जारी रखना है। 2019 में भारतीय टीम में बल्लेबाजी कोच के रूप में प्रवेश करने से पहले, राठौर ने चार साल तक राष्ट्रीय चयनकर्ता के रूप में भी काम किया। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में पंजाब और हिमाचल प्रदेश को भी कोचिंग दी और आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ भी काम किया।

हाल ही में, राठौर ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड के सहयोगी स्टाफ के सदस्य थे, जो लगातार बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद फेंके बिना समाप्त हो गया था।

# सुमित ने डेविड कप खेलने के लिए मांगी मोटी फीस! एआईटीए ने किया दावा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईटीए ने हाल ही में यह भी कहा था कि नागल ने जानबूझकर देश के लिए खेलने से मना किया था। नागल के हटने का परिणाम भी टीम को भुगतना पड़ा क्योंकि भारत स्वीडन के खिलाफ एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा था जिस कारण टीम को 0-4 से हार झेलनी पड़ी।भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ हाल ही में डेविस कप मुकाबले से हटने का फैसला किया था। हालांकि, इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है क्योंकि अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने गुरुवार को बड़ा दावा किया है। एआईटीए का कहना है कि नागल ने डेविस कप मुकाबले में खेलने के लिए 50000 यूएस डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) की वार्षिक फीस मांगी थी। एआईटीए ने हाल ही में यह भी कहा था कि नागल ने जानबूझकर देश के लिए खेलने से मना किया था। नागल के हटने का परिणाम भी टीम को भुगतना पड़ा क्योंकि भारत स्वीडन के खिलाफ एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा था जिस कारण टीम को 0-4 से हार झेलनी पड़ी। नागल एटीपी 250 हांग्झोउ ओपन में शामिल हुए थे और उन्हें बृहस्पतिवार को खेलना था लेकिन पीठ दर्द के कारण उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया।एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, मुझे बताएं एक खिलाड़ी को देश के लिए खेलने के लिए पैसे क्यों मांगने चाहिए। यह एक बड़ा सवाल है। उन्होंने 50,000 यूएस डॉलर की सालाना फीस मांगी थी और कहा था कि अगर उन्हें भुगतान नहीं किया गया तो वह नहीं खेलेंगे। देश को तय करने दें कि यह सही है या नहीं। फिर यह सरकार और सभी का फैसला होगा। खिलाड़ियों को टॉप्स के जरिये भी भुगतान किया जाता है और ऐसा नहीं है कि उन्हें डेविस कप खेलने के लिए भुगतान नहीं किया जाता। उन्हें भुगतान किया जाता है।

**भारत-बांग्लादेश टेस्टः**

# भारत की पहली पारी 376 पर सिमटी, 24 साल के महमूद हसन ने चेन्नई में रचा इतिहास



**चेन्नई , एजेंसी।** चेन्नई टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की पहली पारी 376 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज महमूद हसन के कहर के बाद आर अश्विन और रविंद्र जडेजा ने भारतीय टीम की नैया पार की। अश्विन ने अपने घरेलू मैदान पर एक बार फिर शतकीय पारी खेली। वहीं बांग्लादेश के हसन ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया। हसन महमूद ने चेन्नई टेस्ट मैच में पांच विकेट झटके। अपने 22.2 ओवर के स्पेल में 83 रन दिए और पांच विकेट अपने नाम किए। हसन ने भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया। उन्होंने रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल को दहाई का आंकड़ा भी नहीं छूने दिए। वहीं ऋषभ पंत को भी 39 रन के स्कोर पर आउट किया। महमूद ने जसप्रीत बुमराह को आउट करके पांच विकेट पूरे किए। यह हसन महमूद का लगातार दूसरा पांच विकेट हॉल है।

# संजू ने ठोका शतक, पारी के दौरान लगाए 12 चौके और तीन छक्के

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा। शुक्रवार 20 सितंबर को इंडिया बी के खिलाफ इंडिया डी के लिए खेलते हुए उन्होंने 92 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की। यह सैमसन का 11वां प्रथम श्रेणी शतक था। संजू सैमसन पहले दलीप ट्रॉफी टीम में नहीं थे, लेकिन ईशान किशन के चोटिल होने के कारण चयनकर्ताओं को श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम डी में केरल के विकेटकीपर को प्रतिस्थापन के तौर पर शामिल करना पड़ा। सैमसन ने पहले राउंड में बेंच पर बैठने के बाद दूसरे राउंड में इंडिया ए के खिलाफ 5 और 40 रन बनाए थे।

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान ने तीसरे और अंतिम राउंड में इस मौके का पूरा फायदा उठाया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन ने सुनिश्चित किया कि इंडिया डी बल्ले से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखे। सैमसन ने इंडिया बी की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई के खिलाफ आक्रामक पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए, जिसमें मुकेश कुमार, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, राहुल चाहर



और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज शामिल थे।

सैमसन ने सारांश जैन और रिकी भुई के साथ मिलकर बेहतरीन साझेदारी की और आक्रामक भूमिका निभाई। इंडिया डी के शीर्ष तीन बल्लेबाजों देवदत्त पडिक्कल (50), केएस भरत (52) और रिकी भुई (56) ने अर्धशतक जमाए। सैमसन के शतक ने उन्हें पहली पारी में 349 रन के आसान स्कोर तक पहुंचाया।

इंडिया डी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और निशांत सिंधु (19) और कप्तान श्रेयस अय्यर (0) जल्दी आउट हो गए। हालांकि, सैमसन ने काउंटर-अटैकिंग पारी खेलकर सुनिश्चित किया कि इंडिया बी के गेंदबाज नियंत्रण न कर लें। सैमसन पहले दिन स्टंप्स तक 89 रन बनाकर नाबाद थे और उन्होंने शुक्रवार की सुबह अपना शतक पूरा कर लिया। नवदीप सैनी ने सैमसन को 101 गेंदों में 106 रन पर आउट कर दिया। यह शतक अक्टूबर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले संजू सैमसन के आत्मविश्वास को काफी बढ़ा देगा। 29 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केरल के लिए दमदार प्रदर्शन करके खुद को मैच में बनाए रखना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने बेहद प्रतिस्पर्धी दलीप ट्रॉफी में लाल गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# फिर चला चहल का जादू, 5 विकेट लेकर टीम को दिलाई शानदार जीत



**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड), एजेंसी।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए जिससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशर पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट लेने वाले चहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने नौवीं बार पांच विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी को 316 रन पर समेट दिया। नॉर्थम्पटनशर को इसके बाद जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और टीम ने 30.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई। चहल ने इस दौरान लीसेस्टरशर के कप्तान लुईस हिल (14), लियाम ट्रेवास्किस (2), स्कॉट करी (120) जैसे अहम बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने पिछले मैच की दो पारियों में भी 45 रन पर पांच और 45 रन पर चार विकेट लेकर डर्बीशर के खिलाफ अपनी टीम की 133 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।


# भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना और शीर्ष 10 में आना है, खेल मंत्री मांडविया का बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए। भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना और पदक तालिका में शीर्ष 10 में आना है। मांडविया ने पुणे के एसपी कॉलेज में 'विकसित भारत एंबेसडर-युवा कनेक्ट' पहल पर बोलते हुए कहा, विकसित भारत में खेल क्षेत्र को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है क्योंकि हमारा लक्ष्य हर क्षेत्र में खुद को विकसित करना है।

उन्होंने कहा, 2047 तक हमारा लक्ष्य खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम 2047 का मौका नहीं चूकें। हमें विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने होंगे। खेल मंत्री ने कहा, ऐसी प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए हमने खेलो इंडिया की शुरुआत की। खेलो इंडिया की मदद से युवा खिलाड़ियों को खेलने के अवसर मिलने चाहिए।

हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज कुसाले इस कार्यक्रम में मौजूद थे। मांडविया ने कहा, हमें खेल प्रतिभाओं की पहचान करनी होगी और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी होंगी।





आने वाले दिनों में ये प्रतिभायें स्वप्निल कुसाले जैसी खिलाड़ी बनेंगी। हमारा लक्ष्य 2036 ओलंपिक का आयोजन भारत में कराना है और हमारी योजना पदक तालिका में शीर्ष 10 में आने की है। भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए। भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा। ओलंपिक में 24 साल बाद ऐसा हुआ जब भारत का रैंक 70 से नीचे पहुंचा हो। इस बार भारत ने कुल छह मेडल अपने नाम किए जिनमें पांच कांस्य और एक रजत पदक शामिल है। वहीं, टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण के साथ सात पदक जीते थे।

**डेविस कप**

# इटली का सामना फाइनल आठ के पहले मैच में अर्जेंटीना से

**लंदन, एजेंसी।** मौजूदा डेविस कप चैंपियन इटली नवंबर में मलागा में फाइनल 8 नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए तैयार है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक धमाकेदार मुकाबले के लिए तैयार है। शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया है और वे 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के तटीय शहर मलागा में पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में मुकाबला करेंगे। विश्व नंबर एक जैनिक सिनर के बिना अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजयी रही इतालवी टीम नॉकआउट चरणों के लिए अपनी टीम को मजबूत करने की कोशिश करेगी। सिनर, जो ग्रुप चरण से चूक गए थे, अर्जेंटीना के खिलाफ इटली के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं, जो पहले से ही प्रतिभा से भरी टीम में जोश भर देंगे।



अर्जेंटीना ने ग्रेट ब्रिटेन और कनाडा जैसे दिग्गजों वाले कठिन ग्रुप को पार करके अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित किया। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के पास गत चैंपियन को चुनौती देने के लिए तैयार होने के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे, जिसमें दो एकल मैच और एक युगल निर्णायक मैच होगा जो प्रत्येक मुकाबले का परिणाम निर्धारित करेगा।इस बीच, डेविस कप इतिहास में 32 खिताबों के साथ सबसे सफल टीम, संयुक्त राज्य अमेरिका, 28 खिताबों के साथ दूसरे सबसे सफल देश ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए तैयार है। ग्रुप फाइनल के दौरान दोनों टीमों के प्रमुख खिलाड़ी गायब थे, लेकिन मलागा में दांव एक मजबूत अमेरिकी लाइनअप को एक दुर्जेय ऑस्ट्रेलियाई पक्ष के साथ आमने-सामने देख सकता है। अन्य क्वार्टर फाइनल में, मेजबान देश स्पेन का सामना नीदरलैंड से होगा, और कनाडा का सामना जर्मनी से होगा। स्पेन दुनिया के तीसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज़ पर भरोसा कर सकता है, जो उन्हें अपने घरेलू मैदान पर मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करता है।

# ट्रेविस हेड का फिर गरजा बल्ला, ब्लू जर्सी वाली इंग्लैंड के खिलाफ बनाया ये रिकॉर्ड

**लंदन, एजेंसी।** 19 नवंबर 2023 का दिन भारतीय फैंस से भुलाए नहीं भुलता. इस दिन ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया के चैंपियन बनने का सपना तोड़कर दोबारा से 2003 के वनडे वर्ल्ड कप जैसा जख्म दिया था. वहीं ट्रेविस हेड ने भारत की ब्लू आर्मी के सामने अपने करियर की सबसे यादगार पारी खेली थी. उन्होंने महज 120 गेंद में 137 रन ठोककर फाइनल को एकतरफा कर दिया था. हेड ने गुरुवार 19 सितंबर को एक बार फिर से इसी काम को ट्रेंट ब्रिज में दोहराया है. अब देखकर फैंस को लगने लगा है कि हेड को 19 तारीख और ब्लू जर्सी से कुछ खास लगाव है. इसलिए इस तारीख और इस रंग की जर्सी को देखते ही उनका बल्ला गरजने लगता है.

हेड ने की बाउंड्री की बरसात, बनाया ये रिकॉर्ड

ट्रेविस हेड का ब्लू जर्सी और 19 तारीख के साथ





पुराना नाता रहा है. इसकी शुरुआत भारत के खिलाफ 2023 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल से हुई थी. तब ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ 47 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद हेड ने 120 गेंद में 137 रन की यादगार पारी खेलकर भारत के चैंपियन बनने के सपने को चकनाचुर कर दिया था. इस दौरान उन्होंने 15 चौके और 4 छक्के जड़े थे. उन्होंने आईपीएल में यही काम मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी किया था. अब उनका बल्ला इंग्लैंड की ब्लू जर्सी वाली टीम के सामने गरजा है.

हेड ने ब्लू जर्सी वाली इंग्लैंड की वनडे टीम के खिलाफ महज 129 गेंद में 158 रन ठोक दिए. इस दौरान उन्होंने 20 चौके और 5 छक्के लगाए, यानि 110 रन सिर्फ बाउंड्री से बना दिए. इसके साथ इंग्लैंड के खिलाफ दो बार 150 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं.

इंग्लैंड के खिलाफ भी ऑस्ट्रेलिया लगातार अंतराल पर विकेट गंवा रही थी. लेकिन हेड ने एक छोर से अटैक जारी रखा और मुकाबले को एकतरफा कर दिया. उनकी बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 44 ओवर में 316 रन के लक्ष्य को चेज कर लिया. ये संयुक्त रूप से ऑस्ट्रेलिया की चौथी सबसे बड़ी चेज है.

## फैंस ने ऐसे किया रिएक्ट

हेड पिछले डेढ़ साल से जिस फॉर्म में उसने क्रिकेट फैंस को हैरत में डाल दिया है. इंग्लैंड के खिलाफ छक्के-चौकों की बरसात करता देख भारतीय फैंस को फिर से टीम इंडिया के खिलाफ फाइनल वाली पारी याद गई. उन्होंने हेड की तूफानी पारी को ब्लू जर्सी और 19 तारीख से जोड़ते हुए दिलचस्प तरीके से रिएक्ट किया है

# एनिमल फेम तृप्ति डिमरी को आए दिन मिल रहे हैं शादी के प्रपोजल



**एनिमल फेम अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने कहा कि उन्हें हाल ही में शादी के बहुत सारे प्रस्ताव मिले हैं और उन्हें यह बहुत अजीब लगता है। हाल ही में एक मैगजीन को दिए गए इंटरव्यू में तृप्ति डिमरी ने कहा कि उन्हें आजकल मैसेज से शादी के कई ऑफर मिल रहे हैं, मुझे यह बहुत अजीब लगता है।**

**हाल** ही में अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन में अपना लुक शेयर करते हुए एक वीडियो शेयर किया था। उनका यह लुक विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के ट्रेलर लॉन्च से था। इसमें वह फ्लोरल पैटर्न वाली साड़ी में नजर आ रही थी। उन्होंने मैचिंग दुपट्टा, चूड़ियां और सनग्लास के साथ अपने लुक को पूरा किया। वीडियो में उनसे पूछा गया कि क्या वह अपने 60 के दशक में होने के सपने को जी रही हैं, इस पर अभिनेत्री ने हां में जवाब दिया।

विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में राजकुमार राव, मल्लिका शेरावत, विजय राज और मुकेश तिवारी भी हैं। फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत अभिनेता राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी से होती हैं। दोनों अपनी शादी की पहली रात को यादगार बनाने के लिए बात करते हैं।

विक्की के किरदार में राजकुमार राव अपनी पत्नी विद्या से कहते हैं कि अंग्रेज अपनी सुहागरात की सीडी बनाते हैं और बुढ़ापे तक उसे देखते हैं, क्यों न हम भी सीडी बनाएं। ट्रेलर में आगे विक्की और विद्या की सुहागरात पर बनाई गई सीडी चोरी हो जाती है और यहीं से शुरू होती है सीडी की तलाश। फिल्म में भरपूर रोमांस, कॉमेडी और सस्पेंस हैं। दर्शकों को ट्रेलर पसंद आया है। फिल्म की मुख्य शूटिंग ऋषिकेश में की गई है और यह अप्रैल 2024 में पूरी होगी। फिल्म का निर्देशन आयुष्मान खुराना अभिनीत ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 के लिए मशहूर निर्देशक राज शांडिल्य ने किया है। रणबीर कपूर अभिनीत 'एनिमल' के बाद यह तृप्ति डिमरी की दूसरी फिल्म है। इससे पहले उनकी 'बैड न्यूज' हिट साबित हुई थी और अब वह 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसके बाद पाइपलाइन में 'भूल भुलैया 3' और 'धड़क 2' हैं।

# बच्चों के लिए खुद का स्क्रीन टाइम भी कम करती हैं करीना कपूर खान



**करीना** कपूर खान हिंदी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई सफल और यादगार फिल्मों में काम किया है। जब वी मेट और कभी खुशी कभी गम में उनकी भूमिका के लिए उन्हें आज भी काफी सराहनाएं मिलती हैं। अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में 25 साल पूरे कर लिए हैं। उनकी इस सफलता का जश्न मनाने के लिए उनकी फिल्मों के फेस्टिवल की तैयारी भी की जा सरही है। इस बीच अभिनेत्री ने अपने बेटों तैमूर और जहांगीर के स्क्रीन टाइम को मैनेज करने को लेकर बात की है एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि वह जब भी उनकी स्क्रीन टाइम को कम करने की कोशिश करती हैं, तो वो दोनों उनसे उनके स्क्रीन टाइम को लेकर सवाल पूछने लगते हैं।

बच्चे उदाहरण से सीखते हैं- करीना कपूर खान

अभिनेत्री के लिए दोनों बच्चों के स्क्रीन टाइमिंग को नियंत्रित करना काफी मुश्किल रहता है। उन्होंने कहा, सोमवार से शुक्रवार तक उनकी स्क्रीन टाइम कम रहती है, लेकिन वह हमेशा पूछते हैं कि फिर आप टीवी क्यों देख रहे हो आप अपने फोंन पर क्यों हो इन दिनों माता-पिता को भी वो सारी चीजें करनी पड़ती हैं, जो वह अपने बच्चों से कराना चाहते हैं। ऐसे में जब हम उन्हें सुलाना चाहते हैं, तो हम भी पढ़ते हैं और जब तक वो सो नहीं जाते, तब तक टीवी नहीं देखते। मुझे लगता है कि बच्चे उदाहरण से सीखते हैं, अगर वो हमें फोन पर देखेंगे, तो वो भी ऐसा करना चाहेंगे।

20 से 27 सितंबर तक चलेगा फिल्म फेस्टिवल

करीना कपूर खान अपनी आगामी फिल्म फेस्टिवल को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थीं। पीवीआर आईनॉक्स फिल्म इंडस्ट्री में उनके 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। ऐसे में उनकी कुछ चुनिंदा फिल्में 20 सितंबर से 27 सितंबर तक 15 शहरों और 30 से अधिक सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएंगी। इस फेस्टिवल में उनकी अशोका, कभी खुशी कभी गम, चमेली, ओमकारा, जब वी मेट और द बकिंघम मर्डर्स जैसी फिल्मों को दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने इससे संबंधित पीवीआर की पोस्ट को दोबारा से अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा करते हुए लिखा, मेरी रगों का जो खून, स्क्रीन पर जो जादू है, वो मेरा काम, जो मुझे पसंद है।



# हॉरर कॉमेडी मुंज्या से मिली पहचान जिसकी थी ख्वाहिश: शर्वरी



**फिल्म** 'मुंज्या' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री शर्वरी ने कहा कि इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने मुझे वो पहचान दी है, जिसकी मुझे ख्वाहिश थी। यह फिल्म थिएटर और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जबरदस्त हिट रही। दिनेश विजान द्वारा निर्मित और आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित यह फिल्म सिनेमाघरों में 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। थिएटर और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मिले प्यार को लेकर अभिनेत्री शर्वरी ने कहा, मैं वास्तव में भाग्यशाली हूं कि मुंज्या ने थिएटर, स्ट्रीमिंग और सैटेलाइट पर ब्लॉकबस्टर हैट्रिक बनाई है। मेरे जैसे किसी व्यक्ति के लिए अपने करियर के इस पड़ाव पर ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचना बहुत जरूरी है। आगे कहा, फिल्म 'मुंज्या' की अविश्वसनीय सफलता की कहानी का मतलब है कि मेरा प्रदर्शन इतने सारे लोगों तक पहुंच गया है। यह मेरे करियर की शुरुआत में एक बहुत बड़ा परिणाम है और मैं अपने निर्माता दिनेश विजन और अपने निर्देशक आदित्य सरपोतदार की वास्तव में आभारी हूं कि उन्होंने मुझे 'मुंज्या' के लिए चुना। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने से कम नहीं है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, पेशेवर तौर पर यह मेरे लिए एक बहुत बड़ा साल रहा है और मुंज्या ने मुझे वह पहचान दिलाई है, जो मैं चाहती थी। किसी फिल्म को दर्शकों से इतना सारा प्यार मिलना, अपने आप में बहुत बड़ी बात है। अभिनेत्री शर्वरी ने कहा कि मेरी मुंज्या की यात्रा काफी शानदार रही। आगे कहा, मुझे लगता है कि जो बात इसे और भी खास बनाती है, वह यह है कि मुझे अपने किरदार के साथ अपने गाने तरस के लिए भी बेहद प्यार मिला है। मैं इस चीज को लेकर बेहद रोमांचित थी कि मेरे निर्माता दिनेश विजान सर ने इस डांस सॉन्ग के लिए मुझ पर भरोसा किया। मैंने 'तरस' की शूटिंग के दौरान कड़ी मेहनत की।



# जलसा के पास अभिषेक बच्चन ने खरीदा अपार्टमेंट

**अभिषेक** बच्चन पिछले कुछ समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। अब अभिषेक को लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने एक अपार्टमेंट खरीदा है। यह अपार्टमेंट मुंबई के अपकमिंग शानदार प्रॉपर्टीज में है। इस अपार्टमेंट का जो खूबसूरत व्यू है वो है जुहू बीच का। हालांकि अभी प्रॉपर्टी की पेमेंट और बाकी डिटेल्स की जानकारी सामने नहीं आई है।

बॉम्बे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यह अपार्टमेंट अमिताभ बच्चन के घर जलसा के करीब है। कहा ऐसा भी जा रहा है कि इसी लोकेशन पर बच्चन परिवार की कई प्रॉपर्टी है जिसमें 5 बंगले और कुछ दूसरे अपार्टमेंट हैं। कई प्रॉपर्टीज एक ही बिल्डर की हैं जो बिग बी के फैन भी हैं। हालांकि जिस अपार्टमेंट को अभिषेक ने खरीदा है वो अलग बिल्डर है। बता दें कि 2 महीने पहले खबर आई थी कि अभिषेक ने ओबेरॉय रिएल्टी के एक शानदार प्रोजेक्ट में 6 अपार्टमेंट्स खरीदे हैं। जैप्की डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर ने इस प्रॉपर्टी पर 15.42 करोड़ खर्च किए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय कुमार ने भी इसी बिल्डिंग में इन्वेस्ट किया है। उनके भी कई रियल एस्टेट प्रॉपर्टीज हैं शहर में जिनके बीच व्यू हैं। अभिषेक की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट फिल्म घूमर में नजर आए थे। फिल्म में वह क्रिकेट कोच थे और उनके साथ सैयामी खेर थीं। वहीं अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह अब हाउसफुल 5 में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, फरदीन खान, पूजा हेगड़े और चित्रांगदा सिंह भी हैं।

# कैंसर को लेकर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक्टर को भी आना चाहिए आगे: रानी मुखर्जी



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस रानी मुखर्जी 22 सितंबर को वर्ल्ड रोज डे पर कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक को लाल रंग से रोशन करेंगी। वर्ल्ड रोज डे कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कैंसर रोगियों और उनके प्रियजनों के साथ एकजुटता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। एक्ट्रेस धर्मार्थ संगठन कैंसर मरीज सहायता एसोसिएशन के साथ जुड़ी हुई हैं। अब वह इस कार्यक्रम में युवा कैंसर रोगियों के साथ शामिल होंगी। रानी ने कहा, मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं कि मुझे ऐसे नेक मिशन का हिस्सा बनने के लिए चुना गया। इसके लिए मैं कैंसर मरीज सहायता एसोसिएशन को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा, जो लोग भी इस बीमारी से जूझ रहे हैं, उन्हें हमारे सपोर्ट और दया की जरूरत है। हमें लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक करना होगा।

# एक्टर दीपक तिजोरी ने विक्रम खाखर पर लगाया ठगी का आरोप



**अभिनेता** दीपक तिजोरी ने फिल्म प्रोड्यूसर विक्रम खाखर के खिलाफ ठगी का मामला अंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया है। पुलिस धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। अभिनेता को इस मामले में संतोषजनक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया है।

अभिनेता ने बताया कि उनकी 2019 में विक्रम खाखर से मुलाकात हुई थी। उन्होंने खाखर के सामने फिल्म बनाने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर खाखर ने उन्हें मदद का आश्वासन दिया था। अभिनेता ने बताया कि वह फिल्म की शूटिंग भारत में नहीं, बल्कि लंदन में करना चाहते हैं। खाखर ने कहा कि वो इसमें उनकी मदद कर सकते हैं। अभिनेता ने खाखर को 3 मार्च 2020 को फिल्म की शूटिंग में आने वाले खर्च के लिए 1 करोड़ 74 लाख रुपए भी दे दिए। इसी बीच, कोरोना ने दस्तक दे दी, तो खाखर ने अभिनेता से कहा कि कोरोना की वजह से सब कुछ बंद पड़ा है। इस वजह से अभी फिल्म की शूटिंग मुमकिन नहीं है। अभिनेता ने भी उनकी बात मान ली, लेकिन जब कोरोना का कहर थमा, तब भी खाखर ने अभिनेता को कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। वह फिल्म की शूटिंग को लेकर लगातार टालमटोल करते रहे। अभिनेता ने कई बार खाखर को इस संबंध में कभी फोन तो कभी मैसेज किए, लेकिन उनकी तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया।

इसके बाद अभिनेता का शक खाखर पर गहराया। अभिनेता ने आखिरी बार 14 मार्च 2024 को मैसेज कर अपने पैसे मांगे थे, तब भी उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस बीच, जब उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो उन्होंने पुलिस का रुख कर खाखर के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# हनीमून फोटोग्राफर किरदार ने वास्तव में मुझे अपने पैरों पर खड़ा किया: आशा नेगी

**आशा** नेगी अभिनीत मर्डर मिस्ट्री सीरीज हनीमून फोटोग्राफर के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका ट्रेलर जारी किया। ट्रेलर एक हनीमून गेटअवे के बारे में है, जो उस समय अराजकता में बदल जाता है जब दूल्हा समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। छह-एपिसोड की श्रृंखला में आशा को अंबिका नाथ की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है, जो अधीर ईरानी (साहिल सलाथिया) और जोया ईरानी (अपेक्षा पोरवाल) के लिए एक हनीमून फोटोग्राफर हैं। यह यात्रा जल्दी ही एक बुरे सपने में बदल जाती है, जब अधीर समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। अंबिका को पिछली रात की कोई याद नहीं है और अपने साथी रिहान (राजीव सिद्धार्थ) के लापता होने के कारण वह खुद को इस हत्या में मुख्य संदिग्ध पाती है। अंबिका का एकमात्र सहयोगी एल्विन (जेसन थाम) है, जो उसका दोस्त है और उसे निर्दोष साबित करने पर तुला हुआ है। अपने खुद के एजेंडे से प्रेरित होकर, पुलिसकर्मी दिव्या सावंत (संवेदना सुवालका) जांच का नेतृत्व करती है। आशा ने कहा, अपने करियर में मैंने कई भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर रोमांटिक और पारिवारिक रही हैं। मैंने हनीमून फ़ोटोग्राफर को एक ताजी हवा के झोंके के रूप में देखा, क्योंकि शो का आधार शीर्षक से आप जो अनुमान लगाते हैं, उससे बहुत अलग है। अंबिका एक बहुत ही बहुस्तरीय चरित्र है और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आप वास्तव में उसे विकसित होते हुए देखते हैं। इस किरदार ने मुझे वाकई चौंका दिया। शो का अपना रोमांच है, जिसमें बिल्ली और चूहे का पीछा करना और हर किरदार अपने-अपने कारणों से विजयी होने की कोशिश करना शामिल है। हिस्सा बनने में आया। शो में राजीव सिद्धार्थ और अपेक्षा पोरवाल भी हैं।